सुप्रभात
रांची, सोमवार
12.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़ कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 327



12 76 साल के हुए लालू, परिवार संग मनाया जन्मदिन

**न्यूज डायरी**

### ट्रेन से कट कर एक नवजात हाथी की मौत

**सरायकेला।** चांडिल अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा विहार रेलवे स्टेशन के पास शनिवार रात करीब तीन बजे मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी बच्चे की मौत हो गयी। करीब 17 जंगली हाथियों का झुंड गुंडा गांव के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। रात को हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी दौरान एक नवजात हाथी बच्चा ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही हाथी बच्चे की मौत हो गयी।

### दुधवा नेशनल पार्क में 4 बाघों की मौत

**लखनऊ।** यूपी के लखीमपुर खीरी जनपद में स्थित संरक्षित वन क्षेत्र दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में बीते 45 दिनों में 4 बाघों की मौत हो गयी है। इस मामले की सीएम योगी योगी आदित्यनाथ ने विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत को कहा है। वन मंत्री अरुण सक्सेना का कहना है कि रविवार को बाघ का जो शव मिला है उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अंदेशा है कि दूसरे बाघ या किसी अन्य जानवर से हिंसक झड़प होने के बाद बाघ की मौत हो गयी है। शव में कीड़े पड़ गये थे।

### कुलाधिपति की आज कुलपतियों संग बैठक

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के साथ 12 जून को राज्य के सभी विवि के कुलपतियों की बैठक होगी। बैठक में पूर्व के निर्णयों पर अब तक हुई कार्रवाई के अलावा नयी शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई तथा अन्य समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

### जानेमाने अभिनेता मंगल ढ़िल्लो का निधन

मुंबई। जानेमाने अभिनेता मंगल ढ़िल्लो का रविवार निधन हो गया। मंगल ढिल्लों लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। पिछले एक महीने से लुधियाना के कैंसर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था लेकिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई और 11 जून को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### पीएलएफआइ का एरिया कमांडर गिरफ्तार

रांची। चान्हो पुलिस ने पीएलएफआइ के एरिया कमांडर आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर यादव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह पीस पीएलएफआई का पर्चा , दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है।

### चास के बाल सुधार गृह से दो बंदी फरार

**बोकारो।** चास बाल सुधार गृह से दो बाल बंदी शनिवार शाम दीवार फांद कर वहां से भाग निकले हैं। अब तक उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। दोनों की सरगर्मी से खोज की जा रही है। बाल कैदी फरार होने की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि वहां के कर्मियों और सुरक्षा गाड्र्स की लापरवाही का फायदा उठाया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

# भारत ने रचा इतिहास : पहली बार जीता जूनियर महिला एशिया कप हॉकी

### चार बार की विजेता दक्षिण कोरिया पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

एजेंसी

**काकामिगहारा (जापान)।** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को इतिहास रच दिया है। चार बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को भारत ने फाइनल में 2-1 से पहली बार जूनियर महिला एशिया कप 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में टीम इंडिया के सामने टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम साउथ कोरिया थी। इस टूर्नामेंट का आयोजन 2021 में ही होना था लेकिन कोरोना की वजह से दो साल की देरी से खेला गया। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में अन्नू (22वां मिनट) और नीलम (41वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। कोरिया का एकमात्र गोल सियोओन पार्क (25वां मिनट) ने किया। इसी के साथ भारतीय टीम ने चिली में खेले जाने वाले एफआइएच महिला जूनियर विश्व कप 2023 में अपना स्थान पक्का किया। भारत खिताब जीतने वाला तीसरा देश है। साउथ कोरिया ने सबसे अधिक 4 बार, चीन ने 3 बार टूर्नामेंट पर कब्जा किया है। इस बार यह टूनामेंट 3 से 11 जून तक खेला गया। प्रतियोगिता में भारतीय टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों दीपिका सोरेन, महिमा टेटे और रोपनी ने अपना जलवा बिखेरा। फाइनल मुकाबले में पहले 20 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ। 22वें मिनट में भारत की अन्नू ने गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि 25वें मिनट पर कोरिया के लिए सियोन पार्क ने गोल करके स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे हॉफ में 41वें मिनट में नीलम ने गोल करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी।



(शेष पेज 11 पर)

## आइपीएल के शेर डब्ल्यूटीसी के फाइनल में ढेर

### भारत का सपना फिर टूटा, आस्ट्रेलिया बना चैंपियन

**ऑस्ट्रेलिया : 469 व 270/8 घोषित, भारत : 296 एवं 234 रन**

लंदन। आइपीएल में रनों की झड़ी लगानेवाले भारीय शेर डब्ल्यूटीसी 2023 के फाइनल मुकाबले में पूरी तरह ढेर हो गये। दूसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया। लंदन के द ओवल मैदान पर खेले गये इस खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से जीत दर्ज कर पहली बार चैंपियन बन कर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में एमएस धौनी के नेतृत्व में आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में टीम इंडिया के पास एक दशक बाद पहला कोई आइसीसी खिताब जीतने का मौका था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

इस फाइनल से ठीक पहले भारतीय खिलाड़ियों ने करीब दो महीने तक इंडियन प्रीमियर लीग भी खेला था। आइपीएल के तुरंत बाद ही भारतीय खिलाड़ी लंदन के लिए रवाना हो गये। भारतीय टीम की सबसे बड़ी कमजोर टॉप ऑर्डर का फ्लॉप होना रहा। ओपनर शुभमन गिल (13, 18) दोनों पारियों में नहीं चल सके। कप्तान रोहित (15, 43) खुद भी दोनों पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। विराट कोहली (14, 49) भी मैच विनिंग पारी नहीं खेल सके। चेतेश्वर पुजारा भी फ्लॉप रहे। भारत को आखिरी दिन 280 रन बनाने थे और उसके 5 विकेट बचे थे। विराट और जडेजा एक ही ओवर में बोलैंड के शिकार बने और इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम का सपना चकनाचूर हो गया।

( विस्तार से खेल पेज पर)

## झारखंड में 16 तक हीटवेव की चेतावनी, अलर्ट, सतर्कता जरूरी

# सभी स्कूल 14 तक बंद

### आदेश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 16 जून तक हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने रविवार को स्पेशल बुलेटिन जारी करके यह चेतावनी दी है। विभाग ने कम से कम 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रचंड गर्मी और हिटवेव को देखते हुए सरकार ने झारखंड के सभी सरकारी और निजी स्कूल 12 जून से 14 जून तक बंद रखने का फैसला किया है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के हस्ताक्षर से रविवार को यह आदेश आज जारी कर दिया गया है। रवि कुमार ने कहा कि आगे जैसा परिस्थिति बनेगा, उसके हिसाब से सरकार आगे भी स्कूल बंद रखने पर निर्णय ले सकती है। मौसम विभाग के रविवार को जारी अलर्ट और पूर्वानुमान में कहा गया है कि 16 जून तक भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलनेवाली है।



**पढ़ाई की होगी भरपायी :** आदेश में कहा गया है कि फिलहाल स्कूल 14 जून तक के लिए बंद किए गये हैं। सचिव ने कहा है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा। यह आदेश 12 जून (सोमवार) से 14 जून, 2023 (बुधवार) तक लागू रहेगा। राज्य के सरकारी स्कूल 5 जून को खोल दिये गये थे, जबकि निजी स्कूल सोमवार से खुलने वाले थे। बढ़ती गर्मी और तपती धूप को देखते हुए कई संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार को पत्र लिखकर गर्मी छुट्टी बढ़ाने की मांग की थी।सरकार के इस कदम का कई संगठनों ने स्वागत किया है। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है शिक्षा सचिव का आदेश

शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय पर लागू होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## मझिआंव सीएचसी की तीन कर्मी गिरफ्तार

### मृत नवजात को जलते कचरे में फेंकना अमानवीय : एसडीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**खबर मन्त्र असर**


नवजात के शव को दाई ने जलते कचरे में फेंका

**गढ़वा।** मझिआंव सीएचसी में शनिवार को मृत नवजात को जलते गटर में फेंकने के मामले में पुलिस ने घटना में संलिप्त एएनएम मंजू कुमारी, जीएनएम निर्मला कुमारी और दाई दौलत कुंवर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम पूरे मामले की जानकारी लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने उस गटर का भी निरीक्षण किया और इस घटना को अमानवीय बताया।

उन्होंने कहा कि घटना शर्मसार कर देने वाली है। पूरी घटना से अवगत होने के बाद उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ को इस मामले को लेकर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश के बाद पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार और थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो महिला पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचे और इस घटना में संलिप्त तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना पर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पूछताछ में दाई दौलत कुंवर ने कहा कि मृत बच्चा पैदा होने पर एएनएम मंजू कुमारी और जीएनएम निर्मला कुमारी के कहने पर उसने नवजात मृत बच्चे को जलते गटर में फेंका था। वहीं शनिवार को दाई ने स्वीकार किया था कि उसने खुद ही नवजात शव को जलते गटर में फेंका था। (शेष पेज 11 पर)

## राजधानी को छोड़ बंद का दूसरे दिन मिलाजुला असर

### बसें कम चलीं, रोड जाम करने से परेशानी बढ़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 60-40 वाली नियोजन नीति का विरोध कर रहे छात्र संगठनों को दो दिवसीय झारखंड बंद के दूसरे दिन रविवार को जहां-तहां टायर जलाकर सड़क पर जाम लगा दिया। दूसरे दिन भी तमाम जिले से लंबी दूरी की बसें नहीं चलीं। बंद का सबसे अधिक असर संथाल परगना में देखने को मिला।

बंद का असर रांची को छोड़ राज्य के दूसरे हिस्से में देखने को मिल रहा है। बस स्टैंड से बसें काफी कम खुली। बस स्टैंड सहित शहर के अन्य हिस्से में सन्नाटा पसरा रहा। रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग आदि में भी बंद पूरी तरह तो नहीं , पर उसका असर दिखायी दिया। राजधानी रांची समते अन्य जहगों पर आंशिक असर रहा। रांची में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के नेता देवेंद्र महतो समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया गया था, बाद में शाम में सभी को रिहा कर दिया गया।

रविवार को बंद के दूसरे दिन दुमका में आंदोलनकारी छात्र डटे रहे। भीषण गर्मी भी छात्रों का हौसला पस्त नहीं कर पायी और चिलचिलाती धूप में भी बंद को सफल बनाने सड़कों पर उतरे। हर जगह सुरक्षा में पुलिस के जवान तैनात दिखे। (शेष पेज 11 पर)

### पटना-रांची वंदे भारत का ट्रायल रन आज

**रांची।** देश में ही नवनिर्मित, सेमी हाईस्पीड और आधुनिक खूबियों वाला वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज पटना से रांची के बीच ट्रायल रन होगा। पटना जंक्शन से सुबह 6:55 में यह ट्रेन खुलेगी। महज 6 स्टेशनों पर इसका स्टॉपेज होगा, जिनमें जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग, मेसरा स्टेशन शामिल हैं। अभी तक गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही इसके ठहराव का समय तय किया गया है। इसके अलावा बाकी स्टेशनों के लिए समय तय किया जाना बाकी है। पटना से खुलने के बाद यह सुबह 8:20 बजे गया पहुंचेगी। यहां 10 मिनट के ठहराव के बाद दोपहर 11:30 बजे बरकाकाना और दोपहर 1 बजे रांची पहुंचेगी।

# पूर्व नक्सली मसीह चरण पूर्ति के गांव में बन रहा अस्पताल

### ओपीडी सेवा से ग्रामीण खुश, 34 एकड़ में बनेगा अस्पताल

कुबेर सिंह

**रांची।** कभी जिसका नाम सुन कांप उठते थे लोग, अब वही बड़का उग्रवादी मसीह चरण पूर्ति के गांव में अस्पताल बन रहा है। यह अस्पताल करीब 34 एकड़ में बन रहा है। अस्पताल का निर्माण करनेवाले पूर्व राज्यमंत्री अशोक भगत ने वहां ग्रामीणों की मदद के लिए ओपीडी सेवा भी शुरू कर दी है। जिस गांव यानि जियारप्पा गांव, पूर्व के नक्सली मसीह चरण पूर्ति का गांव है। मसीह चरण पूर्ति भी गांव में बन रहे अस्पताल का समर्थन कर रहा है।



12 साल खूंटी जेल में बिताने के बाद मसीह चरण पूर्ति 2020 में जेल से बाहर निकला है। दिन रात खून खराबा, गोली, बम, बारूद और पर्चा लिखने और भेजने में माहिर पूर्ति के मन को रिटायर्ड आइपीएस सुधीर कुमार झा ने बदल दिया है। मसीह चरण पूर्ति पूर्व में छात्र जीवन में बीडीओ बनना चाहता था, लेकिन वह जंगल का बड़का उग्रवादी बन गया। मसीह चरण पूर्ति अब पूरी तरह से सामाजिक हो चुका है, उन्होंने खूंटी विधानसभा का चुनाव भी लड़ा और वर्तमान में समाज को मुख्यधारा में लाने में जुटा हुआ है।

> अस्पताल के खुलने से न सिर्फ जियारप्पा गांव की तकदीर बदलेगी, बल्कि इस अस्पताल में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, तोरपा, चाईबासा के लोगों को भी मेडिकल सुविधा प्रदान हो सकेगा।
>
> **अशोक भगत**
> **ट्रस्टी, बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल**

अस्पताल बनने से मसीह चरण पूर्ति भी खुश है, क्योंकि अस्पताल बनने से गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य के कारण किसी की जिंदगी नहीं जाएगी।

(शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

**अपील**

बाल श्रम एक सामाजिक कुप्रथा है, जो देश के भविष्य बच्चों के समेकित रूप से होने वाले विकास पर कुप्रभाव डालता है।

**बाल एवं अल्पव्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986** के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नियोजन करना संज्ञेय (cognizable) अपराध है। नियोजित करने वाले ऐसे नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाती है।

अत: सभी राज्यवासियों से अपील है कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें। बाल श्रमिकों का नियोजन न करें और नियोजन करने वाले को भी रोकें

बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु जिला के उपायुक्त/श्रम कार्यालय अथवा
**टॉल फ्री नंबर-18003456526** पर सूचित करें।

"बच्चों को पढ़ने दें
उन्हें आगे बढ़ने दें"



PRNO 299770 ( Labour Employment and Training) IPRD 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल की आज कुलपतियों के साथ बैठक

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन 12 जून को राज्य के सभी विवि के कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक राजभवन में दिन के साढ़े 10 बजे से होगा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व के निर्णयों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, इसके अलावा नयी शिक्षा नीति के तहत पठन-पाठन पर बात होगी। साथ ही अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई, शिक्षकों की नियुक्ति, विवि सेवा आयोग के गठन, झारखंड पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की प्रोन्नति, सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं पर भी बात करेंगे।

### भाजपा के विधानसभा की संयुक्त सम्मेलन आज

**रांची।** भाजपा की ओर से रांची विधान सभा की संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सोमवार को अपराह्न 3 .30 बजे से रातू रोड स्थित गामा सिंह स्मृति सभागार किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के कद्दावर नेता विधान पार्षद प्रोफेसर राम सिंदे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा नगर विधायक सीपी सिंह व कई गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में रांची विधान सभा में निवास करने वाले सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण एवं कार्य समिति सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

## 18 से 20 जून तक संथाल से होकर झारखंड में मॉनसून करेगा प्रवेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केरल में मॉनसून ने दस्तक दे दी है लेकिन झारखंड के लोगों को अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में अभी गर्मी का असर रहने का पूर्वानुमान है। उन्होंने बताया कि केरल तट पर सामान्य तौर पर 1 जून तक मॉनसून प्रवेश हो जाता था लेकिन इस बार 8 जून को मॉनसून का आगमन हुआ। केरल में मॉनसून आने के बाद झारखंड में इसके प्रवेश के लिए 10 से 12 दिनों का समय लगता है। इस प्रकार झारखंड में 18 जून से 20 जून तक मॉनसून प्रवेश कर जायेगा। उन्होंने बताया कि आज सोमवार से कुछ जिलों में प्री-मॉनसून बारिश होगी।

## झारखंड में जेएमएम नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में कांग्रेस दूसरे नंबर का घटक दल

# अल्पसंख्यकों की उपेक्षा से नाराज कांग्रेस के शहजादा अनवर ने अनशन की दी चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महागठबंधन सरकार में अल्पसंख्यक समुदाय की हो रही उपेक्षा से नराज प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने अनशन करने की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार में कांग्रेस दूसरे नंबर का घटक दल है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर मानसून सत्र से पहले हेमंत सरकार अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं करती तो वह बापू वाटिका के पास अनशन पर बैठ जाएंगे। इशारों इशारों में ही उन्होंने कहा कि जब वह अनशन पर बैठेंगे तो उनके जमात के लोग भी उनके साथ होंगे।



### अल्पसंख्यक समुदाय की उपेक्षा चिंताजनक

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा है कि राज्य में अब तक अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं हो पाना एक असाधारण विलंब है। वह अभी भी आशान्वित हैं कि जल्द राज्य में अल्पसंख्यक आयोग का गठन हो जाएगा, इसके साथ ही राज्य में वक्फ बोर्ड के खाली पद को भरने, मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, बुनकर कमीशन का गठन भी सरकार जल्द कर देगी। उन्होंने कहा कि वह अल्पसंख्यकों के हितों को देखते हुए संवैधानिक पदों को शीघ्र भरे जाने को लेकर आशांवित हैं, सेकुलर सरकार में ऐसी देरी ठीक नहीं है।

### प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पार्टी फोरम पर रख चुके हैं अपनी बात

शहजादा अनवर ने कहा है कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय को उनका संवैधानिक हक भी नहीं मिल रहा है। ऐसे में 17 जिलों के अल्पसंख्यक नेताओं के साथ उन्होंने अपनी बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता अलमगीर अलम के समक्ष रख चुके हैं। बावजूद इसके अगर जल्द अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं होता और माइनॉरिटी से जुड़े अन्य संस्थाओं के खाली पदों को नहीं भरा जाता, तो उनके पास मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में अनशन पर बैठने के सिवा कोई और रास्ता नहीं बच जाता।

### मॉब लिंचिंग कानून पर चेतावनी के बाद बनी सहमति

इससे पहले 17 मई को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने राजभवन से वापस कर दिए गए मॉब लिंचिंग कानून विधायक को फिर से विधानसभा से पारित कराकर राजभवन भेजने की मांग करते हुए चेतावनी दी थी। इस चेतावनी का असर यह हुआ कि 10 जून 2023 को झारखंड राज्य समन्वय समिति की बैठक में मॉब लिंचिंग कानून को लेकर चर्चा हुई। यह सहमति भी बनी कि सरकार फिर से विधानसभा से पारित कराकर मॉब लिंचिंग विधेयक को कानून बनाने के लिए राजभवन भेजेगी।

### जनता की भावनाओं को उठाना संगठन का काम: राकेश सिन्हा

अपनी ही सरकार में राज्य के अल्पसंख्यकों को उनके हक अधिकार से लंबे दिनों से वंचित रखे जाने के शहजादा अनवर के आरोप पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा है कि संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते वह अपना फर्ज निभा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भले ही कांग्रेस सत्ता में शामिल है, लेकिन अगर आमजन के बीच किसी भी मुद्दे पर सरकार को लेकर संदेश ठीक नहीं जा रहा है तो जनता की बात सरकार तक पहुंचाना भी संगठन का काम है।

राकेश सिन्हा ने उम्मीद जताई कि अब राज्य में बोर्ड निगम के गठन की शुरूआत हो चुकी है। जल्द ही अल्पसंख्यक समुदाय के इच्छा के अनुरूप राज्य में अल्पसंख्यक आयोग, अल्पसंख्यक वित्त निगम, उर्दू एकेडमी का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि उनके कार्यकारी अध्यक्ष को अनशन पर बैठने की नौबत नहीं आएगी।

## हेडमास्टर विहीन हो गये हैं प्रदेश के मिडिल स्कूल

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड अलग राज्य के बाद अब तक मध्य विद्यालय में एक भी हेडमास्टर के पद पर प्रमोशन नहीं होने से राज्य के मध्य विद्यालय हेडमास्टर विहिन हो गये हैं। वर्तमान में प्रदेश के मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के कुल 3226 पद सृजित हैं। इनमें से वर्तमान में 3200 पद रिक्त हैं। मालूम हो कि प्रत्येक माह हेडमास्टर सेवानिवृत्त हो रहे हैं लेकिन उनके स्थान पर नियुक्ति नहीं हो रही है। हेडमास्टर की नियुक्ति के बिना स्कूलों में गुणवतापूर्ण शिक्षा की बात बेमानी है। हेडमास्टर का पद रिक्त होने के कारण सीधा असर स्कूलों के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है। स्थाई हेडमास्टर की तरह प्रभारी हेडमास्टर में आत्मविश्वास नहीं होता, क्योंकि प्रभारी हेडमास्टर को लगता है कि कुछ दिन के लिए ही बने हैं। स्थाई हेडमास्टर के आते ही पद से हट जाएंगे। प्रमोशन को लेकर कोर्ट ने राज्य सरकार को कई बार आदेश भी दिया, बावजूद प्रमोशन के प्रति शिक्षा विभाग कभी गंभीर नहीं हुआ। प्रोन्नति नियमावली में आदेश है कि प्रत्येक वर्ष प्रमोशन के लिए वरीयता सूची के निर्माण दिसंबर माह में करना है और एक अप्रैल में प्रमोशन का पद की सूची प्रकाशित कर देना है। ग्रेड एक से आठ तक के सभी ग्रेडों में अहर्ताधारी शिक्षकों को प्रमोशन दे देना है परंतु राज्य के डीएसई प्रमोशन के कार्य में कभी कोई रुचि नहीं लेते। शिक्षा विभाग भी उक्त अधिकारियों पर कोई दबाव नहीं बनाते, जबकि झारखंड सरकार में सभी संवर्ग में समय पर प्रमोशन दिया जा रहा है। चाहे सचिवालय सहायक हों, आईएएस अधिकारी हों या पुलिस विभाग। परंतु विडंबना है कि शिक्षकों को 25 वर्षों से प्रोन्नति नहीं मिली है।

| जिला | पद | कार्यरत |
|---|---|---|
| रांची | 299 | शून्य |
| धनबाद | 237 | शून्य |
| सरायकेला | 100 | शून्य |
| चतरा | 81 | शून्य |
| खूंटी | 65 | शून्य |
| हजारीबाग | 124 | शून्य |
| रामगढ़ | 53 | शून्य |
| सिमडेगा | 80 | शून्य |

| जिला | पद | कार्यरत |
|---|---|---|
| लोहरदगा | 74 | शून्य |
| कोडरमा | 53 | शून्य |
| साहेबगंज | 87 | शून्य |
| पाकुड़ | 81 | शून्य |
| दुमका | 195 | 3 |
| लातेहार | 120 | 6 |
| गुमला | 118 | शून्य |
| जामताड़ा | 103 | 2 |

| जिला | पद | कार्यरत |
|---|---|---|
| पूर्वी सिंहभूम | 195 | शून्य |
| प. सिंहभूम | 160 | शून्य |
| देवघर | 167 | शून्य |
| गढ़वा | 145 | 7 |
| पलामू | 222 | 24 |
| बोकारो | 116 | 3 |
| गिरिडीह | 170 | 3 |
| गोड्डा | 173 | 26 |

**क्या कहते हैं संगठन के अधिकारी :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि 16 जिलों में एक भी हेडमास्टर नहीं है। 8 जिलों में भी काफी कम है। रिक्त पदों पर समय रहते योग्य शिक्षकों को हेडमास्टर बनाया जाए, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य हो सके। ध्यान रहे कि प्रदेश में सभी संवर्ग में तय समय पर प्रोन्नति हो रही है परंतु शिक्षकों को 25 वर्षों से प्रमोशन की आस में कितने सेवानिवृत्त और कितने काल के गाल में समा गए।

## बच्चों की पढ़ाई को लेकर कोई समझौता नहीं : के रवि कुमार

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर हो, परिणाम में सुधार हो इसको लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। अब शिक्षा विभाग शिक्षकों पर लगाम कसने की तैयारी कर रही है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रविकुमार राज्य के सारे डीईओ व डीएसई के साथ बैठक कर सख्त हिदायत दी है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर किसी तरह के समझौता नहीं होगा। उन्होंने डीईओ-डीएसई से कहा कि अब बहाना नहीं चलेगा। बच्चों का रिजल्ट बेहतर चाहिए। उन्होंने कहा कि कोडरमा के स्कूलों ने अपनी योजनाओं पर काम किया और उसका रिजल्ट बेहतर रहा। कोडरमा के सरकारी स्कूल ऐसा कर सकते हैं तो और सरकारी स्कूल क्यों नहीं? हमें योजना बनानी होगी और उस पर अमल कर अच्छे रिजल्ट के लिए तैयारी करनी होगी।

**उत्कृष्ट विद्यालयों में लगाये जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे :** विभाग ने राज्य के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरा से लैस करने की योजना बनायी है। इन कैमरों के जरिए स्कूल की लाइव निगरानी की जाएगी। उत्कृष्ट विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम अब अपने अंतिम चरण पर है। अगले चरण में 335 मॉडल स्कूलों में कैमरे लगाने की योजना है। शिक्षा सचिव रवि कुमार ने कहा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा एक पोर्टल बनेगा। इस पोर्टल पर लॉग-इन करने के बाद कोई भी अधिकारी इन स्कूलों की गतिविधियों को देख सकता है।

## भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया कल से झारखंड दौरे पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया 13 जून से झारखंड के विभिन्न जिलों में तीन दिवसीय प्रवास करेंगी। वह केंद्र की नमो सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर देंगी। वहीं, रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे 12 से 15 जून को संथाल परगना एवं कोल्हान के पार्टी कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम सिन्दे 12 से 15जून तक रांची, खूंटी एवं जमशेदपुर जिला के प्रवास पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी 12 एवं 13जून को पाकुड़ एवं साहेबगंज जिला के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की 9वर्ष की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने केलिये महा जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चल रहा है। लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रम लगातार जारी हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवम प्रदेश नेतृत्व ने नेताओं के कार्यक्रम निर्धारित किये हैं। वसुन्धरा राजे सिंधिया महा जनसंपर्क अभियान और अधिक सफल बनाने केलिए 13जून को 1बजे अपरा? बाबा बैजनाथ की पवित्र धरती देवघर पहुंचेंगी। 3बजे अपरा? सिंधिया देवघर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। 14जून को वसुंधरा राजे प्रातः 8बजे बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 11बजे पूर्वा? प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी। 1.30बजे दुमका जिलांतर्गत कैराबनी में जनसभा को संबोधित करेंगी। गिरिडीह लौटने के क्रम में सिंधिया कर्णपुरा एवम झगरी में पार्टी द्वारा आयोजित संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगी। वसुंधरा राजे का रात्रि विश्राम गिरिडीह परिसदन में होगा। वह 15जून को 11बजे पूर्वा? गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित करने के प?ात वे डुमरी में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगी। 1बजे अपरा? बगोदर में जनसभा को संबोधित करेंगी। शाम 5.30बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची पहुंचकर रात्रि 8बजे सेवा विमान द्वारा नई दिल्ली केलिये प्रस्थान करेंगी। रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे 12जून को 11बजे महेशपुर के कल्याण छात्रावास मैदान में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 14जून को 11बजे पूर्वा? मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के सोनुवा में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन तथा 3बजे अपरा? चक्रधरपुर में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम को वे वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ बैठक एवं संपर्क से समर्थन अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे। 15जून को श्री दानवे 11बजे पूर्वा? चैतगढ़ में जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 2.30बजे नेवटिया में वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ बैठक, संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगे। 4बजे अपरा? चाईबासा में प्रेसवार्ता भी आयोजित है बाबूलाल मरांडी 12 एवं 13जून को पाकुड़ तथा

## प्रदेश भाजपा ने राज्य समन्वय समिति की बैठक को बताया महज आईवॉश

*दूसरी ओर समन्वय समिति की बैठक में नियोजन नीति और आरक्षण बढ़ाने जैसे बिल की त्रुटि दूर कर लागू करने का सुझाव राज्य सरकार को दिया गया*

**उदय चौहान**

**रांची।** लगभग सात माह बाद राज्य समन्वय समिति की बैठक के बाद राजनीति तेज हो गयी है। जहां राज्य समन्वय समिति ने नियोजन नीति व आरक्षण बढ़ाने जैसे विधेयक की त्रुटि दूर कर लागू करने का सुझाव दिया है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने इसे महज आईवॉश करार दिया है। भाजपा ने कहा है कि राज्य समन्वय समिति की बैठक में भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि-व्यवस्था जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिये थी। बावजूद इसके राज्य समन्वय समिति की बैठक में सिफ सरकार का गुणगान किया गया। समिति ने हेमंत सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति, एसटी-एससी और ओबीसी आरक्षण कोटा बढ़ाने में आ रही अड़चनों को दूर कर जल्द से जल्द लागू कराने का सुझाव दिया है। यह भी निर्णय लिया गया कि सरना धर्म कोड के लिए राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेगा। सूत्रों के अनुसार समिति ने सरकार से निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं के लिए नौकरी सुनिश्चित करने का सुझाव दिया है। झामुमो अध्यक्ष सह सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक को कई मायनों में खास माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि समन्वय समिति की अब प्रति माह बैठक होगी। समिति जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार को सुझाव देगी। समिति अपने दायित्वों का पालन कर रही है और ज्वलंत मुद्दों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रही है। दूसरी ओर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने समन्वय समिति की बैठक को लेकर राज्य सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति की पहली बैठक ने राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि बैठक केवल औपचारिकता मात्र बनकर रह गई। उन्होंने कहा कि राज्य के ज्वलंत मुद्दों में आकंठ भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, हजारों बहन बेटियों के साथ घट रही दुष्कर्म की घटनाएं, बेटियों की नृशंस हत्या, जमीन की लूट, खान खनिज की लूट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे समन्वय समिति के एजेंडे में शामिल नहीं हुये। उन्होंने यह भी कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति पर समन्वय समिति ने खुद अपनी सरकार को ही आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति ने जन भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति की बात की है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जनभावनाओं पर खरी नहीं उतर रही है। हजारों युवा बेरोजगार सड़कों पर उतरकर सरकार की नीति का प्रबल विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आंदोलन के लिए मजबूर किया जा रहा है। राज्य सरकार की न नीति साफ है, न नीयत ही। उन्होंने कहा कि राज्य में रोज नये-नये घोटाले उजागर हो रहे हैं। भ्रष्ट ऑफिसर्स, दलाल, बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। ईडी की कार्रवाई में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ में लगातार वृद्धि हुई है। राज्य की डेमोग्राफी में स्पष्ट परिवर्तन झलक रहा है लेकिन समन्वय समिति ने इस मुद्दे को राज्य के ज्वलंत मुद्दों में शामिल नहीं किया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का मामला ठंडे बस्ते में है। नेता प्रतिपक्ष के बिना लोकायुक्त, सूचना आयोग, महिला आयोग का गठन नहीं हो सका है। फिर भी यह मुद्दा समन्वय समिति का एजेंडा नही बना। इतना ही नहीं वित्त आयोग गठित नही होने से केंद्रीय अनुदान के हजारों करोड़ रुपये राज्य के लिए लंबित है, इसपर समिति मौन रही। उन्होंने कहा कि भाजपा जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा ने लगातार सदन से सड़क तक जन मुद्दों को उठाया है। जो आगे भी जारी रहेगा।

## डुमरी उपचुनाव को लेकर झामुमो की प्रतिष्ठा दांव पर, एनडीए ने अबतक नहीं खोला है पत्ता, मुकाबला दिलचस्प होने के आसार

# डुमरी विधानसभा क्षेत्र में जल्द बजेगी चुनावी डुगडुगी, तैयारी में जुट गयीं पार्टियां

*कुछ ही दिनों में डुमरी उपचुनाव की डुगडुगी बजने वाली है। राजनीतिक दलों ने इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जेएमएम, कांग्रेस, बीजेपी और आजूस अपने-अपने कार्यकर्ताओं को मोबलाइज करने लगे हैं। महागठबंदन की ओर से तय है कि वहां से जेएमएम चुनाव लड़ेगा, लेकिन एनडीए में यह तय नहीं हो पाया है। क्या हैं संभावनाएं और क्या कहते हैं आंकड़े, सबकुछ जानिए इस स्पेशल रिपोर्ट में...*



**सत्येन्द्र**

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असमय निधन के बाद खाली हुई डुमरी विधानसभा सीट पर होनेवाले उपचुनाव को लेकर जल्द ही डुगडुगी बजनेवाली है। राजनीतिक दलों ने इसे लेकर अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। जेएमएम, कांग्रेस, बीजेपी और आजूस अपने-अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में जुट गयीं हैं। महागठबंधन की ओर से तय है कि उस सीट से झामुमो ही चुनाव लड़ेगा। वहीं एनडीए ने अपना पत्ता नहीं खोला है।

मालूम हो कि जगरनाथ महतो के असमय निधन की वजह से खाली हुई सीट पर झामुमो की प्रतिष्ठा दावं पर है। इस सीट पर होनेवाले उपचुनाव में एनडीए जीत दर्जकर अगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन को चुनौती देना चाह रही है। वैसे राज्य बनने के बाद 2005 में हुए चुनाव के बाद से ही इस सीट पर झामुमो का कब्जा रहा है। अबतक हुए चार विस चुनाव में जगरनाथ महतो ही जीतते रहे। हालांकि एकीकृत बिहार के दौर में साल 2000 में हुए चुनाव में जदयू की टिकट पर लालचंद महतो जीते थे। उस वक्त भी उनका सामना जगरनाथ महतो से ही हुआ था। लेकिन समता पार्टी के टिकट पर उतरे जगरनाथ महतो महज 6,725 वोट के अंतर से हारे थे।

डुमरी के टाइगर कहे जाने वाले जगरनाथ महतो इस दुनिया में नहीं हैं। इसके बावजूद झामुमो को इमोशनल फैक्टर पर भरोसा है। माना जा रहा है कि इस उपचुनाव में दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी को मैदान में उतारा जा सकता है। हालांकि उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो भी पिता की विरासत को संभालने के लिए वोटरों के बीच पहुंचना शुरू कर चुके हैं लेकिन पार्टी उनपर दांव लगाने को तैयार नहीं दिख रही है। वहीं आजसू और भाजपा का स्टैंड अबतक क्लियर नहीं हुआ है कि प्रत्याशी कौन देगा लेकिन दोनों पार्टियां संगठन को एक्टिव करने में जुटी हुई हैं।

झामुमो सूत्रों के मुताबिक दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को उपचुनाव में उतारने की तैयारी है। उनके साथ लोगों की संवेदना भी जुड़ी हुई है। टाइगर के रूप में चर्चित रहे दिवंगत जगरनाथ महतो का डुमरी विस में जबरदस्त दबदबा था। वह पार्टी लाइन से हटकर क्षेत्र के हर तबके के सुख-दुख में शामिल हुआ करते थे। डुमरी में इस परिवार की जबरदस्त पैठ के बावजूद पार्टी कोई रिस्क लेने को तैयार नहीं है। चर्चा है कि उपचुनाव से पहले यहां भी मधुपुर वाला कार्ड खेला जा सकता है। जिस तरह से हाजी हुसैन अंसारी के निधन पर उनके पुत्र हफीजुल हसन को चुनाव से पहले ही मंत्री बना दिया गया था, वहीं फॉमूर्ला डुमरी में भी अपनाया जा सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि बेबी देवी को बहुत जल्द मंत्री पद की शपथ दिलायी जा सकती है। वैसे दिवंगत जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो की भी चर्चा थी लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि अभी उनकी उम्र 25 साल नहीं हुई है। कम उम्र को देखते हुए पार्टी भी रिस्क लेना नहीं चाह रही है। सूत्रों का कहना है कि इस मसले पर बेबी देवी और अखिलेश महतो की सीएम के साथ पिछले दिनों बैठक भी हो चुकी है।

अब सवाल है कि आजसू क्या करेगी। इस मसले पर आजसू नेता देवशरण भगत ने बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी अपनी तैयारी में जुटी हुई है। अबतक सभी पांच उपचुनाव में गठबंधन धर्म का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू के पास है। इसी लोकसभा क्षेत्र में डुमरी है बावजूद इस उपचुनाव में भी दोनों पार्टियों के शीर्ष नेता विचार करेंगे कि आगे क्या करना है। दूसरी तरफ रामगढ़ उपचुनाव में सहयोगी दल आजसू उम्मीदवार के जीतने से भाजपा उत्साहित है। सवाल है कि क्या भाजपा डुमरी सीट को आजसू के लिए छोड़ेगी या अपना प्रत्याशी उतारेगी। इसपर प्रदेश भाजपा का कोई भी नेता कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। दरअसल, 2019 के बाद राज्य की पांच सीटों पर उपचुनाव हो चुके हैं। इनमें दुमका, मधुपुर, बेरमो और मांडर में भाजपा का सामना झामुमो और कांग्रेस के साथ हुआ था। लेकिन सभी चारों सीटों पर सत्ताधारी गठबंधन हावी रहा था। बाजी रामगढ़ में पलटी थी। वैसे रामगढ़ में आजसू का पहले से दबदबा था।

गौर करने वाली बात यह भी है कि मधुपुर और बेरमो में वहां के सीटिंग विधायक का निधन उपचुनाव का कारण बना था। दोनों सीटों पर दिवंगत विधायकों के पुत्र की जीत हुई थी। अब बारी डुमरी की है। वहीं दुमका सीट को सीएम ने खाली किया था तो उनकी जगह उनके छोटे भाई बसंत सोरेन जीते थे। मांडर में आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा के बाद बंधु तिर्की के सीट गंवाने पर उनकी बेटी नेहा शिल्पी तिर्की जीतीं थी। लेकिन रामगढ़ में गोला गोलीकांड मामले में सजा के बाद ममता देवी के हटने पर उनके पति आजसू प्रत्याशी के सामने नहीं टिक पाए थे।

### क्या है डुमरी विधानसभा सीट का समीकरण

2019 के चुनाव में झामुमो के जगरनाथ महतो का सामना आजसू की यशोदा देवी से हुआ था। इस चुनाव में जगरनाथ महतो को 71,128 वोट मिले थे। आजसू की यशोदा देवी को 36,840 वोट मिले थे। यहां झामुमो की एकतरफा जीत हुई थी। खास बात है कि इस चुनाव में आजसू और भाजपा के बीच गठबंधन नहीं था। भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार साहू को 36,013 वोट मिले थे। लिहाजा, आजसू और भाजपा के वोट को जोड़ दें तो जगरनाथ महतो का जीतना मुश्किल हो जाता। लेकिन खास है कि उस चुनाव में ओबैसी की पार्टी एआईअमआईएम के अब्दुल मोबिन रिजवी 24,132 वोट के साथ चौथे नंबर पर थे। जाहिर है आगामी उपचुनाव में मुस्लिम वोट बैंक हार-जीत तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। क्योंकि माना जा रहा है कि एनडीए गठबंधन के साथ यहां मैदान में उतरने की तैयारी में है। यह भी देखना होगा कि पिछले चुनाव में जदयू की टिकट पर उतरे पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने भी 5,219 वोट लाए थे। मौजूदा राजनीतिक बदलाव में जदयू की भूमिका भी चुनाव को दिलचस्प बना सकती है। अब होने जा रहे उपचुनाव में सारा खेल इस बात पर निर्भर करेगा कि ओवैसी की पार्टी का क्या स्टैंड होगा। दूसरा यह कि 2014 में दूसरे और 2019 में तीसरे नंबर पर रहने वाली भाजपा क्या 2019 में दूसरे नंबर पर रही आजसू के लिए सीट छोड़ेगी। लिहाजा, इसबार का उपचुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। यहां गठबंधन, सरकार के फैसले और कामकाज के अलावा संवेदना की भी परीक्षा होनी है। जानकार बताते हैं कि अगर झामुमो ने यहां मधुपुर वाला फॉमूर्ला लागू कर दिया तो विपक्ष की दावेदारी जरूर प्रभावित हो जाएगी। लेकिन एनडीए इस उम्मीद में है कि नियोजन और स्थानीयता के मुद्दे पर सरकार जिस तरह से उलझी है, उसका फायदा उसे हो सकता है।

## पर्यावरण के साथ खुद को फिट रखने के लिए करें साइकिलिंग



फोटो : संजीव मिश्रा

# दूसरे दिन भी सड़कों पर उतरे बंद समर्थक, पुलिस ने खदेड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नियोजन नीति के खिलाफ विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से आहूत बंद के दूसरे दिन रविवार को बंद समर्थकों ने सुबह से ही अलग-अलग क्षेत्रों में उत्पात मचाया। कांके रोड, बुटी मोड और ओरमांझी के पास बंद समर्थकों ने रांची-पटना हाईवे को जाम कर दिया। प्रदर्शन की वजह से बुटीमोड एवं ओरमांझी के पास कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। जिसे पुलिस ने हटवाया।

जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ कर जाम हटाया। बंद करा रहे छात्र राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कह रहे थे कि कि साठ चालीस नाय चलतौ...।



प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ के नेता देवेंद्र नाथ महतो को उसके समर्थकों के साथ शहीद चौक से गिरफ्तार किया गया। हालांकि देर शाम उनलोगों को छोड़ दिया। गौरतलब है कि नियोजन नीति के खिलाफ छात्र संगठनों ने 10 और 11 जून को बंद का ऐलान किया था। पहले दिन भले ही शहरी क्षेत्रों में बंद का खास असर नहीं देखने को मिला लेकिन ग्रामीण इलाकों में बंद का असर दिखा। बंद की वजह से दूसरे दिन रांची से लंबी दूरी की गाड़ियां काफी कम चलीं। बंद को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद थी। रांची में बंद से निपटने के लिए 1500 से अधिक जवानों को लगाया गया था। सीएम आवास और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी आज करेंगे बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य में विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी आज पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। डीजीपी अजय कुमार सिंह पुलिस मुख्यालय में दिन के 11.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल आईजी, डीआईजी और एटीएस एसपी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और रेल एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

**सीएम की समीक्षा बैठक को लेकर होगी चर्चा** : आगामी 15 जून को सीएम हेमंत सोरेन सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस निमित्त डीजीपी की बैठक में विशेष चर्चा होगी। इसे लेकर जिलों के एसपी से कहा गया है कि एजेंडा/ बिन्दुओं के अनुरूप प्रतिवेदन तैयार कर बैठक में ससमय उपस्थित रहेंगे।

## आज से बदल जायेगा झारखंड हाइकोर्ट का एड्रेस, शुरू होंगे न्यायिक कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट का एड्रेस आज सोमवार से बदल जायेगा। अब झारखंड हाईकोर्ट के लिए धुर्वा, तिरिल स्थित नये विधानसभा के सामने जाना होगा। अबतक झारखंड हाईकोर्ट का एड्रेस डोरंडा का लाल बिल्डिंग होता था लेकिन अब झारखंड हाईकोर्ट का अत्याधुनिक बिल्डिंग धुर्वा के तिरिल में बनकर तैयार है, जहां सोमवार से न्यायिक कार्य होंगे। पहले दिन आज पौधारोपण होगा। उसके बाद झारखंड हाईकोर्ट के 25 वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जायेगा।

झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में पहले दिन हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पूर्ण पीठ बैठेगी, जहां झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ अपील के मामले की सुनवाई करेगी। इस सुनवाई के बाद ही यह तय होगा कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर हो सकती है या नहीं। बता दें कि प्रतिवादी स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी हो गई। मामले में अपीलार्थियों की ओर से फिर से 12 जून को बहस होगी।

पहले दिन के लिए सूचीबद्ध कुछ प्रमुख जनहित याचिकाएं

नए हाईकोर्ट भवन में 12 जून को कुछ जनहित याचिकाएं भी सुनवाई के लिए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सूचीबद्ध है। जिसमें जेल सुधार और क्षमता से अधिक कैदियों के रखे जाने का मामला भी शामिल है। साथ ही कुछ सजायाफ्ता कैदियों की ओर से जेल से रिहाई के लिए दिए गए आवेदन पर भी सुनवाई होगी। इसके साथ ही कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई होगी।

# 21 कांडों का आरोपी पीएलएफआइ का एरिया कमांडर आलोक यादव गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पीएलएफआई का एरिया कमांडर आलोक यादव गिरफ्तार रांची पुलिस ने 21 कांडों में वांछित पीएलएफआई का एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एरिया कमांडर का नाम आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर कुमार यादव है। एरिया कमांडर आलोक यादव ने लेवी वसूलने के लिए 50000 की मांग की थी। लेवी नहीं देने पर जान से मारने और ईंट भट्टा को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

इस मामले की जानकारी संजय गुप्ता ने चान्हो थाने की पुलिस को दी थी। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया और पीएलएफआई के एरिया कमांडर को रातू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पीएलएफआई संगठन का छह पीस पर्चा और एक बाइक बरामद किया है।



### कई दिनों से पुलिस कर रही थी तलाश

एरिया कमांडर आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर कुमार यादव पर पिपरवार, खलारी, बुढ़मू समेत कई थानों में लेवी मांगने, मारपीट करने, धमकी देने संबंधी कई मामले दर्ज हैं। ग्रामीण एसपी मो. नौशाद आलम ने बताया कि आलोक यादव की तलाश कई दिनों से थी। आलोक यादव लातेहार जिले के बालूमाथ का है। बताया जाता है कि आलोक के दस्ते में दो तीन और लोग हैं, जिन्हें पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## राजधानी रांची में वाहन चोरी करने वाले आठ अपराधी धराये, 10 वाहन बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के विभिन्न थाना क्षेत्र से वाहन चुराने वाले आठ चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची के सीनियर एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुल 8 अपराधियों की गिरफ्तारी और 10 वाहन बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में लगातार विभिन्न थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी की घटना सामने आ रही थी। इसकी रोकथाम और उद्भेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था।



घटना से संबंधित वीडियो फुटेज के आधार पर एक चोर की गिरफ्तारी गुमला जिले के सिसई से की गई और उसी की निशानदेही पर रांची के चार अन्य थाना क्षेत्रों से चोरों को दबोचा गया। गिरफ्तार चोरों में कुछ पुराने वाहन चोर भी शामिल हैं जो पूर्व में भी वाहन चोरी के अपराध में शामिल रहे हैं। वहीं कुछ चोरों की गिरफ्तारी वाहन चेकिंग के दौरान भी की गई है। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से भी ऑटो चुराने वाले चोर को पकड़ा गया है।

## रांची झील बचाने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची झील बचाओ अभियान समिति ने रविवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसका नेतृत्व राजीव रंजन मिश्रा ने किया। हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत विधायक सीपी सिंह ने की। इसके बाद रांची झील को बचाने के लिए सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर किया। समिति के लोगों ने विधायक श्री सिंह को झील की दुर्दशा से अवगत कराया। श्री सिंह ने समिति के लोगों से रांची झील की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उसके समाधान के लिए निगम प्रसाशन एवं राज्य सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। श्री मिश्रा ने बताया कि समिति की ओर से पिछले 45 दिनों से रांची झील की साफ-सफाई की मांग को लेकर जन जागरण अभियान, हस्ताक्षर अभियान, सत्याग्रह सहित विभिन्न कार्यक्रम किया गया है। रांची झील बचाओ अभियान समिति ने उच्च न्यायालय से इस विषय को संज्ञान में लेकर राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन से अविलंब रांची झील की साफ सफाई के लिए उचित निर्देश पारित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और निगम प्रशासन रांची झील में नाले के गंदे पानी के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए पहल करे।



हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में रमेश केडिया, लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, टिंकु महतो, कैलाश पारीक, सुरेंद्र पासवान, विकी शर्मा, इंदर सिंह,अनिल तिवारी, मनोज शर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### सर्वर फेल : रिम्स के मरीजों को होती है दिक्कत

**रांची।** हर एक दो दिन में रिम्स के इमरजेंसी में लिंक फेल होने की शिकायतें मिलती है। इस कारण मरीजों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है। रजिस्ट्रेशन में देरी होने से ईलाज प्रभावित होता है। बताया जा रहा है कि यह समस्या अक्सर रिम्स में देखने को मिलती है। ऐसे में रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन के इलाज में समस्याएं उत्पन्न हो रही है।

**जांच हुआ पूरी तरह से प्रभावित** : रिम्स में भर्ती मरीजों को विभिन्न प्रकार की जांच के लिए चिकित्सक सलाह देते हैं लेकिन लिंक फेल होने के कारण उनका पर्ची नहीं कट पा रहा है। इस कारण जांच में समस्या हो रही है। ऐसे में कई ऐसे गंभीर मरीज हैं, जिसकी जान सांसत में है।

### आयुष विभाग का योग कार्यक्रम 15 जून से



**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग का सात दिवसीय योग 15 जून से राज्य योग केंद्र रांची में शुरू होगा, जो 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन समाप्त होगा। आयुष विभाग के निदेशक डॉक्टर फजलुर शमी ने रविवार को राज्य योग केंद्र मे योगाभ्यास के विशेष सत्र के दौरान इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के सभी वेलनेस सेंटर में एनजीओ के माध्यम से योग प्रशिक्षक की सेवा दी जा रही है। हर गांव-आंगन तक योग को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर रांची जिला आयुष पदाधिकारी डॉ सच्चिदानंद सिंह, राज्य योग केंद्र प्रभारी डॉ मुकुल कुमार दीक्षित और अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने योगाभ्यास कराया।

### मनरेगा : केंद्र ने दिया एसओपी तैयार कर लंबित ट्रांजेक्शन का निपटारा करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड में मनरेगा में भुगतान की समस्या से निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने एसओपी तैयार कर लंबित ट्रांजेक्शन को भुगतान करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि लगातार चार वित्तीय वर्ष 2019-20 , 2020-21, 2021-22 व 2022-23 में बड़ी संख्या में ट्रांजेक्शन रिजेक्शन के चलते भुगतान लंबित है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की समीक्ष में यह पाया गया कि 2019-20 में 33 मामले, 2020-21 में 198 मामले, 2021-22 में 2120 मामले व 2022-23 में 3762 मामले में योजना शुरू होने से अब तक भुगतान लंबित हो गया है। यानि, 6133 मामले पेडिंग हैं। मामले लंबित होने की वजह से अभी तक मजदूरों को भुगतान नहीं हो पाया है, उनकी मजूरी नहीं मिल पायी है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार को समय पर भुगतान के लिए एक गाइडलाइन तैयार करके काम करना चाहिए। बैंक खाता इत्यादि को अपडेट करने की जरूरत भी बतायी गयी है। एसओपी तैयार करके मजदूरी भुगतान कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है।

### एक्वा वर्ल्ड में हॉरर नाइट का आयोजन




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में रविवार को हॉरर नाइट का आयोजन किया गया। मॉडलों ने वैंपायर, प्रेत, चुड़ैल, भूत के वेश में बच्चों के साथ रैंप पर कैटवॉक किया। पूरे परिसर को हॉरर थीम पर सजाया गया था। एक हॉरर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। बच्चों की भीड़ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए जुटी रही। हॉरर फिल्मों से जुड़े गीतों पर आधारित क्विज टाइम भी हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने भूतों के साथ जमकर डांस कर धमाल मचाया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा शाहदेव, सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष, धीरज, हसन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयंत, प्रीतम, प्रियंका, दिव्या, सत्यम का योगदान रहा। हॉरर सांग क्विज के विजेता आदया, आशी, वीरा, आयुष,रुद्रा को पुरस्कृत किया गया।

## भीषण गर्मी से जलसंकट की समस्या तेजी से बढ़ रही, छात्र हॉस्टल छोड़ने को हैं विवश

**संजीव मिश्रा**

**रांची।** राजधानी रांची में तेजी से गर्मी बढ़ रही है। इससे जलसंकट भी बढ़ रहा है। विद्यार्थी हॉस्टल छोड़ने को विवश हैं। छात्रावासों में रहने वाले छात्र गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। कई हॉस्टल में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशानी बढ़ी ही है, बोरिंग भी फेल है। इससे छात्रों के समक्ष गंभीर रूप से जलसंकट की समस्या होने लगी और वे हॉस्टल छोड़ने को विवश होने लगे। छात्रों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई ऐसे ही कम हो जाती है और इसकी शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता।







लालपुर वर्किंग हॉस्टल में रहने वाली छात्रा कोरोलीना तिग्गा ने बताया कि वे यहां सप्लाई पानी पर ही निर्भर हैं। सप्लाई पानी भी सिर्फ आधे 1 घंटे के लिए आता है वह भी अनियमित रूप से। छात्रा प्राची ने बताया कि पर्याप्त पानी नहीं रहने से कपड़े भी ढंग से साफ नहीं कर पाते हैं। पीने का पानी बाहर से खरीद कर लाना पड़ता है। पिस्का मोड के एक निजी हॉस्टल में रहने वाली छात्रा रवीना ने बताया कि पानी के चलते कई लड़कियां हॉस्टल छोड़ चुकी हैं। इस वक्त कॉलेज की छुट्टियां भी चल रही हैं। हॉस्टल में अब वे छात्राएं ही हैं जो या तो कहीं जॉब कर रही हैं या कोचिंग क्लासेस कर रही हैं लेकिन पानी की किल्लत के चलते कई छात्राएं हॉस्टल छोड़ चुकी हैं।

लालपुर इलाके में रहने वाली छात्रा राखी ने बताया कि उसके हॉस्टल में पानी नहीं आ रहा है। ब्रश करने के लिए वॉटर कूलर से पानी लेना पड़ रहा है। टॉइलट जाने के लिए भी काफी दिक्कत होती है। कम से कम पानी का उपयोग करना होता है।

## बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने बार का किया औचक निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी ने रविवार को नशा विरोधी अभियान के तहत एक **बार** का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बार ओनर को नियमावली भी बतायी गयी और साथ ही चेताया कि यह सूचना मिल रही है कि बच्चों को नशा पदार्थ परोसा जा रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि औचक निरीक्षण रांची के सभी एरिया में चलाया जाएगा ताकि युवा जो नशे की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं उनको सही दिशा और मार्गदर्शन किया जा सके। इस अभियान में सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन अजय, ऑफिसर दुर्गा एवं लालपुर थाना के पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीसीएल के ग्रीष्मकालीन वॉलीबाल और क्रिकेट प्रशिक्षण कैंप में 140 बच्चे हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल गांधीनगर मैदान में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में 8 से 16 वर्ष की आयु के कुल 140 बच्चों ने भाग लिया था। शिविर का उद्देश्य युवा एथलीटों को वॉलीबॉल और क्रिकेट दोनों में अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना था। साथ ही टीम वर्क, खेल भावना और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। समापन समारोह में खेल प्रबंधक आदिल हुसैन और कार्मिक प्रबंधक दिव्या सिंह विशेष रूप से उपस्थित थीं।




आयोजित शिविर में वॉलीबॉल और क्रिकेट में प्रतिभागियों के कौशल को विकसित करने के लिए डिजाइन की गयी गतिविधियों का एक व्यापक कार्यक्रम शामिल था। चोटों को रोकने और लचीलेपन में सुधार करने के लिए हर दिन रूटीन की शुरूआत वार्म-अप अभ्यास और स्ट्रेचिंग के साथ होती थी। इसके बाद प्रतिभागियों को उनकी उम्र और कौशल स्तर के आधार पर ग्रुप में बांटा जाता था।

**वॉलीबॉल प्रशिक्षण** : वॉलीबॉल प्रशिक्षण सत्र में खेल के मूलभूत चीजों जैसे सेवा करना, पास करना, सेटिंग करना, हमला करना और ब्लॉक करना सिखाया गया। प्रतिभागियों ने अभ्यास, अभ्यास मैचों और मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न तकनीकों को सीखा। अनुभवी प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को उनकी तकनीक और खेल की सामरिक समझ में सुधार करने में मदद के लिए मार्गदर्शन किया। शिविर के आयोजन में कोच निशिकांत पाठक एवं उनके सहयोगी राहुल मुंडा, सतीश उराव एवं रवि मंडल का विशेष योगदान रहा।

**क्रिकेट प्रशिक्षण** : क्रिकेट प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना था। प्रतिभागियों को उचित बल्लेबाजी रूख, फुटवर्क और शॉट चयन सिखाया गया। उन्होंने ग्रिप, रन-अप और रिलीज सहित गेंदबाजी तकनीकों पर भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। क्षेत्ररक्षण अभ्यास और मैच परिदृश्यों ने उनकी क्षेत्र रक्षण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद की। प्रशिक्षकों ने निष्पक्ष खेल पर जोर दिया और पूरे प्रशिक्षण सत्र में टीम वर्क को प्रोत्साहित किया। शिविर के आयोजन में जीशान खान, रवि परिदा, रनधिर कुमार एवं ललन सिंह का योग्दान रहा।

**दोस्ताना मैच** : प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए विभिन्न समूहों के बीच मैत्रीपूर्ण मैचों का भी आयोजन किया गया। इन मैचों ने प्रतिभागियों को टीम वर्क और स्पोर्ट्समैनशिप को बढ़ावा देते हुए प्रतिस्पर्धा सेटिंग में अपने कौशल को लागू करने की अनुमति दी। कोचों ने मैचों का बारीकी से निरीक्षण किया और रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान की। साथ ही सकारात्मक तरीके से किसी भी प्रतिभा को सीखने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

# बरसात से पहले नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर जारी

- भारी वर्षा व जल जमाव की संभावना को देखते हुए सभी वार्डों में सुपर सकर मशीन से बड़ी नालियों की हो रही सफाई
- सफाई के साथ एंटी लार्वा दवा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा
- खतरनाक नालों को चिह्नित कर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग एवं रेड रिबन के साथ सूचना पट्ट लगाने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य व रांची शहर में प्री मॉनसून की संभावना के मद्देनजर प्रशासक रांची नगर निगम के आदेशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत बरसात से पूर्व रांची नगर निगम द्वारा सभी नाले नालियों की विशेष सफाई हेतु विशेष सफाई अभियान (सफाई तो होकर रहेगी 3.0 )चलाया जा रहा है। इस विशेष सफाई अभियान में निगम द्वारा युद्ध स्तर पर शहर के सभी बड़े छोटे नालियों की विशेष रुप से सफाई की जा रही है। रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डों के नालियों को साफ करने के साथ-साथ एंटी लार्वा दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। भारी वर्षा एवं जल जमाव की संभावना को देखते हुए शहर के सभी वार्डों में विशेष रुप से बड़ी नालियों की सफाई सुपर सकर मशीन से, जेसीबी मशीनों के सहायता से सभी गहरी नालियों की सफाई तथा छोटी नलियो की सफाई अन्य उपकरमों के माध्यम से की जा रही है। साथ ही भीड़ भाड़ तथा व्यस्त रास्ते वाले सड़कों पर नाली से निकाले गए सिल्ट को डायरेक्ट टैक्टर में उठाव किया जा रहा है ताकि बरसात के समय शहर के विभिन्न हिस्सों में होने वाला जल जमाव की समस्या से निजात पाया जा सके।

निगम प्रशासक ने यह भी निदेश दिया कि शहर के बड़े नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर किया जाए एवं खुले नालियों को स्लैब से ढकना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई अप्रयि घटना न हो इसके लिए शहर के खतरनाक नालों को चिन्हित करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग एवं रेड रिबन के साथ साथ सूचना पट्ट भी लगाया जाए। इसके अलावा उनके द्वारा मानसून के पूर्व नालियों की सफाई के साथ-साथ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारू रुप से किए जाने का भी निदेश दिया गया है। जिसमें डोर टू डोर कूड़े का उठाव, झाड़ू आदि किया जा रहा है।

सफाई तो होकर रहेगी 3.0 अभियान के तहत रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत आम नागरिकों से साफ-सफाई, निशुल्क पेयजल, लाइट एवं अन्य प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाई एवं निगम के द्वारा किए जा रहे दैनिक साफ-सफाई कार्य, गार्बेज कलेक्शन, नालियों की सफाई आादि कार्य के पर्यवेक्षण हेतु प्रशासक, रांची नगर निगम द्वारा अलग-अलग वार्ड के लिए अलग-अलग टीम गठित की गयी है जिसमें निगम के सभी नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, परिक्ष्यमान सहायक नगर आयुक्त एव वरीय प्रभारी पदाधिकारी है।

वार्ड 01 से वार्ड 53 तक पर्यवेक्षण हेतु रविवार को सभी टीम के देव्रा अपने आबंटित वार्ड के संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा वार्डवार सभी छोटे-बड़े नाले की सफाई, दैनिक साफ-सफाई कार्य, गार्बेज कलेक्शन, बिल्डिंग पाउडर, सैनिटाईजेशन, निशुल्क जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइन एवं अन्य कार्य का पर्यवेक्षण किया गया। इसके अलावा निगम के टीम के द्वारा वार्ड के सम्मानित नागरिकों से व्यक्तिगत तौर पर फीडबैक लिया गया एवं जहां कही भी कोई शिकायत दिखी उसे त्वरित ठीक करने हेतु वार्ड सुपरवाइजर को निदेश दिया गया।

विशेष अभियान के तहत आाज कई छोटे बड़े नालियो की सफाई की गयी। जिनकी सफाई बीते कई समय से नहीं हो रही थी। साथ ही आम नागरिकों द्वारा कई एक बार शिकायते भी प्राप्त हुई थी। इस विशेष सफाई अभियान के लिए रांची नगर निगम द्वारा विभिन्न संसाधनों की संख्या बढ़ाई गयी है जिसमे ट्रैक्टरों की ट्रिप संख्या,सफाई कर्मियों की संख्या सहित अन्य उपकरण की संख्या बढ़ाई गयी है। सभी वार्ड के सुपरवाइजर को यह निदेश दिया गया है कि बरसात के क्रम में एवं उसके बाद यदि जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है तो वैसी स्थिति मे जल्द से जल्द समस्या का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा रांची नगर निगम कंट्रोल रुम में सम्मानित नागरिकों द्वारा दर्ज कराए गए जाम नालियों, जल जमाव अदि के शिकायतों का निष्पादन भी त्वरित किया जा रहा है। इस क्रम में सभी नागरिकों से अपील किया गया है कि यदि अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है तो निगम के दूरभाष (0651-2200025 या 9431104429 पर सूचनां दें।

# मिलन पैलेस में वात्सल्य उत्सव का आयोजन 13 को

- चुटिया और आसपास की स्लम बस्तियों और सरकारी विद्यालयों के 100 से अधिक वंचित बच्चे इस उत्सव में होंगे शामिल
- 10 से 15 वर्ष की आयु के बीच बच्चों को सम्मिलित किया जा रहा है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राउंड टेबल क्लब शाखा 284 रांची की ओर से वात्सल्य उत्सव का आयोजन सेवा विभाग विश्व हिंदू परिषद और रांची महानगर विश्व हिन्दू परिषद की इकाई के सहयोग से 13 जून को रांची क्लब रोड़ स्थित प्रसिद्ध मिलन पैलेस सभागार में किया जा रहा है। यह आयोजन चुटिया और आसपास की स्लम बस्तियों और सरकारी विद्यालयों के 100 से अधिक वंचित 10 से 15 वर्ष की आयु के बीच बच्चों को सम्मिलित किया जा रहा है। रांची पहाड़ी मंदिर के कुम्हार टोली इरगू रोड़ स्थित मूक-बधिर एवं मंद बुद्धि शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सृजन हेल्प परिवार के 12 से 15 बच्चों को भी सम्मिलित किया जा रहा है ताकि यह वात्सल्य उत्सव एक समावेशी आयोजन का रूप ले सके।

इस सारे कार्यक्रम की रूपरेखा रांची राउंड टेबल क्लब 284 के अध्यक्ष सरदार अमनप्रीत सिंह की देखरेख में तैयार की गई है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग झारखंड के प्रांतीय संयोजक अशोक कुमार अग्रवाल व प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस बार भी राउंड टेबल क्लब के सदस्य और रांची महानगर रांची महानगर विश्व हिंदू परिषद के बंधु गण व सेवा विभाग के सदस्य गण आयोजन को भव्य, उद्देशपूर्ण और सफल बनाने में पूरे तन- मन से लगे हुए हैं।

## नागपुरी वीडियो महान हमर झारखंड यूट्यूब पर रिलीज

**रांची।** नागपुरी गीतों की श्रृंखला में जय प्रयाग की अगली प्रस्तुति नागपुरी वीडियो एल्बम महान हमर झारखंड रविवार को यूट्यूब पर जारी किया गया। गीतकार एवं गायक रवि भूषण दुबे हैं। जबकि संगीतकार हेमंत कुजूर एवं वीडियो निर्माता चंदन कुमार मिश्र हैं। इस गीत में झारखंड के अनुपम सौंदर्य खनिज संपदा कल कारखाने सहित अन्य बिंदुओं को दर्शाया गया है। जिसमें झारखंड को सृष्टि का अद्भुत वरदान कहा गया है।

## समर कैंप का किया आयोजन

**रांची।** झारखंड तलवारबाजी संघ के द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन मोराबादी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में किया गया जिसका समापन दिनांक 11 /6/ 23 को किया गया,इस समापन समारोह में झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष श्री अर्चित आनंद महासचिव श्री जयकुमार सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष कर्मवीर उराव उपस्थित थे,तलवारबाजी संघ के कोच रामाशीष सिंह एवं प्रेम उदय बैक खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया एवं खेल के नए नियमों से अवगत हुए झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने बताया कि तलवारबाजी विश्व के प्राचीनतम खेलों में से एक है और ओलंपिक खेलों में दूसरा ऐसा खेल है जिसमे सबसे ज्यादा मेडल दिये जाते हैं।

# 19 जून से खुलेंगे झारखंड के निजी स्कूल : पासवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य भर के निजी स्कूल आज से 17 जून तक बंद रहेंगे। यह बातें पासवा के अध्यक्ष आलोक दुबे ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंन कहा कि यह निर्णय गर्मी के बढ़ने की वजह से प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने ली है। बताते चलें कि राजधानी के कई निजी स्कूल गर्मी छुट्टी के बाद 12 जून से खुलने वाले थे लेकिन हीट वेव की वजह से छुप्ती बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। श्री दूबे ने कहा कि जून के पहले सप्ताह में 10वीं व 12वीं में 80% से अधिक नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को



पासवा सम्मानित भी करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में गर्मी बढ़ गयी है। झारखंड का कोई ऐसा जिला नहीं है, जिसका टेंपरेचर 40 या उससे पार ना हो, ऐसे में स्कूल खोलकर बच्चों को बुलाना उनके स्वास्थ्य के साथ खेलने के बराबर है। ऐसे में हमलोगों ने पासवा की बैठक की और यह निर्णय लिया कि 12 से 17 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। 19 जून से स्कूलें खुलेंगे। इससे पहले पासवा ने मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव के रवि कुमार को भी गर्मी की छुट्टी बढ़ाने का आग्रह कर चुके हैं, इसके लिए पत्र भी लिखा जा चुका है।

**15000 छात्र-छात्रा होंगे सम्मानित**

आलोक दुबे ने जानकारी दी कि जुलाई के पहले सप्ताह में झारखंड के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन पासवा कार्यालय रांची और सोशल मीडिया के माध्यम से भी होगा। हालांकि अभी डेट फाइनल नहीं की गई है, लेकिन संभवत जुलाई के पहले सप्ताह में किया जाएगा। इस दौरान पासवा के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन लाईफ केयर प्रगति पथ ऑक्सफोर्ड स्कूल रोड में किया गया। इस जांच शिविर में 120 लोगो का निःशुल्क कान नाक गला जांच,हियरिंग जांच,नेत्र जांच, दांत जांच, स्त्री एवम प्रसूति रोग जांच, किया गया। साथ में सभी को ओ आर एस भी दिया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क रक्तदान शिविर एवम स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव अश्वनी का सहयोग रहा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुणिशा ई एन टी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाङ्क अरुण कुमार, डाङ्क अर्पणा सरदार,अंकित कुमार,संदीप कुमार,श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के मैनेजर आशुतोष मिश्रा, श्यामल चटर्जी, ईरशाद, जितेन्द्र मंडल,डाङ्क पार्थ्स पॉलीक्लिनिक अमन, पंकज, दीक्षा, सोनाली इत्यादि का योगदान रहा।

# 10 दिनों के अंदर लगेंगे चार चापाकल जल समस्या का होगा निदान : महुआ माजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राँची जिला समिति द्वारा जिला उपाध्यक्ष एवं राँची महानगर के प्रभारी अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में हिन्दपीढ़ी के नेजाम नगर स्थित सदर लेन में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तमाम जन समस्याओं पर बिन्दुवार निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है, जल के बगैर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। नेजाम नगर के लोगों से मिली जानकारी और जल समस्या की जो स्थिति है उससे यहां



के आम लोगों का जीना बहुत ही मुश्किल हो गया है। क्षेत्र में जल की समस्या को देखते हुए 10 दिनों के अन्दर ही हम इस इलाके में 4 डीप बोरिंग करा कर जलमीनार से लोगों को पानी मुहैया कराएंगे और यहां के स्थानीय लोगों की प्यास बुझाऐंगे। क्रमवार बिजली, सड़क, नाली और विधालय जैसी समस्याओं का भी निराकरण अविलम्ब करने का प्रयास करेंगे।

मौके पर जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष श्री जनक नायक, बीरू साहु, जिला संगठन सचिव श्री आदिल इमाम, आफताब आलम, सौम्वित माजी, फरीद आलम, परवेज आलम गुड्डू, मन्टु लाला, विलियम रिचड लकडा, गोपाल पाण्डे, संजय राय, सुमित चौधरी, कयुम अन्सारी, अमजद आदि शामिल थे।

## फाइटिंग की नयी बारीकियों से अवगत हुए कराटेकार



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में 16 से 18 जून तक दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता की देखते हुए बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में इन दिनों प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तमाम कराटेकारों के लिए सात दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षिण के तहत तैयारी के साथ फाइटिंग के टेकनिक की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। इमा के तकनीकी निदेशक एवं राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोप्ता ने इस प्रशिक्षण के तहत कराटेकारों को एडवांस फाइट का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दौरान खिलाड़ियों को स्कोर करने की जानकारी दी गई। साथ ही किस रणनीति के तहत खिलाड़ी अपनी जीत को पक्का कर सकते हैं से अवगत कराया गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पिछले ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए शुरू किए गए तैयारी को ही खिलाड़ियों ने अभी तक जारी रखा हुआ है जिससे कि उनके प्रशिक्षण में काफी अच्छा रिजल्ट नजर आ रहा है। संभवत खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी अपना उम्दा प्रदर्शन करेंगे।

# कोतवाल, हवलदार और सिपाही की जोड़ी को देखकर लोटपोट हुए दर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बसंत सबनीस लिखित और उषा बनर्जी द्वारा अनुवादित, पत्रकार कला मंच के बाइनर तले संगीत व नाट्य निर्देशन निलय सिंह द्वारा निर्देशित यह नाटक का मंचन सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। मंच ने यह नाटक आदिम जनजाति सेवा मंडल के सहायतार्थ के लिए किया गया। हास्य और व्यंग इस नाटक का आनन्द सभी दर्शकों ने लिया। नाटक में हवलदार की मुख्य भूमिका राज सिंह ने न्याय करते दिखे, कोतवाल संदीप नाग को सराहा तो वहीं सिपाही की भूमिका में परवेज कुरैशी ने अपने टाइमिंग और पंच पर दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट



कर दिया। राजा की भूमिका में एएसआरपी मुकेश और प्रधान की भूमिका में जय शंकर कुमार को भी पसंद किया गया। मैनावती के भूमिका में स्वस्तिका शर्मा ने अपने अभिनय और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया और सख्या की संक्षिप्त भूमिका में विनय मुर्मू ने वाहवाही लूटी। कोरस में संतोष मृदुला, शिवांग, बसंत और शर्मिष्ठा थे। सह निर्देशन संतोष मृदुला और अमित दास ने किया। पार्श्वगायक छंदोंश्री, ढोलक जाहिद खान, कॉस्ट्यूम संजय लाल रूप सज्जा प्रदीप बोस और संजय सिंह, मंच सज्जा शिवांग, प्रकाश प्रदीप बोस, अक्षय तिवारी संजय सिंह और रॉबिन छावड़ा का रहा।

## जमीयतुल एराकीन छोटानागपुर देही हल्का का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के नवनिर्वाचित अध्यक्ष-सचिव को रविवार को इटकी मदरसा इमदादुल उलुम परिसर में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मौलाना मुनीर उददीन शमूशी ने समाज के विकास और समाज में एकता लाने की शपथ दिलाई। उन्होंने जमीयत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अहमद बयासी, उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद अहमद, महासचिव परवेज आलम, उप सचिव मुर्तुजा हसन, कोषाध्यक्ष मो जाहिद को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन इसलाहुल एराकीन इटकी के अध्यक्ष अकील अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसकी शुरूआत मदरसा के छात्र कारी मोहम्मद दानिश ने तिलावत कुरान पाक से की। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव को शपथ दिलाने के बाद कार्यकारिणी के सदस्यों को एक साथ शपथ दिलाई गई। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जावेद ने कहा कि समाज में फैले नफरत को खत्म कर शिक्षा को बढ़ावा देना है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के लिए समर्पित रूप से काम करेंगे।

समाजसेवी खुर्शीद हसन रूमी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम 8 महीने विलंब हैं लेकिन कोई बात नहीं काम करना है। बीसी 2 से बीसी 1 में लाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। यह बताते हुए उन्होंने कई मशवरे भी दिए। जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के सभा में रांची के समाजसेवी शाह उमैर को झारखंड का संयोजक चुना गया। श्आए हुए सभी लोगो का स्वागत इस्लाहूल एराकीन के महासचिव मो मोइन एंड टीम ने किया। मो मोइन ने कहा कि अगामी 25 जून 2023 को झारखंड जमीयतुल एराकीन की बैठक बुलाई गई है। मौके पर मौलाना मुनीर, मो मोइन, अकील अहमद, हाजी मसीह उद्दीन, हाजी मुस्लिम, अनीस अहमद, जियाउर रहमान, शुजाउद्दीन परवेज, गुलाम शाहिद, मो अल्तमश व अन्य मौजूद थे।

# वनबंधु परिषद रांची चैप्टर ने भारत के रंग एकल के संग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को गुरूनानक स्कूल के सभागार में एकल सूरताल टीम द्वारा भारत के रंग-एकल के संग परिकल्पना पर देशभक्ति एवं देवभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकल सूरताल टीम की प्रमुख व्यास कथाकार श्रीमती करूणा ठाकुर (जम्मू) ने अपनी टीम के साथ गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्री गणेश किया। वंदे मातरम गीत पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से एकल सूरताल टीम के कलाकारों का जोरदार अभिवादन किया। वहीं देशभक्ति गीतों की माला के तहत भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषता, एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, देशभक्ति एवं देवभक्ति की अनुपम झलक प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम की शोभा 45 मिनट के श्री कृष्ण नाटिका का मंचन रहा जो बेहद ही रोमांचित करने वाला प्रस्तुति था। जिसमें श्री कृष्ण जन्म, पुतना वध, रासलीला, कंस वध, विदुर प्रसंग, श्री कृष्ण सुदामा मिलन आदि शामिल थे। एकल सुर ताल के लगातार प्रस्तुति में दर्शक



श्रोताओं को दो घंटे का समय कैसे बीत गया, वह पता ही नहीं चला।

एकल अभियान के एकल सूरताल टीम के 12 कलाकारों जिसमें 6 बहनें एवं 6 भईया शामिल हैं। ये सभी एकल अभियान के सेवाव्रती पूर्णकालिक कार्यकर्ता है। जिनके द्वारा यह कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। इन 12 कलाकारों में जम्मू से एक, मध्य प्रदेश 2, पंजाब से 2, हिमांचल से 2, उड़ीसा से 1, उत्तर प्रदेश 1 एवं झारखंड से 3 कलाकार शामिल है। ये सभी एकल सूरताल के कलाकार दिल्ली में 6 माह तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर मार्च 2023 माह से भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतो में मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहें है। मुख्य अतिथि सी.सी.एल के चेयरमैन पी.एम प्रसाद, मुख्य वक्ता एकल अभियान के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक श्री श्याम जी गुप्त एवं अतिथिवृन्द ने द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्याम जी गुप्त ने देश की वर्तमान संदर्भ का उल्लेख करते हुए एकल अभियान से जुड़कर एक नवीन भारत के अभ्युदय के लिए प्रत्येक दर्शकों से आह्वान किया। मुख्य अतिथि सी.सी.एल के चैयरमैन श्री पी.एम प्रसाद ने एकल अभियान वनबंधु परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गांव से लेकर शहर तक के समुन्नत विकास के लिए एकल अभियान का कार्य महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर एकल पर आधारित वीडियो फिल्म-एकल कश्मीर एवं लद्दाग तथा श्रीहर सत्संग समिति के कार्यों पर आधारित चल चित्र दिखाए गए। स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय वनवंधु परिषद रांची चैप्टर के अध्यक्ष श्री रमेश धरनीधरका एवं मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन ने किया। इस कार्यक्रम में रांची शहर के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा एकल अभियान के श्रीमती रेखा जैन, उषा जालान, डा.ललन कुमार शर्मा राज जैन, सुमित खेमका, जयदीप मोदी, मुकेश अग्रवाल, अमरेन्द्र विष्णुपुरी, प्रशांत कुमार सिंह, अमन कुमार, विशेष केड़िया, बबीता जालान, दीपक अग्रवाल, मनोज तुलस्यान, अंचल किंगर, उत्सव पराशर, सुमित पोद्दार, सुमित केड़िया, अनुपमा राजगड़िया आदि सैकडों की संख्या में उपस्थित थे।

## रामअवतार की अध्यक्षता में हुई बालाजी मंदिर समिति की बैठक

**रांची।** श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 16 वें वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय समारोह के अंतिम दिन नौ जुलाई को भगवान का शुभ विवाह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला रविवार को हुई बैठक में लिया गया। इसकी अध्यक्षता रामअवत्तार नारसरिया ने की। भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का कल्याणोत्सव दक्षिणात्य पद्धति से मनाया जायेगा । कल्याणोत्सव को संपन्न कराने के लिए कांचीपुरम के प्रसिद्ध भगवान वरदराज मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीवत्स भप्तर के नेतृत्व में विद्वानों का दल रांची आयेगी । दक्षिण का प्रसिद्ध वाद्य नादेश्वरम की टीम भी कांचीपुरम से आयेगी। कल्याणोत्सव के मुख्य यजमान वर पक्ष- रामअवतार, शारदा नासरिया होंगे। वहीं, वधू पक्ष- रमेश, शशि धरणीधरका, श्रीभूदेवी- प्रदीप, मधु गाड़ोदिया होंगे। कल्याणोत्सव का सारा कार्यक्रम श्रीधाम वृंदावन के जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के निर्देशन में संपन्न होगा। कल्याणोत्सव के पहले 8 जुलाई 2023 शनिवार को भगवान नगर भ्रमण के लिये निकलेंगे। बैठक में सर्वश्री नारायण जालान, अनूप अग्रवाल, ओमप्रकाश केजरीवाल, मुरारी मंगल, प्रदीप नारसरिया, रमेश धरणीधरका, राजेश सुल्तानिया, रामवृक्ष साहू, गौरी साबू, विनय धरणीधरका, सुशील लोहिया आदि उपस्थित थे।

## प्रणामी ट्रस्ट के अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** रांची की समाजिक एव धार्मिक संस्था एम. आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सेवाभावी सदस्यों व धर्मप्रेमीजनों के सौजन्य से रविवार को पुंदाग स्थित श्री राज श्यामा( श्री राधा-कृष्ण )मंदिर में 91 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओं, राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में कचौड़ी, पूरी, खीर, आलू टमाचर की सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, दही का ठंडा छाछ ग्रहण किया। जिसमे दही की छाछ का वितरण विद्या देवी अग्रवाल के सौजन्य से रहा। अन्नपूर्णा भोजन भंडारे की सेवा में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूरणमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी,शिव भगवान अग्रवाल, पवन पौदार( ताउ ), विशाल जालान,ज्ञान प्रकाश शर्मा, चन्द्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता,परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल,अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# दस माइल चौक पर ट्रेलर ने ऑटो को रौंदा, चालक की मौत

**● आक्रोशित लोगों ने जाम किया चौक, मुआवजा की मांग पर अड़े**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के दसमाईल चैक पर हुई सडक दुघर्टना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सलिादोन के रहनेवाले जीमल अंसारी के रूप में हुई। जीमल सुबह लगभग छह बजे आटो लेकर सडक पर निकला ही था कि पीछे से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आ गया और ट्रेलर में फंस जाने से उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। घटना से गुस्साए लोगों ने मौके पर ही दसमाईल चौक को जाम कर दिया, जिससे दोनो ओर वाहनों की कतारें लग गयी। घटना की सूचना मिलते ही खरसीदाग और तुपुदाना ओपी पुलिस सहित नामकुम बीडीओ मौके पर पहुंचे और जामकर्ताओं को समझाया बुझाया पर वे अपनी मांगों को लेकर अड़े थे। लगभग चारे घंटे के बाद अधिकारियों द्वारा तत्काल दस हजार रुपए दिलवाने और दो दिनों में बाकि मुआवजा दिलाने तथा अन्य सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया तब जाकर लगभग ग्यारह बजे सड़क जाम हटाया गया।

**चार घंटे के जाम से लगी वाहनों की कतार**



दुघर्टना से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने पूरी तरह से रांची खूंटी मार्ग को जाम कर दिया था, जिससे दोनो ओर वहनों की लम्बी कतारें लग गयी थी,ग्रामीण मृतक के आश्रितों के लिए जनवितरण प्रणाली की दुकान, विधवा पेंशन, अंबेडकर आवास देने और सरकार प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने तथा मुआवजा देने के बाद ही दुघर्टना वाले वाहन को छोड़ने की मांग पर अडे थे। मौके पर पहुंचे अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के समझाने बुझाने पर लगभग चार घंटे के बाद जाम हटाया गया तब जाकर आवागमन सामान्य हो पाया।

## ओरमांझी : रेल लाइन से युवक का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के जावाबेड़ा निवासी मंगरा उरांव के 18 वर्षीय बेटा का शव पुलिस द्वारा रेलवे लाइन से बरामद किया गया है। युवक शहीद्र उरांव का शव चरकीडुमर जावाबेड़ा स्थित रेलवे पोल संख्या 174/16 के पास सिर धड़ से अलग पड़ा हुआ था। वहीं रेलवे पटरी व आसपास काफी संख्या में खून गिरे थे। शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। सिर्फ बायें हाथ में रस्सी जैसे निशान उभरे थे। गांव की कुछ महिलाएं सुबह महुआ चुनने जंगल जा रहे थे। रेल लाइन पर शव पड़ा देख युवक को पहचान ली और स्वजन को जानकरी दी गई। सूचाना मिलने पर ओरमांझी थाना पुलिस व बरकाकाना रेलवे पुलिस फोर्स के एसआई भुपेश कुमार व एएसआई एफ कुल्लू घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से पुछताक्ष कर घटना की जानकरी ली। वहीं घटना की जानकरी मिलने पर मुखिया दशमी मिंज, स्वजन सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी घटना स्थल पर पहुंच गए थे। परिजनों ने मानसिक संतुलन बिगड़ने और खुद आत्महत्या की आशंका जताते हुए पोस्मार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

**परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार**



घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीण और रेलवे पुलिस।

पिता मंगरा उरांव के अनुसार बेटा महेंद्र उरांव कुछ दिनों से वह अक्सर घर से निकल कर कहीं चला जाता है। शनिवार को भी शाम 7.30 बजे घर से निकला था। वहीं छोटा भाई सिकंदर उरांव ने बताया कि रात को भोजन कर वह घर में ही सोया था। जबकी बहन किरन देवी का कहना है कि वह भाई को रात दो बजे तक वह घर में ही सोए हुए देखी थी। रात में कब घर से निकला किसी को पता नही चला। युवक का शव जावाबेड़ा स्थित उसने घर से लगभग दो किमी दूर शव पड़ा था। घटना स्थल तक वाहन का बाइक भी नही पहुंच पाता है। गांव से वहां तक पहुंचने के लिए पैदल रास्ते भी नही है। रेलवे ट्रेक पर ही चल कर जा घटना स्थल तक पहुंचा जा सकता है। सूचना मिलने पर स्वजनों के साथ घटना स्थन पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि आत्महत्या करना ही था तो इतने दूर पैदल आने की जरूरत नही थी। गांव से कुछ ही दूर पर रेल लाइन है। हालांकि गांव वाले पोस्टर्माटम कराना चाहते थे, लेकिन परिजनों के इनकार के बाद ग्रामीण खामोश हो गए।

## स्पीड न्यूज

### रातू : पिर्रा से नकद और मोबाइल की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा आदर्श नगर निवासी अंजू देवी के मकान पर किरायेदार कुंदन कुमार के कमरे से जिंस पेंट के पॉकेट में रखे 16 हजार नकद और उसके दोस्त का मोबाइल चोरी की बात सामने आयी है। घटना 9 जून रात करीब 10 बजे की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी के बयान पर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 380 के तहत कांड 232/23 दर्ज की गयी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गयाए जिसमें दो युवक चोरी करते दिख रहे हैं। इसमें एक की पहचान कर लिये जाने का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुंदन अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मकान की छत पर सोया था। सुबह उठाए तो उसके एक दोस्त का मोबाइल और कुंदन के पेंट में रखे 16 हजार रुपये गायब थे। पुलिस जांच कर रही है।

### अलग-अलग हादसे में दो घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में दो लोग घायल हो गए। पहली घटना सुबह लगभग आठ बजे की है। ठाकुरगावं करगे रोड में ईंट भट्ठा के निकट अपने दामाद के साथ बाइक से गोरे जा रही कमरून निशा झपकी आने के बाद बाइक से गिर कर घायल हो गयी। वहीं दूसरी घटना ब्राम्बे चौक की हैए जहां साइकिल सवार भीमसेंट उरांव को कुणाल बस ने धक्का मार दिया। पुलिस ने कुणाल बस को जब्त कर लिया है।

### चान्हो : कबाड़ी दुकान से चोरी के तार बरामद

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने बीजूपाड़ा, टांगर स्थित शोएब अंसारी के कबाड़ी दुकान में रविवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में चोरी का तार बरामद किया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार के अनुसार कबाड़ी दुकान से 4 बंडल 33 हजार वोल्ट वाला हाईटेंशन बिजली तार बरामद किया गया है। हालांकि मौके से कबाड़ी संचालक फरार हो गया जिसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।दूसरी ओर बिजुपाड़ा चौक के निकट रविवार सुबह चान्हो पुलिस को लावारिस हालत में दो बाइक मिला है, जिसका पुलिस द्वारा सत्यापन करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि दोनों बाइक चोरी की है।

### सोंस में घर के बाहर से टेंपो की चोरी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सोंस में घर के बाहर खड़ी सवारी टेंपो को चोरों ने चुरा लिया। घटना शनिवार रात की है। मामले को लेकर ऑटो मालिक दीपक साहू ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दीपक साहू ने बताया कि रोज की तरह उनका ऑटो जेएच01डीएल- 6552 घर के बाहर खड़ा था। रविवार सुबह जब उठने के बाद दरवाजा खोला तो देखा कि टेंपो गायब है। अपने स्तर से काफी खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चलने के बाद उन्होंने इसकी सूचना तत्काल थाना को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजूपाड़ा टांगर मैदान में लगा ऊर्जा मेला

**चान्हो।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मांडर द्वारा बिजूपाड़ा टांगर मैदान में रविवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। इसमें एक मुस्त ब्याज माफी योजना के साथ उन्नीस अन्य मामले के आवेदन प्राप्त हुए। इस मेला का मुख्य उद्देश्य लोगों के विद्युत संबंधित हर प्रकार के मामले का निस्पादन करना था। ऊर्जा मेला के द्वारा लोगों को इस महीने तक चलाए जा रहे एक मुस्त योजना के बारे में जागरूक करते हुए बतलाया गया कि यह महीना माफी योजना के लिए अंतिम माह है। घर व सिंचाई का बिल बकाया हो वो इस महीना तक अपने बिजली बिल में ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये भाजपा नेता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के फुसरो सुपर बाजार निवासी स्व बिनोद कुमार सिंह जी की 5 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व बिनोद कुमार सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 21 गरीबों को अंग वस्त्र दिया गया। मौके पर डॉ सुरेंद्र सिंहए भाजपा वरीय नेता दिनेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## रातू में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा और लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ आज से

**आकर्षण के केंद्र हैं प्रवेश द्वार**

**यज्ञ को लेकर लोग उत्साहित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** राजकिला के समीप 12 जून से होने वाले पांच दिनी श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गयी है। यज्ञ स्थल और मंडप को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व बजरंगबली की तस्वीर लगायी गयी है। प्रवेश द्वार आकर्षण के केंद्र हैं। कार्यक्रम को लेकर लोग उत्साहित हैं। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। स्वयंसेवक भी तैनात रहेंगे। सोमवार की सुबह हजारों महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। कथावाचक संत गोपालमणि जी महाराज श्रद्धालुओं को भक्ति का रसपान करायेंगे।

**महायज्ञ में लेंगे हिस्सा**

रातू के अलावा नगड़ी, मांडर, चान्हो, खलारी, बुढ़मू, ठाकुरगांव, पिठोरिया, नामकुम, इटकी, बेड़ो, लापुंग, ओरमांझी व कांके आदि प्रखंड के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। इसमें महिलाएं भी हैं। उनके लिये रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था है। थानेदार सपन कुमार महथा आयोजन समिति के पदधारियों से मिल सुरक्षा उपायों की जानकारी ली।

**कार्यक्रम की खास बातें**

- रथ मेलाटांड़ में होगी पार्किंग
- रासलीला का लोग उठायेंगे आनंद
- पांच दिन लगातार चलेगा भंडारा
- रोज 20 हजार लोग लेंगे प्रसाद
- मांस-मछली और शराब पर पाबंदी

## अपराधियों ने मांगी पांच लाख की रंगदारी, जान मारने की दी धमकी

**संतोष चौरसिया प्रकरण**

**रातू।** सुंडील में आठ जून की रात अपराधियों के हमले से घायल मिक्सर मशीन मालिक संतोष चौरसिया से पांच लाख रंगदारी की मांग की जा रही है। होशियार बनने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी गयी है। इससे रिम्स के न्यूरो वार्ड में इलाजरत संतोष और उसके परिजन काफी भयभीत हैं। उसने पुलिस को बताया कि मोबाइल से लगातार संपर्क किया जा रहा है। उसने साफ तौर पर कह दिया है कि वह रुपये देने में सक्षम नहीं है। घटना को लेकर रातू थाने में तीन अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 229/23 दर्ज की गयी है। पुलिस घटनास्थल का कॉल डंप और तकनीकी सेल से सीडीआर निकाल कॉल डिटेल्स खंगाल रही है।

**जानें क्या है मामला**

संतोष छत ढलाई में प्रयुक्त मिक्सर मशीन भाड़े में लगाता है। कभी-कभार खुद भी चलाता है। गुरुवार की शाम काम कर घर लौटा। खाना खाकर सो गया। कुछ देर बाद किसी ने आवाज देकर उठाया। देखा कि तीन युवक मोटरसाइकिल लेकर खड़े थे। उससे ढलाई की बात की। इतने में दो बार आवाज सुनायी दी और चिंगारी निकली। वह दरवाजे के बाहर गिर गया। इस बीच तीनों समीप के रिंग रोड की ओर फरार हो गये थे।

## सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर सुमित का गांव में स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के सुदूरवर्ती मालश्रृंग गांव निवासी किसान शिवकुमार का पुत्र सुमित कुमार ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। रविवार को गांव आने पर ग्रामीणों ने सुमित कुमार का स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया। जुलूस के शक्ल में खुशी मनाते हुए ग्रामीणों ने उत्सव भी मनाया। वह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा में 55वां रैंक लाकर उक्त सफलता पाई है। शनिवार को देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी में सुमित कुमार समेत अन्य चयनित युवाओं को लेफ्टिनेंट की उपाधि से नवाजा गया। रविवार को गांव में सुमित कुमार के सम्मान में समारोह का भी आयोजन किया गया। मौके पर लेफ्टीनेंट सुमित को ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुमित कुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम व दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता निश्चित प्राप्त होती है। उन्होंने युवाओं से परिश्रम करने की भी बात कही। मौके पर जनक गुप्ता, शिवकुमार साहु, अजित साहु, किशोर मास्टर, देवीचरण साहु, नान्हू महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह : मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिठोरिया।** अंजुमन इस्लामिया कमिटी कोकदोरो के तत्वावधान में रविवार को ईदगाह में प्रतिभा सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रीक व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षाविद् परवेज आलम के द्वारा मैट्रीक में 89०6 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा नाजीया परवीन और इंटर साइंस में 84.6 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र जैद मोहम्मद को 11.11 सौ रुपए देकर सम्मानित किया। वहीं अलीईमाम अंसारी ने भी नाजीया परवीन को एक हजार रुपए देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अब्दुल मजीद अंसारी ने कहा मेघावी छात्रों को सम्मानित करने से छात्र जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता। शिक्षित समाज ही देश को प्रगति का रास्ता दिखाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि मुस्लिम समाज में शिक्षा जागरुकता के लिए सतत अभियान चलाया जाए। वहीं शिक्षाविद् परवेज आलम ने कहा कि किसी भी छात्र की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सम्मान समारोह मील का पत्थर साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश बच्चे मैट्रीक और इंटर के बाद ड्राप आउट करते हैं।

## ओड़ेदारू गांव के दो घरों में लगी आग

**● अनाज सहित घर के सामान जल कर हो गये खाक**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के ओड़ेदारु गांव में रविवार को रामसेवक सिंह मुंडा और गांगू सिंह मुंडा के घर में आग लग जाने से घर एवं घर में रखे फर्नीचर का सामान साइकिल कपड़ा अनाज सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गए। आग कैसे लगी इसकी सही जानकारी किसी को नहीं है।जानकारी देते हुए पीड़ित रामसेवक सिंह मुंडा ने बताया कि दोपहर को वे दूसरे जगह पर सोये थे अचानक आग.आग की चीख-पुकार होने लगी। दौड़कर आए तो देखा कि अपने ही घर में भीषण आग लगी है। तभी चारों तरफ से लोग ने हाथ मे बाल्टी लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि लाख कोशिश के बावजूद घर को नहीं बचाया जा सका।साथ ही आसीन मुंडा के घर का आधा हिस्सा जल गया। हालांकि पुलिस प्रशासन और गांव के लोगों के प्रयास से अन्य घर को बचाया जा सका। लोगों ने कहा कि घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल को दी गई। थाना प्रभारी के प्रयास से1घण्टे के अंदर घटनास्थल दमकल गाड़ी पहुंचा।दमकल के पहुंचने से आग पर पूर्णतरू काबू पाया गया। पीड़ितों ने अंचल कार्यालय में सूचना देकर मुआवजे की मांग की है।

**एक नजर में**

### मांडर विधायक ने किया मल्टी गांव का दौरा



**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने रविवार को प्रखंड के मल्टी गांव का दौरा किया। इस दौरान गांव में गत दिनों डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक वृद्धा की हुई हत्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बाद में ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में अंधविश्वास के कारण हुई इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बंधु तिर्की ने कहा कि मल्टी गांव में घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार सभी तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं दूसरी ओर किसी भी निर्दोष को फसने भी नहीं दिया जायेगा। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा की कमी और जागरूकता के अभाव में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटती है। मौके पर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया गया।

### इटकी : मदरसा इमदादुल उलूम में सम्मेलन




**इटकी।** छोटानागपुर जमीअतुल एराकिन कमेटी देही हल्का का सम्मेलन रविवार को इटकी स्थित मदरसा इमदादुल उलूम में हुआ। सम्मेलन का शुरूआत कारी मो दानिश के द्वारा तिलावते कलामपाक से की गयी। सम्मेलन में समाज के उत्थान को लेकर शिक्षा पर बल दिया गया। साथ ही समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की सपथ ली गयी। सम्मेलन में मौलाना मनिरुद्दीन शम्सी ने कमेटी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। शाह उमेर को झारखंड जमीयतुल एराकीन का कन्वेनर के रूप में चुनाव किया गया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मो जावेद, खुर्शीद हसन रूमी, परवेज आलम, खुर्शीद अहमद, मुर्तजा आलम, मो जाहिद, हाजी मोइनुद्दीन, मौलाना मुनीर, हाजी मसीहउद्दीन, अब्दुल कयूम, हाजी रिजवान, तफज्जुल हुसैन, गुलाम शाहिद व इंबेसाद आलम शामिल थे।

### आदिवासी कुड़मी समाज की सोनाहातू प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय भवन में आदिवासी कुड़मी समाज का प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गिरिधारी महतो ने की।बैठक में संचालन अर्जुन महतो ने किया।जिसमे बैठक में समाज के समक्ष कुड़मी जनजाति होने का इतिहास शहीदों महापुरुषों कुड़मालि भाषा संस्कृति धर्म और परंपरा पर विशेष चर्चा की गई। आगामी भारत की जनगणना को लेकर समाज द्वारा सही डाटा दर्ज कराने को लेकर विशेष बल दिया गया।इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कुड़मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजित महतो ने बताया कि हम झारखंड के खूंटकट्टी आदि बासीन्दाए खतियानी और गुष्टिधारी कुड़मी हैंएजिन्हें कालांतर में बाह्य पर्यवेक्षकों द्वारा खतियान में विभिन्नए कुड़मी कुर्मी दर्ज किया गया है, जो मूल रूप से कुड़मि हैं।

## बुंडू में बंद समर्थक छात्रों से पुलिस की झड़प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बुंडू।** 60-40 आरक्षण नीति के विरोध जेएसएसयू छात्र संगठन द्वारा आहूत दो दिवसीय झारखंड बंद के दूसरे दिन बुंडू सहित पूरे अनुमंडल क्षेत्र में बंद का व्यापक असर रहा। बंद के समर्थन में छात्र नेता देवेंद्र महतो के नेतृत्व में दर्जनों मोटरसाइकिल से बुंडू नगर में रैली निकालकर बंद करने की अपील की। सभी छात्र सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। छात्र संगठनों के रैली के पीछे-पीछे पुलिस प्रशासन मुस्तैद होकर ड्यूटी में तैनात रहे। बंद समर्थकों ने रांची टाटा मार्ग 33 पर टोल गेट के समीप सड़क जाम कर सरकार और पुलिस विरोधी नारेबाजी की। इसी क्रम में पुलिस के साथ जमकर झड़प हुई। डीएसपी अजय कुमार और थानेदार पंकज भूषण ने छात्र नेता देवेंद्र महतो और उनके समर्थकों को हिरासत में लेकर बुंडू थाना ले आई इसके पश्चात पुलिस ने सभी बंद समर्थकों को छोड़ दिया। दूसरे दिन रविवार को हाट बाजार व्यवसायिक प्रतिष्ठान के अलावा सभी संस्थाएं बंद रही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की एक भी दुकानें नहीं खुली। बुंडू से टेंपो छोटी बड़ी यात्री वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। रांची टाटा मार्ग पर एक भी यात्री वाहन नहीं चले। इधर 2 दिन बंद रहने के कारण बुंडू नगर के दुकानदार एवं आम लोग भी परेशान रहे शादी का लगन के कारण लोगों ने अपने सामानों की खरीदारी नहीं कर पाए। कुल मिलाकर के बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में बंद का व्यापक असर देखा गया पुलिस प्रशासन भी चौक-चौराहे पर ड्यूटी में तैनात रहे कहीं हिंसा की घटना की खबर समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं है।

## जारंगडीह असैनिक संवेदकों की बैठक

**बेरमो।** जारंगडीह सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह परियोजना के अतिथि गृह में रविवार को जारंगडीह परियोजना एवं आरआर शॉप परियोजना के असैनिक संवेदकों का महत्वपूर्ण बैठक वरीय संवेदक योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की स्थिति मजबूत करनेएशाखा कमिटी पुनर्गठन करने सहित कई मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई साथ ही सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक योगेंद्र सिंह अध्यक्ष.मो यासीन सचिव.संजय कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष तरुण कुमार भट्टाचार्य चुने गए तथा कमिटी का पूर्ण रूप से विस्तार के लिए अध्यक्ष एवं सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई।

## सुसारी पर्व : मनोकामना पूर्ण होने पर बनते हैं भूत-पिशाच

**दुर्गा घट के साथ सुसारी पर्व का आठवां दिन संपन्न**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**राहे।** राहे गांव में नौ दिवसीय शिव उपासना का महापर्व सुसारी पर्व का आठवां दिन रविवार को दुर्गा घट के साथ संपन्न हुआ। कोकरो नदी श्मशान घाट से सुसारी को माता दुर्गा के रूप में राहे शिव मंदिर तक लाया गया। इस दौरान कई जगहों पर सुसारी ने अपना चेतना खो गया था। दुर्गा घट के साथ काफी संख्या में भूत पिशाच के रूप में युवक साथ चल रहे थे। मान्यता है कि मनोकामना पूर्ण होने पर युवक सुसारी पर्व में भूत पिशाच बनते है। ये मंडा पर्व से मिलता जुलता पर्व है। नौ दिनों तक भोक्ता अपने सरदार सुसारी के साथ राहे स्थित शिव मंदिर में रह कर शिव आराधना किये।नेम निष्ठा के साथ पर्व को मनाया जाता है। 9वें रात माता काली के रूप में सुसारी को लाया जायेगा। इस रात जागरण होगा। बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य दल के द्वारा नृत्य किया जायेगा। जागरण की सुबह भोक्ता ओर सुसारी दहकते अंगारों में चलेंगे। इसी के साथ पर्व का समापन होगा। पर्व का आयोजन राहे सोलह आना समिति के द्वारा किया जाता रहा है। पर्व को देखने दूर दूर से लोग देखने आते हैएजिस कारण काफी भीड़ होती है।

# धौनी के बाद हार ही...

**भा**रतीय क्रिकेट टीम का आइसीसी टूनामेंटों में हारने का सिलसिला लगातार जारी है। टीम इंडिया इस बार भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में हार गई और इसी के साथ भारतीय क्रिकेट टीम का आईसीसी खिताब जितने का सपना एक बार फिर टूट गया। भारत ने आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। तब धोनी की कप्तानी ने टीम इंडिया ने आखिरी ओवर में इंग्लैंड को मात दी थी। धोनी की कप्तान में टीम इंडिया ने यह तीसरी आईसीसी टॉफी जीती थी। हालांकि, इसके बाद से टीम इंडिया को ऐसी नजर लगी की टीम के लिए एक भी कउउ टूनामेंट जीतना मुश्किल हो गया है। साल 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से टीम इंडिया 2014 टी20 विश्व कप फाइनल ,2015 वनडे विश्व कप और 2016 टी 20 विश्व कप सेमीफाइनल ,चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 फाइनल, वनडे विश्व कप 2019 सेमीफाइनल, 2021 टी20 विश्व कप में सुपर 12 चरण में , 2022 टी 20 विश्व कप सेमीफाइनल और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2021 फाइनल हार गई । विश्व क्रिकेट में अपने रूतबे के बावजूद भारतीय टीम के आईसीसी खिताब जीतने पर लगा ग्रहण टला नहीं है, अब आस्ट्रेलिया से 209 रन से हारकर रोहित शर्मा की टीम लगातार दूसरी बार खिताब से वंचित रह गई। ऐसा नहीं था कि भारतीय क्रिकेट टीम को इस मैच में जीतने का अवसर नहीं मिला लेकिन उस अवसर का लाभ उठाने में क्रिकेट टीम विफल रही। ऐसी स्थिति है कि आइसीसी में हार के बाद धौनी की याद आना स्वाभाविक है क्योंकि हारते मैंच को जीतना और अंतिम समय तक संघर्ष करना ही क्रिकेट का रोमांच है। दस साल पहले धौनी के नेतृत्व में टीम आइसीसी कप जीती थी। उसके बाद हार का सिलसिला थम ही नहीं रहा है।

# कनाडा की करतूत

**बी**ते सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालने की घटना ने सभी हदें पार कर दी। जो बताती है कि कनाडा में भारत विरोधी पृथकतावादियों के हौसले कितने बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में शामिल लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। चार जून को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर भारतीय राष्ट्रवादी उद्वेलित हुआ है। जिसके चलते भारत सरकार ने भी घटना का कड़ा प्रतिवाद किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़े शब्दों में कहा है कि ये घटना न तो भारत-कनाडा संबंधों के लिये और न ही कनाडा के लिये ठीक है। यूं तो कहने के लिये भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैक ने इस घटना की निंदा की है, और कहा है कि उनके देश में हिंसा व नफरत के महिमामंडन के लिये कोई स्थान नहीं है। लेकिन वहीं कनाडा सरकार के एक मंत्री ने भारत पर उसके अंदरूनी मामलों में दखल देने का कुतर्क दोहराया है। दरअसल, कनाडा को समझ नहीं आ रहा है कि चरमपंथ, पृथकतावाद और हिंसा की तपिश का ताप देर-सवेर उसे भी महसूस करना पड़ेगा। दुनिया के कई देशों ने ऐसे कृत्यों को संरक्षण की कालांतर कीमत चुकायी है। इस बात का अहसास कनाडा के हुक्मरानों को जितनी जल्दी हो सके, अच्छा है। दरअसल, कनाडा में अलगाववादियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कभी वे पृथक देश के मुद्दे पर जनमत संग्रह की बात करते हैं, कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, भारतीयों पर हमले करते तो कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। जिसको देखकर भी कनाडा सरकार चुप्पी साध लेती है। दरअसल, अलगाववादी उस स्याह सच पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी बड़ी कीमत पंजाब ने चुकायी है। बड़ी कुबार्नी देकर पंजाब आज शांत माहौल में प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

# एमएसपी अच्छा कदम, फिर क्यों सितम





-डॉ राजेन्द्र शर्मा

> केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है। अब हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है।

**केंद्र** सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केंद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। बावजूद इसके किसान संगठन नाखुश रहते हैं। इनकी नाखुशी का बड़ा कारण यह होता है मंडी में खरीद ठीक ढंग से नहीं होती। होना यह चाहिए सरकारी खरीद पर कोई ना नुकर नहीं कर पाए।

सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की ओर ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलनों के दौरान महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी को लेकर है। किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है। अब हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फामूर्ला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हेक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरे में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है।

देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के माध्यम से व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब राजस्थान प्रमुख सरसों उत्पादक प्रदेश था। इसके कारण प्रायः एक साल छोड़कर दूसरे साल एमएसपी की खरीद की आवश्यकता महसूस होती थी। बाजार व्यवस्था का अध्ययन करें तो यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करते हुए बाजार में भावों में हल्की तेजी तो तत्काल देखने को मिल जाती थी।

इसी तरह से एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते होते मण्डियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे। पर करीब एक दशक से स्थितियों में तेजी से बदलाव आया है।

## खास बात

### तीन तलाक के खात्मे के बाद

**क्षमा शर्मा**

**तीस** जुलाई, 2019 को भारत की संसद ने तीन तलाक के खिलाफ कानून पास करके इसे दंडनीय अपराध बनाया था। नुसरत जहां के मामले में तलाक की चर्चा से यह मसला फिर से गर्म हो गया है। भाजपा नेता और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि तीन तलाक कानून लागू होने के बाद ऐसे मामलों में बयासी प्रतिशत की कमी आई है। अगर ऐसे मामले सामने आए भी हैं, तो वहां कानून ने अपना काम किया है। इसलिए एक अगस्त को मुस्लिम महिला अधिकार दिवस मनाया जाना चाहिए। अव्वल तो मुस्लिम महिलाओं की तीन तलाक से जुड़ी परेशानियों पर अक्सर राजनीतिक दल बात नहीं करते हैं।

राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों, संगठनों को अक्सर महिला सशक्तीकरण की चिंता सताती रहती है। वे अपने-अपने मेनिफेस्टो में इसका जिक्र भी करते हैं, लेकिन सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में परेशान हमारी मुस्लिम औरतों के दुख उन्हें क्यों नहीं दिखते। वे इसे खुद तय करें। इस तरह तो हर कोई अपने निजी मामलों की दुहाई देकर किसी भी कानून को मानने से इन्कार कर सकता है। जबकि बाईस मुस्लिम देशों ने तीन तलाक को समाप्त कर दिया है। कानून बनने से पहले कमाल फारूकी (जो मुस्लिम विद्वान माने जाते हैं) ने कहा कि एक मामले के लिए इस्लाम के कानून को नहीं बदलना चाहिए। आज औरतें तीन तलाक को खत्म करने की मांग कर रही हैं, कल को जमीन-जायदाद में हिस्सा मांगेंगी। अगर औरतें जमीन-जायदाद में हिस्सा मांगें भी तो क्या गलत है? अपनी ही औरतों को तमाम अधिकारों से वंचित करने से कौन-सा ईश्वर या अल्लाह खुश हो सकता है !तीन तलाक का मसला उत्तराखंड की सायरा के कारण बहस का विषय बना था। इस्लाम में दहेज की मनाही के बावजूद, दहेज मांगा गया। पति उसे अक्सर तलाक की धमकी देता था। एक बार जब वह अपने मायके गई थी, तो उसके पति ने प्रॉपर्टी के कागजात के नाम पर तलाक के कागजात भिजवा दिए। कोई और रास्ता न देखकर, उसने अदालत की शरण ली।

# शिव के सम्मुख

## धर्म-प्रवाह

**विंध्यवासिनी सिंह**

**महर्षि शिलाद** ने भगवान इंद्र की कठिन तपस्या की और जब इंद्र भगवान, ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए, तो उन्होंने भगवान से यह वरदान मांगा, कि वह उन्हें जन्म मरण के बंधन से मुक्त पुत्र प्रदान करें।

आप जब भी किसी शिव मंदिर में गए होंगे, तो मंदिर में प्रवेश करते ही आपको नंदी महाराज की मूर्ति अवश्य दिखेगी। नंदी की इस प्रतिमा का मुंह हमेशा भगवान शिव की प्रतिमा की तरफ रहता है।

ऐसे में कई लोगों के मन में यह प्रश्न जरूर उठता होता होगा कि भगवान शिव के प्रत्येक मंदिर में नंदी महाराज का होना अनिवार्य क्यों है? ऐसे में आज हम आपको इसकी कहानी बताएंगे कि क्यों नंदी के बगैर भगवान शंकर के मंदिर की स्थापना नहीं होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन समय में शिलाद नाम के महर्षि हुआ करते थे, जो बड़े तपस्वी थे, और उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य अपनाने का संकल्प लिया हुआ था।

लेकिन कुछ समय बीतने के बाद महर्षि शिलाद को इस बात का एहसास हुआ कि उनके ब्रम्हचर्य के संकल्प की वजह से उनके वंश की समाप्ति हो जाएगी और उनके वंश में कोई भी पितरों का नाम लेने वाला नहीं रहेगा।

ऐसे में महर्षि शिलाद ने भगवान इंद्र की कठिन तपस्या की और जब इंद्र भगवान, ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए, तो उन्होंने भगवान से यह वरदान मांगा, कि वह उन्हें जन्म मरण के बंधन से मुक्त पुत्र प्रदान करें।

**पीठ** हमेशा मजबूत रखनी चाहिए, क्योंकि शाबाशी और धोखा दोनों पीछे से ही मिलते हैं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

झारखण्ड में सर्व जन उपयोगी श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की 'प्रति बूंद अधिक फसल- सूक्ष्म सिंचाई योजना' के क्रियान्वयन में झारखण्ड में गड़बड़ी। जाँच तो शुरू हुई है। अब देखिये क्या होता है।
**-महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**





**गरीब,** वंचित और शोषित समाज के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले, सामाजिक न्याय के पुरोधा, राजद सुप्रीमो आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।
**- हेमंत सोरेन, सीएम**

## कॉर्टून वर्ल्ड

गरीबी और शोषण



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### वृक्ष बचायें

**देश** में हर वर्ष जुन महीने के पहले हफ्ते में करोड़ों रुपये खर्च करके वन महोत्सव मनाया जाता है। इसमें लाखों पौधे लगाए जाते हैं, जिनमें आधे से अधिक अगले वन महोत्सव से पहले ही सूख जाते हैं। साफ है कि सिर्फ पेड़ लगाने से जंगल नहीं बनते हैं। जंगल एक नेचुर साइकिल है जो उसमें पलने वाले जीव-जंतु, वनस्पतियों, मिट्टी की गुणवत्ता से पूरी होती है।
**- दीपक महतो, मुरी**

### बाबाओं का हाल

**बाबाओं** के आश्रम पांच सितारा ऐशगाह हैं। धर्म उनके लिए महज उत्पाद है। एक ऐसा उत्पाद जिसका बाजार और बाजार में उसका मुनाफे में हर दिन के साथ इजाफा होता जाता है। इसमें कभी मंदी नहीं आती। पर यह रसूख इतना भी नहीं था कि उन्हें एक दशक तक सींखचों के पीछे जाने से रोक सके। ऐसे बाबाओं से हिंदू धर्म का अंदाज लगाना कठिन होता जा रहा है।
**- महेश प्रसाद, गुमला**

# मोदी सरकार की इथेनॉल नीति किसानों के हित में

## सामयिक

**सुधांशु कुमार**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इथेनॉल उत्पादन और पूरे देश में इसके वितरण के लिए ई-100 परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति के तहत पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण इससे पहले यह लक्ष्य साल 2030 तक पूरा किया जाना था वहीं अब इसे वर्ष 2025 तक पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि देश में इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल कार्यक्रम (ईबीपी) को वर्ष 2003 में आरंभ किया गया था परंतु इस दिशा में प्रगति विगत सात वर्षों में जाकर ही हो सकी है। वर्ष 2014 तक पेट्रोल में औसत रूप में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था जो अब बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गया है। जाहिर है कि इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के प्रति गंभीरता मोदी शासन के दौरान हुयी है।

**इथेनॉल है पर्यावरणानुकूल**

दरअसल इथेनॉल आर्गेनिक यौगिक इथाइल अल्कोहल है जो बायोमास से उत्पादित होता है। यह अल्कोहल बेवरीज में भी इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री है। चूंकि इसका ऑक्टेन संख्या गैसोलिन से भी अधिक है जिसका मतलब यह है कि यह पेट्रोल की ऑक्टेन संख्या को बढ़ाता है। इथेलॉन में ऑक्सीजन होता है और यह ईंधन के पूर्ण दहन में दहन मदद करता है। इससे कम उत्सर्जन होता है जो भारत को पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौता के लक्ष्य की प्राप्ति में भी मदद करेगा।

केंद्र सरकार ने ईबीपी कार्यक्रम को गति देने के लिए वर्ष 2018 में जैव ईंधन नीति की घोषणा की। पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बी-हैवी मोलास (शीरा), गन्ने के रस, शुगर सिरप और चीनी से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति दी है और चीनी मिलों को अतिरिक्त गन्ने को इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके अलावा भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास उपलब्ध अधिशेष मक्के और चावल को इथेनॉल के उत्पादन में इस्तेमाल करने की अनुमति भी दी है। सरकार ने यह भी घोषणा की है कि एफसीआई के पास उपलब्ध चावल को आने वाले वर्षों में डिस्टिलरीज को दिया जाएगा।

**किसानों की आय में होगी वृद्धि**

केवल अधिशेष खाद्यान्न उत्पादन की दशा में भी खाद्यान्न का उत्पादन करने वाले किसानों को लाभ हो रहा है और उनकी आय में वृद्धि हो रही है चीनी के उच्च भंडार वाली मिलों की नकदी समस्या भी दूर होगी। वर्ष 2013-14 में देश में लगभग 38 करोड़ लीटर इथेनॉल की खरीद हुई थी जो अब बढ़कर 320 करोड़ लीटर हो गई है। जाहिर है इसका लाभ देश के गन्ना किसानों को हुआ है।

**फसल विविधता को बढ़ाव एवं पानी की होगी कम खपत**

इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने से न केवल अधिशेष चीनी के इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल करने की सुविधा होगी, बल्कि यह किसानों को भी अपनी फसलों में विविधता लाने, विशेष रूप से मक्के की खेती के लिए प्रोत्साहित करेगा जिसमें कम पानी की आवश्यकता होती है।

**आयात बिल में होगी कमी**

उल्लेखनीय है कि भारत अपनी पेट्रोलियम खपत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। नीति आयोग के एक डेटा के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 भारत 185 एमटी पेट्रोलियम का विशुद्ध आयात किया जिसके लिए 55 अरब डॉलर का भुगतान करना पड़ा। बीस प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से भारत प्रतिवर्ष 4 अरब डॉलर यानी 30,000 करोड़ रुपये का बचत कर सकता है। यह आयात पर निर्भरता कम करके आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य प्राप्ति में भी मदद करेगा। इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम बहुद्देश्यीय लाभ वाला है।

# क्या भारत की पहचान एक अनुशासनहीन देश की है?

## मोटिवेशन



**अजयदीप बाधवा**

मैं अपनी पत्नी के साथ भूटान के पारो शहर में घूम रहा था। हमें सड़क पार करनी थी। सड़क खाली पड़ी थी और हम दोनो इसे पार करने लगे। जैसे ही हम ने सड़क आधी ही पार की थी कि पार्किंग में खड़े एक टैक्सी का ड्राइवर चिलाया कि हम जेब्रा क्रॉसिंग के बिना सड़क पार कर रहे हैं। हमें अपनी गलती का एहसास हुआ और हम वापस हो गए और आगे जा कर खाली पड़ी सड़क पर जहां जेब्रा क्रॉसिंग थी, वहां जा कर सड़क पार की। क्या आप ऐसा अनुशासन भारत में कल्पना कर सकते हैं? मेरा अनुशासन के मामले में ऐसा ही कुछ अनुभव सिंगापुर और श्री लंका जैसे छोटे देशों में भी रहा है। और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम विश्व में एक अनुशासनहीन राष्ट्र के रूप में जाने जाते हैं। जो विदेशी भी भारत आते हैं वे हमारी संस्कृति और एतिहासिक विरासत से तो बहुत प्रभावित होते हैं पर हमारी अनुशासनहीनता से परेशान भी होते हैं। कुछ दिन पूर्व एक आर्थिक पत्रिका में विश्व की कुछ बड़ी कंपनियों के शीर्ष प्रबंधकों की भारत के बारे में राय पढ़ रहा था और वे सब भारत के आर्थिक विकास से अचंभित तो थे पर उनकी चिंता थी कि भारत की अनुशासनहीनता हमारे विकास की सबसे बड़ी बाधा बन सकती है। मुझे तो लगता है कि हमने अनुशासन हीनता को ही जीने की एक कला समझ लिया है और स्वयं को इसे अपनी जीवन चर्या का ही एक भाग मान लिया है। सुबह उठकर बड़ों का अभिवादन नहीं करना, सार्वजनिक स्थलों पर बुजुर्ग व्यक्तियों की उपस्थिति में युवाओं का अपशब्दों का प्रयोग करना, रेलवे स्टेशन और पोस्ट ऑफिस आदि स्थानों पर लाइन में खड़े होने के बजाय लाइन को भंग करना, परीक्षा में कदाचार को अपना अधिकार समझना, सड़कों पर अपनी लेन में नहीं चलना, लाल बत्ती के बावजूद क्रॉसिंग पार करना, जहां तहां थूकना, सार्वजनिक स्थलों पर मूत्र त्याग करना, तमाम जानकारी के बावजूद प्लास्टिक थैलों का प्रयोग करना, शिक्षकों का सम्मान न करना, महिलाएं को घूरना, महिलाओं को सम्मान न देना, सार्वजनिक स्थलों को गंदा करना, अस्पताल और विद्यालयों के सामने भी जोर जोर से गाड़ी का हॉर्न बजाना, सड़कों पर जोर जोर से गाने बजाना, लोगों को जाति सूचक नामों से बुलाना, अपंग और विशेष लोगों को सम्मान न देना आदि कई ऐसे कारण हैं जो हमारी अनुशासन हीनता को दशार्ता है।

पर अब समय आ गया है की हम अपनी आदतों को बदलें क्योंकि अब भारत विश्व के पटल पर उभर चुका है। भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने वाले हैं। हमारी सेना विश्व की तीसरी सबसे शक्तिशाली सेना है। भारतीय युवा विदेशी कम्पनियों के शीर्ष पदों पर आसित हैं। हमारे प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनीतिज्ञों में एक माने जाते हैं। ऐसे में अगर हमने अपनी अनुशासन हीनता को नहीं छोड़ा तो हमें भविष्य में विकास से वंचित रहना पड़ सकता है। अब समय भारत को अनुशासित करने का है और इसके लिए हर संभावित कदमों को उठाना ही पड़ेगा।
(सीएमए कर सलाहकार, मोटीवेटर)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## गरीबों में भोजन, फल और बिस्कुट का वितरण

**हजारीबाग।** रौनियार वैश्य महिला समिति ने गरीबों में भोजन, फल और बिस्कुट वितरण कर कियो रश्मि रानी (अध्यक्ष) ने कहा की अन्न दान महा दान होता है मौके पर रौनियार वैश्य महिला समिति की अन्य पदाधिकारी रिंकी गुप्ता, विक्की गुप्ता, संगीता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, सरस्वती देवी, सारिका गुप्ता, सुषमा गुप्ता पूनम गुप्ता, अमिता गुप्ता, रश्मि कुमारी, कविता गुप्ता, रिंकी देवी, स्वेता देवी,मिंटू गुप्ता, बीना गुप्ता समेत सभी महिलाओं ने बढ़- चढ़ कर अपना निस्वार्थ योगदान दिया।

## यमुनी यशोदा नारायण योग आश्रम की भवन का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के कोयं झुमरा में सिवाने नदी की किनारे यमुनी यशोदा नारायण योगा आश्रम की प्रस्तावित भवन का निर्माण कार्य पुनः रविवार को प्रारंभ किया गया। इस भवन के लिए झुमरा निवासी रामेश्वर नारायण कुशवाहा ने अपनी 41 डिसमिल रैयती जमीन आश्रम के लिए दान की है। इस स्थल पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की शाखा के लिए भवन निर्माण किया जा रहा है। इस भवन निर्माण समिति के सचिव अशोक कुशवाहा ने बताया कि भवन निर्माण कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है। वह प्रखंड वासियों से आग्रह करते है कि भवन निर्माण में बढ़चढ़ कर सहयोग करे। इस आश्रम के आजीवन सदस्य के लिए 11 हजार और सामान्य सदस्य के लिए 1100 रुपैये रखा गया है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी सदस्यता ग्रहण करे इस आश्रम से जुड़े ताकि भवन निर्माण में पूर्ण सहयोग मिल सके। आश्रम का भवन बनाने में अध्यक्ष श्रीधर कुमार कोषाध्यक्ष लोकनाथ प्रसाद, सतेन्द्र कुमार दीपक,नरेश प्रसाद,रामधनी प्रसाद कुशवाहा सहित कई अन्य लोग भरपूर सहयोग कर रहे है।

## विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा की एक दिवसीय बैठक

**चरही।** रविवार को बहेरा पंचायत भवन के सभागार में विस्थापित/ प्रभावित संघर्ष मोर्चा की एक दिवसीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी ने किया। इस बैठक में विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा के मजदूरों के समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।मुखिया देवकी महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की तापिन साउथ रोड सेल में मजदूरों का खयाल रखा जाय। आगे कहा की यहां के रैयतों की 637 एकड़ भूमि को सीसीएल के द्वारा अधिग्रहण किया गया है।इसके एवज में आज तक सीसीएल प्रबंधक द्वारा ग्रामीण रैयतों को नौकरी और मुआवजा नहीं दे पाई है। तथा पीएलआर कंपनी में यहां के लोगों को रोजगार से नहीं जोड़ा गया है। विस्थापित /प्रभावित संघर्ष मोर्चा के मजदूरों ने सीसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि इस समस्या का समाधान समय रहते किया जाय।अन्यथा सभी मजदूर एकजुट होकर परियोजना कार्यालय का घेराव करते हुए भूख हड़ताल करने का मन बना रहे हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी रौशनी देवी,आशामुनि देवी, लतीफ अंसारी,मुबारक हुसैन,गुलजार अंसारी,हैदर अली, सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड बंद का दूसरे दिन भी गोला में रहा असरदार

**गोला।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले आहूत झारखंड में दो दिनी बंद के दूसरे दिन रविवार को भी गोला में व्यापक असर रहा। रविवार सुबह सात बजे से ही पहले दिन के जैसा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ो छात्र छात्राओं द्वारा गोला डीवीसी चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया गया। जिससे रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग, मुरी जानेवाली मार्ग व केझिया घाटी होकर रांची जानेवाली मार्ग में छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद 60-40 नाय चलतो, नियोजन निति जल्द लागू करो, हेमंत सरकार हाय हाय के नारे लगाये गये। साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया। 6 घंटे बाद एक बजे के करीब जाम को हटा लिया गया।

# दूसरे दिन भी रहा बंद, सरकार को चेताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के मुख्य चौक 7 माइल में झारखंड बंद को ले कर छात्र संघ के बैनर तले सड़क जाम कर सरकार के मनमानी के खिलाफ छात्रों ने जम कर नारे बाजी किया। छात्रों ने सरकार से गुहार लगाते हुए कहा की अगर झारखंड के नायक बिरसा मुंडा तथा चुहाड विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के सपनो का झारखंड यही है तो नैतिकता के आधार पर हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना चाहिए।

जिसके नाम और सपनो पर सरकार बनाई है, उसके सीने अपने ही लोगो द्वारा झारखंड के सीने को चिरते हुए हम नही देख सकते, हमे हमारा हक और बिरसा मुंडा का धरती वापस चाहिये। झारखंड अलग हुए 22 वर्ष समाप्त हो गया, लगभग सभी दलों ने हेरा फेरि कर सरकार भी बनाई और गिराई पर जो काम वर्ष 2001 मे हो जाना चाहिए था आज तक नही हुआ, इसी का मलाल है, आखिर क्यों और किस कारण मूल निवासी को परिभाषित अब तक नही किया गया? छात्रों ने कहा की झरखंडियो के हक और अधिकार को यूपी और बिहार के हाथो बेचा जा रहा है जिसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है, नही तो सब कुछ बर्बाद हो जायेगा।

छात्र संघ के नेताओं ने कहा कि हमारा पूर्वज झारखंड अलग राज्य के लिए कुबार्नी दी ताकि हमारा आने वाला भविष्य खूबसूरत हो जबकि उसका उलट आज का झारखंड बदबूदार लगने लगा है और हो भी क्यों ना जितनी भी बहालिया ली जा रही है लगभग 70% यूपी बिहार बंगाल उड़ीसा के लोग शामिल हो जा रहे हैं यहां के युवा पढ़ लिखकर मजबूरन विदेशों में काम करने के लिए जा रहे हैं। जहां से लगभग प्रत्येक सप्ताह एक ना एक प्रवासी मजदूरों की लाशें आ रही है क्या यही है अबुआ राज का सपना छात्रों ने अपनी भड़ास निकालते हुए हेमंत सरकार के खिलाफ खूब भड़ास निकाला और आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन का रूपरेखा तैयार करने की बात कही अगर सरकार नहीं सुनती है तो सरकार बदलने के लिए तैयार रहें।

# बिजली के शॉट सर्किट से बिचाली भरे वाहन में लगी आग


गाड़ी में लगी आग को बुझाते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत में बिचाली भरे 407 वाहन में आग लगने से बिचाली समेत पूरी गाड़ी जलकर राख हो गया।जानकारी के अनुसार बिचाली भरी गाड़ी घनी आबादी वाली बड़की गली में बिजली के लटके तारों के कारण शार्ट सर्किट से आग लग गयी।देखते ही देखते आग ने बिचाली भरे ट्रक को जलाकर राख कर दिया।वहीं ग्रामीणों की तत्परता के कारण अन्य सटे घरों की जानमाल की रक्षा में कामयाब हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी को दिया। मुखिया ने तत्काल अग्निशमन वाहन को इसकी जानकारी दी। अग्निशमन वाहन के देरी से आने के कारण ग्रामीणों ने जनरेटर लगाकर आग पर काबू पाने का काफी मशक्कत किया लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। आग की लपटें इतनी तेज थी की बगल में स्थित गौशाला में बंधी हुई मवेशियों को किसी तरह सुरक्षित निकाला गया।

एक नजर में

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन, पिलाया ठंडा शरबत और पानी


भोजन का वितरण करते मंच के लोग

**रामगढ़ (भुरकुंडा)।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से पिछले 2 माह से सप्ताह से भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 7 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। फैक्ट्री के कमल केडिया, अंकित केडिया के इस नेक पहल के लिए मंच के लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही श्री सिंह ने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्य में सब को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुकरा करमाली, लखन राम, रेणुका देवी, लालू उरांव, राजेश वर्णवाल, राकेश श्रीवास्तव, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

## उद्घाटन मैच में बीएसए ने रेन्बो स्कूल को 9 विकेट से हराया


विजेता एवं उपविजेता को सम्मानित करते बीएसए के अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से बरही प्रखंड मैदान में आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी-20 नोक आउट क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारम्भ किया गया। टूनार्मेंट की शुरूआत बीएसए के खिलाड़ी रहे स्व. आशुतोष कुमार यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। टूनार्मेंट का पहला मैच बीएसए और रेन्बो स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेन्बो स्कूल ने 16.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 105 रन बना पाई। रेनबो स्कूल की ओर से रूपेश कुमार ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। बीएसए की ओर से सर्वाधिक विकेट संदीप कुमार और सुशील गुप्ता ने 2-2 विकेट हासिल किया। वही बीएसए की ओर से सर्वाधिक 42 रन संदीप कुमार बनाकर नाबाद रहे। बीएसए ने 6 ओवर में 9 विकेट से जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच के रूप में बीएसए के संदीप कुमार को चुना गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कोबरा वाहिनी 203 के इंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव ने बीएसए के संदीप कुमार को शील्ड एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका कुलदीप कुमार, संतोष कुमार एवं राजेश कुमार ने निभाई। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने बताया कि 2016 से प्रत्येक वर्ष बीएसए के होनहार खिलाड़ी आशुतोष कुमार यादव और आदित्य कुमार यादव की याद में इस क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है।

निर्णायक की भूमिका कुलदीप कुमार, संतोष कुमार एवं राजेश कुमार ने निभाई। मौके पर महेन्द्र यादव, रेन्बो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा, प्रधानाचार्य पंचम पांडेय, संकेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

# अव्वल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित


सम्मानित छात्र छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** प्रनीत टावर के प्रांगण में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीसीएल गिद्दी सी प्रबंधक अंजनी कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सुजीता गुप्ता, मुकेश कुमार झा,चंदन कुमार राज मौजूद थे। मौके पर प्रनीत टावर में रह रहे छात्र आयुष आर्यन,छात्रा नयाशा हंसी, अकिंता नारायण को 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने एवं संचिता झा को 12वीं में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन प्रनीत टावर फ्लैट ऑनर वेलफे यर सोसाइटी रामगढ़ की ओर से किया गया। मौके पर विनोद कुमार उपाध्याय, राजेश कश्यप, चंद्रवीर नारायण, संजय प्रसाद आदि मौजूद थे।

# जदयू के मांडू विस प्रभारी की पहल पर गरीब मरीज को एम्स में अब होगा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** जदयू के मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल के पहल पर विष्णुगढ़ के रामुआ निवासी किशन प्रजापति का इलाज दिल्ली एम्स में होने की उम्मीद जगी । वह एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, पीड़ित का कमर के नीचे का काम नहीं कर रहा है इसकी इलाज की सख्त जरूरत है पर आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण समुचित इलाज कराने में असमर्थ है। किसी की सलाह पर इलाज कराने दिल्ली एम्स गया है, पर वहां उसे एडमिट नहीं किया जा रहा था जिससे उसने कई जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर एम्स में इलाज कराने की मदद करने की फरियाद की पर कहीं से कोई उम्मीद ना देखते हुए वह वापस झारखंड लौटने का विचार बना लिया। इसी बीच उसे अपने गांव के जदयू नेता राहुल कुमार गुप्ता की याद आई उसने समुचित घटनाक्रम को बताया और कहा कि मेरे लिए सब दरवाजे बंद दिख रहा है इसलिए मैं लौट रहा हूँ, अगर कोई उपाय है तो आप पहल करें। इस बात को श्री गुप्ता ने अपने मांडू विस प्रभारी जदयू नेता दुष्यंत कुमार पटेल को बताया श्री पटेल ने तत्परता दिखाते हुए मध्य प्रदेश के एक सांसद से अनुरोध कर पीड़ित की एम्स में इलाज कराने का अनुरोध किया जिसका असर हुआ और इलाज के लिए उसे अनुमति भी मिल गया। जदयू नेता की इस पहल पर पीड़ित के परिजन ने सराहना की।

# झारखंड की सभ्यता और संस्कृति की पहचान मंडा : अंबा


मेला का उद्घाटन करती विधायक अम्बा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ (भुरकुंडा)।** रसदा गांव में शनिवार को मंडा पूजा श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस असवर पर शनिवार की रात्रि श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा व रविवार की सुबह फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस पर झूला शिवभकतों ने आस्था का परिचय दिया। वहीं महिला छऊ नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इधर मंडा पूजा और मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि मंडा मैं झारखंड की सभ्यता और संस्कृति झलकती है। उन्होंने कहा कि मंडा मेला हम सबको अपने पूर्वजों की याद दिलाती है। झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को संजोए रखना हम सबका दायित्व है। छाऊ नृत्य कलाकारों ने देवी देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर रातभर लोगों को झुमाए रखा। इसके पूर्व शनिवार की रात्रि भोक्ता और सोकताएनो ने नदी से स्नान ध्यान कर पवित्र जल भरकर मंडा स्थल पहुंचे। जहां पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई गई। वहीं शिव भक्तों ने दहकते अंगारो पर नंगे पांव चलकर अपने अटूट आस्था का परिचय दिया। इसके बाद भोक्ताओं ने बनस झूला झूल कर अपनी शिवभक्ति व आस्था का परिचय दिया। साथ ही गांव की सुख-समृद्धि की भगवान शिव व माता पार्वती से कामना की। पूजा को लेकर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जहां आसपास दर्जनों के ग्रामीण मेला और छाऊ नृत्य का भरपूर आनंद उठाएं।

## जिला प्रशासन की पहल पर सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 7 ओपन जिम बनकर तैयार

# आधिकारिक रूप से संचालन जल्द शुरू करने का निर्देश

## खुली हवा में आधुनिक उपकरणों के साथ जिलावासी रख सकेंगे अपनी सेहत का ख्याल


आम लोगों के लिए बना जिम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन की पहल से सीएसआर के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 7 जगहों पर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। इसके लिए पूर्व में जिला प्रशासन रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के द्वारा एमओयू किया गया था । जिसके उपरांत लगातार समन्वय कर बेहद कम समय में जिलेवासियों के लिए सभी 7 ओपन जिम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। सीएसआर के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत भवन के समीप, मांडूचट्टी बाजारटांड़ एवं कुज्जू पब्लिक हाई स्कूल, पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप, सयाल हिल व्यू स्टेडियम के समीप, मयूर स्टेडियम रिवर साइड बुध बाजार एवं चितरपुर प्रखंड अंतर्गत अर्पणा वाटिका में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से जल्द से जल्द जिलेवासियों के लिए ओपन जिम का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, संचालन शुरू होने के उपरांत जिलेवासी खुली हवा में आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे। इस संबंध में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 ओपन जिम अधिष्ठापित करने के लिए सीसीएल दरभंगा हाउस रांची का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग इतने व्यस्त हैं कि अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते। अधिक व्यस्तता से तनाव भी उत्पन्न होता है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में जहां बच्चे मनोरंजन के लिए ज्यादा समय खेल मैदानों में बिताते थे । आज के दौर में बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ओपन जिम का निर्माण करने का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए पहल करना है। जहां लोग तनाव कम करने के लिए सुबह या शाम के वक्त टहलते हैं उसी जगह उन्हें अगर आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे तो कहीं ना कहीं वे टहलने के साथ कसरत भी कर सकेंगे। साथ ही बच्चे आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से मनोरंजन के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य भी अच्छा रख सकेंगे। गौरतलब है कि ओपन जिम में सीट अप बोर्ड, चेस्ट प्रेस कम सीटेड पुलर, डबल स्टैंडिंग ट्विस्टर, सीट अप बेंच, पैरलल बार, मंकी बार, लेग प्रेस, ताईची (2इन1), क्रॉस ट्रेनर, ट्रिपल स्टैंडिंग ट्विस्टर, 3 इन 1 एयर वॉकर सोल्डर बिल्डर एवं लेग प्रेस सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे।

# बंद का दूसरे दिन भी दिखा असर


बंद की दृश्य

**रामगढ़।** नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा आयोजित दो दिवसीय बंद का रविवार को दूसरे दिन भी असर दिखा। बद समर्थकों द्वारा पटेल चौक और कोठार ओवरब्रिज के समीप रांची-पटना मार्ग व रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 को जाम कर दिये जाने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद के कारण रांची-पटना मार्ग एवं रामगढ़-बोकारो मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# सदर विधायक ने शोकाकुल परिवारों को किया नमो श्राद्ध राशन किट का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल ने बीते शनिवार को अपने कार्यालय सभागार से समाज के ऐसे जरूरतमंद परिवारों के सहयोग के लिए एक नई योजना की शुरूआत की जो परिवार में किसी के मृत्यु के पश्चात श्राद्ध कर्म के लिए सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने 'नमो श्राद्ध राशन किट' बनाकर ऐसे शोकाकुल जरूरतमंद परिवार को राहत पंहुचाने का बीड़ा उठाया है। इस किट में उनके द्वारा करीब 150 लोगों के लिए कच्चा राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। शनिवार की विधायक मनीष जायसवाल के कार्यालय सभागार में इस महत्ती योजना की विधिवत शुरूआत बीजेपी झारखंड के प्रभारी सह राज्य सभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेई सहित अन्य गणमान्य लोगों ने की। योजना की शुरूआत होने के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने खेल गांव के एक अन्य शोकाकुल परिवार से मदद मांगने पहुंची एक महिला को नमो श्राद्ध राशन किट सौंपा और मृतक के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई। उल्लेखनीय है की विधायक मनीष जायसवाल पिछले कई वर्षों से निरंतर क्षेत्र की बहन/ बेटियों को उनके शादी से पूर्व आकर्षक लहंगा भेंट करते रहे हैं। युवाओं के लिए उनका नमो फुटबॉल टूनार्मेंट बेहद लोकप्रिय रहा है। जिसमें शामिल होने वाले हरेक खिलाड़ी को आकर्षक नमो जर्सी और हरेक टीम को फुटबॉल भेंट करते हैं। पीछले साल छठ महापर्व के दौरान महाव्रतियों को पूजन साड़ी, रामनवमी से पूर्व पिछले दो वर्षों से सभी अखाड़ा धारियों के बीच पारंपरिक हथियार और लाठी का वितरण, विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में सहयोग के साथ मंदिर जीर्णोद्धार में हरसंभव सहयोग, जरूरतमंद मरीजों के सहयोग के साथ जनता के बीच लागातार उपलब्धता और क्षेत्र भ्रमण के साथ उनकी सेवा में तत्पर रहना उनकी लोकप्रियता का सबसे प्रमुख कारण है। कोरोना काल के दौरान इनकी सेवा कार्यों को भी लोगों ने बखूबी देखा और समझा है।



सदर विधायक व अन्य

## स्पीड न्यूज

### अत्यधिक गर्मी को देखते हुए तीन दिनों तक बढ़ाई गयी स्कूलों की छुट्टी

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय 12 जून (सोमवार) से 14 जून (बुधवार) तक बंद रखने का निर्देश दिया जारी किया है। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जाएगा।

### दर्जनों छात्रों ने झामुमो का थामा दामन



**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला कार्यालय में दर्जनों छात्रों ने झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के समक्ष झामुमो का दामन थामा। छात्र अजय उरांव और प्रिंस कुमार पासवान ने सभी छात्रों का नेतृत्व किया। सिन्हा ने सभी छात्रों को माला और झामुमो का अंगवस्त्र पहना कर सबों को पार्टी में शामिल कराया। कार्यालय में हुए मिलन समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि झामुमो झारखंड के लोगों छात्रों का दर्द समझने वाली पार्टी है, आज स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल विद्यालय कैसे योजना से जोड़ कर आधुनिक बनाया जा रहा है, सभी यूनिवर्सिटियों कॉलेजों का भी तेजी से काया कल्प हो रहा है, झारखंड में शिक्षा का सुधार बहुत तेजी से हो रहा है। शिक्षित लोगों की राजनीति में बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, झामुमो नेता प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष कमाल खान, युवा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव नवीन सिन्हा उपस्थित थे। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वालों में छात्र प्रकाश कुमार, विशाल राज, गौरव कुमार, राहुल वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, आकाश कुमार, रोहित कुमार पासवान, विशाल पासवान, राकेश पासवान, अविनाश कुमार, सुरेंद्र सिंह चेरो, लक्ष्मण सिंह चेरो, ऋतिक कुमार, नीरज कुमार, उज्वल, साहिल राज, रोबिन प्रधान, जय प्रकाश पासवान, सुबोध कुमार, शैलेन्द्र उरांव, चंदन रवि, विष्णु कुमार, अंकुश कुमार, राहुल वर्मा, अभिनव कुमार, राकेश कुमार पासवान सहित दर्जनों छात्र थे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर ग्रीष्मावकाश में चलायी गयी विशेष कक्षाएं



**मेदिनीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के दौरान विशेष कक्षाएं संचालित की गयीं। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी को लेकर ग्रीष्मावकाश में पांच दिन दो-दो घंटे की कक्षाएं ली गयीं। इसमें आगामी छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस क्रम में प्रश्नों को हल करने अभ्यास कराने के साथ संबंधित विन्दुओं पर मार्गदर्शन किया गया। प्रधानाध्यापक तिवारी ने कहा कि छात्र हित में इस तरह के प्रयोग वे पहले भी करते रहे हैं। नतीजा उत्साहवर्द्धक रहा है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए सहायक अध्यापक विजय कुमार ठाकुर की सराहना की।

### पक्ष व विपक्ष एक साथ बैठक कर पेयजल आपूर्ति का निकाले समाधान : राकेश



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी पलामू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह युवा पलामू के नेता राकेश तिवारी ने डालटनगंज नगर निगम अंतर्गत वार्ड के आम जनता के ज्वलंत समस्या पानी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए पक्ष और विपक्ष को एक मंच पर बैठकर ठोस समाधान करने हेतु पहल करने का अपील किया है। शहर की समस्या पर प्रमुखता के साथ आवाज उठाने वाले डालटनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश ने कहा कि शहर के ज्यादातर इलाकों आबादगंज, सुदना, हमीदगंज, बैरिया, निमिया, रेड़मा, बारालोटा, कांदू मुहल्ला, बेलवाटिका, नावाटोली की जनता पानी के अभाव में त्राहिमाम कर रही है। पानी का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण शहर के अधिकांश चापाकाल और सुख चुके हैं। लगातार प्रतिदिन लोगों तक पानी टैंकर का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पानी की विकराल समस्या के स्थाई समाधान पर स्थानीय जन प्रतिनिधि गंभीरता पूर्वक समाधान नहीं कर पा रहे यह एक दुखद बात है।

### लापता पारा शिक्षक का झूलता शव पुलिस ने किया बरामद

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पोखराहा खुर्द के एक मकान से लापता पारा शिक्षक का शव पुलिस ने बंद कमरे में पंखा से झूलता हुआ बरामद किया। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम तरवाडीह निवासी रामनरेश सिंह के पुत्र अजय सिंह के रूप में पहचान की गई है। यह विगत आठ जून से लापता था। जिसका खोजबीन परिजन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतक पोखराहा खुर्द में किराये के मकान में रहता था। जिसमें वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि घर के आसपास के लोगों ने मकान से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दिया। इस सूचना के आलोक में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दरवाजा को तोड़कर फांसी के फंदे से झूलता शव को बरामद किया। इस मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी पांकी मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य है।

### नीडोफास्ट टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट, रिमझिम वीआईपी सिटी का प्रिलांच कार्यक्रम



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के रुद्रा होटल में नीडोफास्ट टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट, रिमझिम वी आई पी सिटी का प्रिलांच कार्यक्रम रुद्रा होटल जपला में सम्पन्न हुआ। मौके पर कंपनी के डायरेक्टर राजशेखर मंडल एवं मो जीशान रजा ने बताया कि सदियों से सबसे बढ़िया एवं सबसे सुरक्षित निवेश रियल एस्टेट अर्थात भूमि खरीद समझा जाता है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची के हृदयस्थली कांके के सुकुरहुटू ग्राम में रिमझिम वी आई पी सिटी विकसित किया जा रहा है। लोग इस प्रोजेक्ट में निवेश कर अर्थात प्लॉट खरीद कर आनेवाले दिनों में अच्छा रिटर्न पा सकते हैं या फिर राजधानी में बसने का सपना भी पूरा कर सकते है। मौके पर ही 15 लोगों को निवेश का प्रमाण पत्र भी दिया गया तथा अगला कार्यक्रम दिनांक 18 जून को 11 बजे से हरिहरगंज में आयोजित है। इस सेमिनार का आयोजन मो. जुबैर अंसारी, मीशम रिजवी एवं इसरार अहमद ने संयुक्त रूप से किया। इस सेमिनार में कादिर अंसारी, शरफुद्दीन अंसारी, मेराज खान, एहतेशाम अहमद, अली हसन, कौसर जमाल, राशिद फैजी, डाक्टर जुबैर, टीपू प्रमोद कुमार, सोनू पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार



**तरहसी पलामू।** पुलिस ने तरहसी थाना में दर्ज मामले के अभियुक्त उमेश पासवान पिता कृष्णा पासवान के घर पर इश्तेहार साटा है। उमेश तरहसी के ग्राम गर्दू का रहनेवाला है। वही ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह ने बताया कि उमेश पासवान को बार-बार कोर्ट में हाजिर होने को व बेल के लिए बुलाया गया पर उमेश पासवान ने कोर्ट जाने से अपने गुनाह कबूल करने से इंकार कर रहा है । वहीं उन्होंने बताया कि उमेश पासवान वर्ष 2018 में उग्रवादी कांड के वांछित अभियुक्त है और वह फरार चल रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर अगर उमेश पासवान हाजिर नहीं हुए तो अग्रिम करवाई कुर्की की होगी । वहीं इश्तिहार चिपकाने वालों में कसमार के जवान ईश्वर दयाल, तपेश्वर राम सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# सद्भावना दिवस के रूप में मना लालू का 76वां जन्मदिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्म दिवस प्रदेश राजद कार्यालय में मनाया गया। लालू प्रसाद के जन्म दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस बीचप गरीब बच्चों के बीच केक काटा गया। साथ ही, सैकड़ों गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह उपस्थित थे।इस अवसर पर रंजन कुमार ने कहा कि लालू यादव करोड़ों दिलों में राज करते हैं। उन्होंने हमेशा से दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों का उत्थान करने का काम किया है। इसलिए उनको गरीबों के मसीहा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा सांप्रदायिक शक्तियों से संघर्ष कर प्रदेश वं देश में अमन-चैन, भाईचारा स्थापित करने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में रूप से युवा राजद के प्रधान महासचिव फिरोज अंसारी, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, अनीता यादव, डॉ मनोज, इरफान अंसारी, मंतोष यादव, जफीर खान, सुनील यादव, डॉ अविनाश, राजकिशोर सिंह यादव, अजय यादव, गायत्री देवी, राजकुमार यादव, अरशद अंसारी, मनोज पाण्डेय, संतोष राम, फरहान खान, बबन यादव, ममता कुजूर, उर्मिला सोरेंग, सरोज यादव, अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## राजद महिला प्रकोष्ठ ने स्लम एरिया के बच्चों को बांटी पठन-पाठन सामग्री, कराया भोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल की महिला प्रकोष्ठ ने रविवार को पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में शहर के हेहल स्थित पहाड़ी टोला में स्लम एरिया के बच्चों के बीच केक काटकर उनके जन्मदिन की खुशियां मनाई। बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री व टॉफी बांटे गए और उन्हें भोजन कराया गया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव पिछड़ों, दलितों, गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। वे सामाजिक न्याय, सद्भावना और धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक हैं। जनहित में उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सफलता पाई है, जिससे जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल को बिहार व झारखंड की जनता अपना भरपूर समर्थन देगी। इस अवसर पर नवमी देवी, राजकुमारी देवी, मीना देवी, ममता कुमारी, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, अनु कुमारी, बॉबी देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, काजल कुमारी, द्रौपदी देवी, मुन्नी देवी, संध्या देवी, चुन्नी टोप्पो, संगीता सोरेन, लक्की यादव, सोनी यादव सहित महिलाएं व बच्चे मौजूद थे।

# गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से आयोजित बच्चों का 12 दिवसीय गुरवाणी क्लास संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 30 मई से आरंभ बच्चों के बारह दिवसीय गुरवाणी कक्षा का रविवार को समापन हो गया। इस गुरवाणी क्लास में जत्था के सदस्यों द्वारा सभी आयु वर्ग के लोगों को गुरमुखी भाषा लिखना एवं पढ़ना सिखाया गया। जत्था द्वारा आयोजित इस क्लास में तीन वर्ष की आयु से पंद्रह वर्ष की आयु तक के 48 बच्चे शामिल हुए। उन्हें गुरमुखी लिखना और पढ़ना सिखाया गया। बच्चों को गुरुमुखी सिखाने में जत्था के गोल्डी मिढ़ा, मुकेश मुंजाल, दीपू खत्री, मिताली तेहरी एवं रिशा मुंजाल ने सक्रिय भूमिका निभाई. शिविर में शामिल हुए सभी सदस्यों को जत्था द्वारा गिफ्ट प्रदान किए गए।

संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा यह गुरमुखी क्लास हर वर्ष बच्चों के समर वेकेशन में आयोजित की जाती है. जत्था द्वारा आगामी सितंबर माह में गुरवाणी कंपटीशन कराया जाएगा, जिसका सिलेबस भी जत्था के मनीष मिढ़ा द्वारा तैयार किया जा रहा है और इसमें सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष टाटीझरिया में हुई बस दुर्घटना में मृत सिख श्रद्धालुओं की पहली बरसी के उपलक्ष्य में आज गिरिडीह गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया जा रहा है जिसमें जत्था के मनीष मिढ़ा के नेतृत्व में शामिल होने के लिए जा रहे सदस्यों को झारखंड बंदी के कारण झारखंड यूथ एसोसिएशन के सदस्यों ने आगे जाने से रोक दिया और जत्था के सदस्यों को रांची वापस आने पर मजबूर कर दिया।

## रिम्स में पड़े 33 लावारिस शवों का हुआ दाह संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने आज रविवार को जुमार नदी के तट पर रिम्स में पड़े 33 लावारिस शवों का सामूहिक दाह संस्कार किया। अबतक संस्था ने 1567 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। दाह संस्कार के लिए संस्था के सदस्य सुबह से ही शवों को पैक करने में लगे थे। फिर जुमार नदी तट पर सभी शवों की सामूहिक चिता सजायी गयी। अंत में पूरे रीति-रिवाज से सामूहिक रूप से शवों का अंतिम संस्कार किया गया। सामूहिक दाह संस्कार के समय रवि अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, दिनेश गावा, संदीप पपनेजा, आशीष भाटिया, आशुतोष अग्रवाल, सौरभ बथवाल, बलवीर जैन, मोती सिंह, नरेश प्रसाद, नवीन बजाज, विकास सिंघानिया, नीरज खेतान, सुमित अग्रवाल, विकाश विजयवर्गीय, सीताराम कौशिक, राहुल जायसवाल, संजय अग्रवाल, राजा गोयनका, हरीश नागपाल व अन्य मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने की विकासात्मक योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक

# मनरेगा में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ को लगाई फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में रविवार को विकासात्मक योजनाओं के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, पंचायत सचिवालय, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, पेयजल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण अंतर्गत पंचायत स्तरीय दवा दुकान, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय सहित राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और बीपीओ को फटकार लगाई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को वीर शहीद पोटो हो योजना, आंगनबाड़ी बिल्डिंग भवनों के निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना को तीन दिन में पूरा करने के निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह हर गांव में 5 योजना चालू रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को पीएम आवास योजना में सभी प्रखंडो में 90 प्रतिशत योजना पूर्ण करने और तीसरा किस्त रिलीज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्री- मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक के वैसे बच्चे जो छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं, उन्हें छात्रवृत्ति देने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने केसीसी योजना की लंबित मामलों की रिपोर्ट देने और इ केवाईसी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से करवाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, सभी एसडीओ, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, सभी बीडीओ, सीओ व कर्मी उपस्थित थे।

## नौ वर्षों में पेयजल की समस्या पर किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं दिया ध्यान : केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नौ वर्ष के दौरान किसी भी जनप्रतिनिधियों ने पेयजल की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। यदि पेयजल पर जनप्रतिनिधि अपनी गंभीरता को प्रदर्शित करते तो लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़ता। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने परिसदन में कही। वे पूर्व वार्ड पार्षदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम में पेयजल की समस्या पर बैठक करने के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम का विस्तारीकरण तो कर दिया गया लेकिन निगम में मुलभूत सुविधाओं को बहाल नहीं किया गया। जिस कारण निगमवासियों को विभिन्न प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में निगम क्षेत्र के लोगों को पानी से राहत दिलाने के लिए 107 टैंकर प्रतिदिन आपूर्ति किया जा रहा है इसके बावजूद भी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। इस पर लोगों ने सुझाव दिया कि 87 टैंकर और बढ़ा दिया जाता तो लोगों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिल पाता। इस पर नगर आयुक्त एवं डीसी से मिलकर पानी टैंकर बढ़ाने के लिए आग्रह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरे मंत्रित्व काल में पेय जलापूर्ति योजना के तहत फेज टू के कार्य को स्वीकृति दिया गया जिस पर भाजपा की पूर्व सरकार ने कार्य प्रारंभ किया लेकिन जिस कंपनी को फेज टू का काम दिया गया था उससे इतनी भारी भरकम राशि की मांग की गई कि वह कंपनी काम छोड़कर भाग गया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर राज्य सरकार से मिलकर इस पर वार्ता किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विस्तारवाले एरिया में भी मुलभूत सुविधा की बहाली को लेकर राज्य सरकार से वार्ता किया जायेगा और पेयजलापूर्ति पर बात की जायेगी। मौके पर मनोज सिंह, धीरेंद्र पांडेय, विवेका त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, बिल्लु सिंह, नवीन गुप्ता, मो कलाम, प्रदीप अकेला समेत अन्य मौजूद थे।

## एनसीपी की 25वीं वर्षगांठ पर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने पार्टी को झारखंड में मजबूत करने का लिया संकल्प

>> पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित होने पर प्रफुल्ल पटेल व सुप्रिया सुले को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 25 वीं वर्षगांठ पर पर पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकताओं को बधाई दी है। 25 वीं वर्षगांठ पर पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल व पार्टी की तेज तर्रार नेता सांसद सुप्रिया सुले को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया है। उन्होंने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने दोनो नेताओं को फोन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनो नेताओं के नेतृत्व में पार्टी देश स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि शरद पवार जी पार्टी के सर्वमान्य नेता थे, हैं और रहेंगे। उनका मार्गदर्शन पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि नव मनोनित कार्यकारी अध्यक्षों के मार्गदर्शन में झारखंड राज्य में भी पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने झारखंड राज्य के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की जल्द ही बैठक आयोजित कर पार्टी को नई दिशा देने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

### चैनपुर बनेगा शिक्षा का हब बनेगी लाइब्रेरी : फैजायल अहमद




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के नेऊरा गांव में इकरा एजुकेशनल सोसायटी के तत्वाधान में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण एवं कैरियर काउंसलिंग आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश वर्मा, चैनपुर के जिला परिषद फैजायल अहमद, शिक्षक तनवीर अहमद, आबिद कमाल, परवेज आलम, सतीश अग्रवाल, आनन्द कुमार और अजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में डिस्टिंक्शन से पास हुए 40 विद्यार्थीयों को सोसायटी के द्वारा मेडल और पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फैजायल अहमद ने कहा कि संस्था शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही शानदार काम कर रही है। शिक्षक तनवीर अहमद ने प्रतियोगिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का युग है और सही दिशा में की गई मेहनत सफलता की ओर ले जाती है।

## पंसा पंचायत कमेटी गठित उपेंद्र सिंह बनें एनसीपी अध्यक्ष



मोहम्मदगंज पलामू। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने को लेकर पंचायत कमेटी की गठन की कवायद शुरू की गई है। रविवार को पार्टी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष गुडु सिंह, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि उदय सिंह की उपस्थिति में पंसा पंचायत के पंसा में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। गठित पंचायत कमेटी में उपेंद्र सिंह अध्यक्ष, नगीना सिंह युवा अध्यक्ष , माणिक सिंह सचिव, कृष्ण मुरारी सिंह उपाध्यक्ष, संतोष चौधरी युवा उपाध्यक्ष, संजय सिंह, युवा सचिव के आलावा पूर्ण कमिटी का गठन किया गया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, जिला परिषद सदस्य अश्विनी सिंह, पंचयत के मुखिया विकास सिंह, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, अनुमण्डल अध्यक्ष विनय पासवान ,हंसराज सिंह , उदय सिंह, हसनैन, अजीत सिंह उपस्थित थे।

# जीवनदायनी नदियां सुख गयी पर बालू का अवैध उठाव लगातार जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** भीषण गर्मी में जहां धरती तप रही है और गर्मी के प्रभाव से जीवनदायनी नदियां सुख चुकी है। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी नदियों के स्वरूप से खिलवाड़ी जिले में लगातार जारी है। जिले के विभिन्न नदियों से बालू का दोहन बालू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण के निर्देश पर पूरे राज्य में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा दी गई है। लेकिन गुमला जिला एक अपवाद है। जहां निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जाती है। जिले के विभिन्न नदियों से निर्देश के बाद भी बालू का दोहन लगातार जारी है। विशेष कर सुदूर क्षेत्रों की नदियों से बालू का उठाव लगातार जारी है। गुमला ऐसा जिला है जहां बिना किसी टेंडर के नदियों से बालू का उठाव लंबे समय से किया जा रहा है। क्योंकि बालू उठाव में हर वर्ग के लोगों का एक निर्धारित कमीशन तय है। जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर व हाईवा से नदियों से बालू उठाव कर रांची सहित कई जिलों में तस्करी की जा रही है। गुमला जिला का सिसई प्रखंड के ओलमुंडा, संबल, बाकुटोली, नागफेनी, मकुन्दा, पारस नदी, जलका, लरंगो, सहिजाना पुसो, कुलंकेरी, लकेया, चैली टोली व सिसई बांस टोली से प्रतिदिन लगभग 200 हाईवा वाहन से बालू का उठाव हो रहा है। इन स्थानों व नदियों से बालू का उठाव कर नेशनल हाईवे से रांची भेजा जाता है जो सब कुछ आंखों के सामने ही घटित होता है लेकिन बमुश्किल कुछ वाहनों पर ही कार्रवाई होती है। वहीं सिसई के बाद बसिया प्रखंड से बालू की सबसे अधिक तस्करी की जाती है। बसिया प्रखंड में तो बालू की तस्करी में जनप्रतिनिधि भी अच्छी कमाई कर रहे हैं। प्रखंड के विभिन्न नदियों से दिन के उजाले में बड़े-बड़े वाहन लगाकर बालू का उठाव किया जाता है। जिसके लिए जेसीबी मशीन का भी उपयोग किया जाता है। इसी तरह गुमला सदर प्रखंड व पालकोट प्रखंड के कई नदियों से लगातार बालू का उठाव हो रहा है।

# मैथन डैम में डूबने से छात्र की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** मैंथन डैम में नहाने के दौरान कुमारधुबी ओपी क्षेत्र शिवलीबाड़ी पूरब पंचायत, मैथनमोड़ निवासी विशाल वर्णवाल की मौत हो गई । घटना के सम्बंध में बताया जा रहा हैं कि विशाल अपने दोस्तों के साथ मैथन डैम में नहाने पहुँचा था और नहाने के क्रम में विशाल 10 फीट गहरे पानी मे चला गया ,जबकि उसे तैरना नही आता था। जिसके कारण गहरे पानी से नही निकल पाया और डूब कर उसकी मौत हो गई । सूचना पाकर आस पास के लोग डैम पहुँचे और गोता खोरो की मदद से शव को काफी मस्कत के बाद बाहर निकाला। बताया जाता है कि विशाल वर्णवाल मैथन केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11 वीं का छात्र है पिता काशी वर्णवाल जो कि मैंथन मोड़ निवासी है जो प्रतिदिन मैथन डैम मॉर्निंग वॉक पर जाया करता था रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक कर के अपने दोस्तों के गया था मॉर्निंग वॉक के बाद स्नान करने चला गया जहां गहरे गढ्ढे में उसका पैर किचड़ में फंस जाने के कारण वह निकल नही पाया। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी।

### दामोदर नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोरी खास के समीप दामोदर नदी मे डूबने से एक बच्चे की मौत हो गईए बताते चले कि सेन्ट्रल कॉंलोनी निवासी स्वरूसीता राम तिवारी के पुत्र कुंदन तिवारी 16 वर्ष का नहाने के दौरान मौत हो गई। घटनास्थल पर मिली जानकारी के अनुसार बताया कि कुछ युवकों के साथ नहाने गया हुआ था नहाने के क्रम में दामोदर नदी में डूब गए जिस कारण से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस बात की जानकारी परिजनों को मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और नगर परिषद कर्मी राजीव रंजन कुमार को निर्देश दिया कि शव को एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए भेजें एवं उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करें। अंचलाधिकारी से फोन पर वार्ता हुई। बेरमो अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा उचित मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा। मौके पर ललन मल्लाह दीनबंधु पाण्डेयए अनिल मौर्या उपस्थित थे।

# आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं, आप अपना सर्वोत्तम योगदान देना जारी रखें : राज दीदी

## लोयला स्कूल में राजेश्वरी मोदी ने बताया जीवन जीने का नया अंदाज



कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज दीदी।


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।


राज दीदी को सुनते अशोक भालोटिया, अशोक गोयल विधायक सरयू राय व चैंबर अध्यक्ष विजय मूनका।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने लगभग ढाई घंटे तक प्रशंसा, प्रेरणा व प्रोत्साहन से पाएं सुख, शांति, समृद्धि से संबंधित सकारात्मकता से भरे अपने विचार विस्तार से कई प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा जीवन दो जोन में बंटा है। ए यानि सकारात्मकता और बी यानि नकारात्मकता। उन्होंने दोनों जोन के बारे में कहानियों के माध्यम से समझाया। राज दीदी ने घर के सदस्यों सास-बहू, जेठानी, देवरानी, से लेकर दोस्तों के बीच की नकारात्मकता को दूर करने की चर्चा की। राज दीदी ने जीवन जीने के मंत्र के 5 -सूत्र भी सबसे साझा किये। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपकी बुराई करें तो उसे नजर अंदाज करें। उसकी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदले। राज दीदी ने आगे कहा कि हर व्यक्ति के जुबान पर मां सरस्वती विराजमान है।

विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही बेहतर जीवन का निर्माण करती हैं। आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे। हर्ट न हों क्योंकि हर्ट सबसे निम्न तर की ऊर्जा है जो आपके जीवन में आते हुए सुख, शांति, समृद्धि को रोकती है। हमें हमेशा शुभ और सकारात्मक बातें करनी चाहिए। किसी भी मनुष्य को अपशब्द और नकारात्मक बातें नहीं करनी चाहिए। तोल मोलकर बोले व शब्दों की शक्ति को पहचाने। ऐसा नहीं बोले जिससे किसी को तकलीफ हो। उन्होंने कहा कि जो दूसरों को देंगें वही आपको वापस मिलेगा। किसी को हर्ट करेंगें तो हर्ट होगें और तब हर्ट हो तो आत्मचितन करें। राजेश्वरी मोदी ने कहा कि जीवन की भाग दौड़ व तेज गति में किसी का भी हक ना लें। अपने निर्मल मन व सहज स्वभाव से जीवन को आसान बनाया जा सकता है। अनेक प्रश्नो के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्नेह सब पर खूब बरसायें। स्नेह व समर्पण से हम लोगो का विश्वास जीतते है जो हमे जीवन पर्यंत खुशियां देता है। संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया एवं उनकी मुख्य सहयोगी प्रीति अग्रवाल सुल्तानिया ने बताया कि एनआरएसपी लगातार सतयुग लाने के लिए काम कर रहा है, जहां लोग विचारों, शब्दों और कर्मों में सकारात्मक हैं। एनआरएसपी का मानना है कि अच्छे स्वास्थ्य, धन, सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर एक सफल जीवन के प्रबंधन, नेतृत्व और जीने में संबंध मुख्य बल हैं। राज दीदी ने कहा कि भारत वर्ष में लाखों लोगों का संस्था एनआरएसपी से जुड़ कर उनके जीवन की गुणवत्ता में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। परिवर्तन व गुणवत्ता की यह प्रक्रिया भारत व दुनिया में एनआरएसपी के माध्यम से जारी है।

**गणेश वंदना से कार्यक्रम का हुआ शुभारंभः-** इससे पहले गणेश वंदना गीत पर आधारित नृत्य एवं दीप प्रज्जवलित तथा राष्ट्र गान की प्रस्तुति के साथ कार्य क्रम का शुभारंभ हुआ। शुक्रिया शुक्रिया शुक्रिया... गीत पर आधारित संस्था की महिलाओं ने सामूहिक नृत्य किया। राज दीदी संग श्रोताओं ने पूरी हो हमारी हर शुभ मनोकामना प्रार्थना की। संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया ने राज दीदी को फूलों का गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियंका अग्रवाल ने किया।

**इनकी रही उपस्थितिः-** इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सरयू राय, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय, समाजसेवी रतनलाल सुल्तानिया, मुरलीधर केडिया, अशोक भालोटिया, अशोक गोयल, विजय आनन्द मूनका, आनन्द चौधरी, मृदू शाही समेत सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद थे।

**इनका रहा योगदानः-** कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संतोष अग्रवाल सुल्तानिया, प्रमिला गोयल, संध्या मुरारका, शैल अग्रवाल सुल्तानिया, आशा चौधरी, सरला मुरारका, किरण अग्रवाल सुल्तानिया, विद्या अग्रवाल, पिंकी सिंह, स्मिता मुनका, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी भरतीया, सुधा अग्रवाल सुल्तानिया, सुषमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया गया



**जमशेदपुर।** पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित सप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविर के तहत परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी मंदिर परिसर बिष्टुपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे भारत स्वाभिमान न्यास पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी अजय कुमार झा ने उपस्थित योग साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया । उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल को भारत के कई नामचीन योग संस्थानों ने मिलकर तैयार किया है। यह विश्व के उन सभी व्यक्तियों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है जो अपने जीवन में योग का शुभारंभ करना चाहते हैं। आगे उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग परिवार द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले में मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बमार्माइंस में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगी जिसमें लगभग 2000 योग साधकों की उपस्थिति रहेगी। परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति के अध्यक्ष मानस कुमार मिश्रा ने बताया कि परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति द्वारा भी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पहली बार बिष्टुपुर स्थित मंदिर प्रांगण में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सैकड़ों योग साधकों की उपस्थिति रहेगी । मौके पर पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार, जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा, चंद्रशेखर झा, अजीत मिश्रा, संतोष कुमार ठाकुर, सरोज कुमार झा, रमण कुमार चौधरी, अरुण कुमार राय, संजय नारायण खां ,कैलाश झा, चंदन कुमार खां ,ओम प्रकाश ठाकुर, ललित झा, निर्मल खां, शंकर पाठक एवं राजकुमार मिश्र की गरिमामय उपस्थिति रही।

### छोटा गोविंदपुर संडे मार्केट में डीसी का जनता दरबार आज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखण्ड अंतर्गत छोटा गोविन्दपुर पंचायत के हाट बाजार दुर्गा पूजा मैदान में सोमवार को पूर्वाह्न 10 :30 बजे से जनता दरबार आयोजित किया गया है। इस अवसर पर 18 विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का स्टॉल लगाया जायेगा । सरकारी के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजनाओं से आच्छादित करने हेतु मौके पर आमजनों से आवेदन भी जमा लिया जाएगा। उपायुक्त विजया जाधव द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारी को जनता दरबार में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जनता दरबार में स्वास्थ्य जांच, दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, सावित्रीबाई फुले योजना, गर्भवति महिलाओं का स्वास्थ्य जांच, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल आदि का वितरण, पारिवारिक लाभ, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, नियोजन के लिए रजिस्ट्रेशन,केसीसी, बैंक ऋण तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं से आमजनों को आच्छादित करने हेतु आवेदन लिए जाएंगे। जनसाधारण से अपील है कि बड़ी संख्या में जनता दरबार में शामिल होकर अपने ग्राम पंचायत एवं निजी तौर पर भी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका समाधान पायें।

### झारखंड की राष्ट्रीय महिला टीम की सदस्यों ने गोल्डन बेबी लीग का दौरा किया

जमशेदपुर। राष्ट्रीय टीम से एसएएफएफ चैंपियनशिप, एएफसी कप और विश्व कप टीम के सदस्यों ने बेबी लीग में भाग लेने वाले छात्रों का समर्थन किया और उनकी सराहना की और छोटे बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा किया। ललिता बोयपाई, निशिमा कुमारी, सुधा अंकिता तिर्की, अंजलि मुंडा, अस्तम उरांव और नीतू लिंडा ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग टूर्नामेंट में अगली पीढ़ी के फुटबॉलरों की विकास में मदद करने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाला।

## ट्रेन से कटकर नवजात हाथी की मौत, ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र प्रतिनिधि


रेलवे ट्रैक पर कटने के बाद नवजात हाथी का शव।

चांडिल। नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा विहार रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी ट्रेन से कटकर दो माह का नवजात हाथी का बच्चा की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात की है। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर नवजात हाथी के बच्चा के शव को देखकर इसकी जानकारी वन विभाग को दिया।

घटना के बाद ट्रेन नवजात को रेलवे ट्रैक पर करीब 100 मीटर तक घसीटते ले गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाथी के नवजात को देखने के लिए आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण गुंडा विहार पहुंचे तथा मृत नवजात के शव की पूजा अर्चना की। इधर, वन विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों में काफी रोष था। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण लोगों की जानमाल तथा वन्य जीवों का नुकसान हो रहा है। जबकि सरकार के द्वारा सुरक्षा को लेकर करोड़ो रूपया वन विभाग को दिया जाता है।

वन विभाग अपने कार्यशैली में बदलाव नहीं लाती है तो ग्रामीण वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग कि टीम एवं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले को देखा। घटना की जानकारी मिलने पर डीएफओ आदित्य नारायण एवं रेंजर शशि प्रकाश रंजन पहुंचे। नवजात हाथी के शव को पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया।

## जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन रहे रजक व मुखी समाज ने मंत्री बन्ना को घेरा

### मुख्यमंत्री जल्द समस्या का समाधान करेंगे : मंत्री


घेराव करने आयीं महिलाओं से बात करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही भारी दिक्कतों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए रजक समाज और मुखी समाज ने रविवार को कदमा स्थित झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता के आवास का जोरदार घेराव किया।

घेराव में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। घेराव की सूचना मिलते ही मंत्री बन्ना गुप्ता रजक समाज और मुखी समाज के बीच खुद पहुंच गए और उनका मांग पत्र स्वीकार किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने ज्ञापन स्वीकार करने के पश्चात कहा कि यह वाजिब और महत्वपूर्ण समस्या है। आपकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं।

मुख्यमंत्री ने इस समस्या के निदान का भरोसा दिया है।अजय रजक ने बताया कि बच्चों के नामांकन एवं नौकरी की बहाली में जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं मिलने से काफी दिक्कत हो रही है। झारखंड सरकार को इसे प्राथमिकता से हल करना चाहिए ताकि समय पर जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बन सके।

## बहरागोड़ा में देर रात की गयी कार्रवाई में 7300 सीएफटी बालू जब्त



जमशेदपुर। अनुमंडल पदाधकारी घाटशिला श्री सत्यवीर रजक के नेतृत्व में बहरागोड़ा प्रखंड में देर रात की गई कार्रवाई में बड़ी मात्रा में बालू का अवैध भंडारण पकड़ा गया है । इस मामले में तीन लोगों बिरसा मुंडा, देबु ओझा तथा भीमसेन कुंतिया पर नामजद एफआईआर दर्ज कराने के साथ साथ जब्त जेसीबी के मालिक पर भी एफआईआर कराया गया है । बालू माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई में सीओ बहरागोड़ा श्री जीतराय मुर्मू, थाना प्रभारी बहरागोड़ा, राजस्व उपनिरीक्षक एवं थाना से सशस्त्र बल शामिल थे । रात 2 बजे गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा बालू का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री किया जा रहा है । टीम जब जांच के लिए मौके पर ग्राम झारिया में पहुंची तो पाया कि एक जेसीबी जेएच 05 वी 6003 तथा अवैध रूप से भंडारण कर 1300 सीएफटी बालू रखा गया है। जसीबी का चालक पुलिस प्रशासन की टीम को देखकर भागने लगा । सशस्त्र बल द्वारा पकड़कर पूछताछ किए जाने पर झारिया ग्राम में ही एक अन्य स्थान पर बालू भंडारण किए जाने की सूचना दिया। टीम ने मौके पर जाकर जांचा तो वहां से भी 6000 सीएफटी बालू जब्त किया गया ।

## बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च ने शताब्दी वर्ष पर निकाली प्रभातफेरी



नार्दन टाउन स्थित बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च अपनी स्थापना का 100 वां वर्ष मना रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान हर माह विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में 11 जून को सुबह 6.30 बजे चर्च परिसर से बिष्टुपुर गोपाल मैदान गोलचक्कर तक प्रभात फेरी पास्टर मनोज चरण की अगुवाई में निकाली गई। प्रभात फेरी में करीब 200 अनुयायी शामिल हुए। यह जानकारी चर्च के प्रेसिडेंट प्रदीप गौस्तुव ने दी है।

## नियोजन नीति के खिलाफ पटमदा व बोड़ात में सड़क पर उतरे युवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। आज दिनांक 11 मार्च 2023 को झाड़खंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन(खरख)व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति(खइङरर) के आंदोलनकारीयों एवं समर्थको ने संयुक्त रूप से पटमदा तथा बोड़ाम दोनों प्रखंड में झारखंड सरकार के 60/40 नियोजन नीति के विरोध में सड़कों पर उतर कर बोड़ाम क्षेत्र में बंद को पूर्ण रूप से सफल बनाया। वहीं, राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर टायर जलाकर बोड़ाम के मुख्य सड़क मार्ग को बंद रखा गया एवं क्षेत्र के सभी दुकानें बंद रहा(मेडिकल सुविधा को मुक्त रखा गया। इस दौरान छात्र नेता विश्वनाथ महतो ने कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा 60/40 नियोजन नीति लाया जा रहा है और इसी नीति के आधार पर राज्य में तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के नौकरी में बहाली लेने की तैयारी की जा रही हैं, जो कि राज्य के स्थानीय युवाओं के विरुद्ध है। यह नीति झारखंडी हित के विरुद्ध है, निकट भविष्य में राज्य के स्थानीय युवाओं के लिए यह नियोजन नीति घातक साबित होगी।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद् की वार्षिक आमसभा संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर का वार्षिक आमसभा 2023 विद्यापति परिसर, गोलमुरी में सम्पन्न हुआ। आमसभा का शुभारम्भ बाबा विद्यापति जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष सहित संपूर्ण कार्यकारिणी और आजीवन सदस्य विद्यापति जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद पंडित बिपिन कुमार झा के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया । भगवती गीत जय जय भैरवी श्री शंकर नाथ झा ने गाया। सभी आजीवन सदस्यों का विधिवत स्वागत अध्यक्ष शिशिर कुमार झा ने किया ।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्री मोहन ठाकुर जी ने किया ।उसके महासचिव सुजीत कुमार झा ने पिछले वर्ष सम्पन्न आमसभा का कार्यवाही पढ़कर सुनाया , जिसे सभी उपस्थित आजीवन सदस्यों ने सर्वसम्मति से संपुष्टि किया । उसके बाद महासचिव जी ने विगत एक वर्ष में संस्था के द्वारा किए गये कार्य का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभी सदस्यों ने जोरदार ताली बजाकर किए गये कार्य का सराहना किए। महासचिव ने बताया परिषद प्रगति के पथ पर अग्रसर है। लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। आप सभी आजीवन सदस्यों के सहयोग और आशीर्वाद से परिषद नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उसके बाद कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा के द्वारा वर्ष 2021-2022 का वार्षिक अंकेक्षण रिर्पोट पढा गया। जिसे सभी सदस्यों ने पास किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्री पंकज रॉय जी ने किया। आमसभा को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य का योगदान रहा।

## विहिप के धर्म प्रसार प्रमुख कन्हैया प्रसाद ने समर्थकों संग थामा आजसू का दामन

कार्यकर्ताओं का सम्मान आजसू की पहचान है : रामचंद्र सहिस

संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देगी पार्टी : प्रो मौर्य

खबर मन्त्र ब्यूरो


आजसू की सदस्यता लेने वाले कन्हैया प्रसाद व टीम के साथ रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक हुई निर्मल गेस्ट हाउस में हुई जिसमे विहिप के धर्म प्रसार के सह प्रमुख कन्हैया प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों लोग पार्टी की सदस्यता लिए कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए आजसू के नीति और पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के विचारो से भी अवगत कराते हुए युवाओं के लिए नई दिशा देने का संकल्प लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामचंद्र सहिस ने कहा कि पार्टी के जिन विषयो और सोच के साथ पार्टी की सदस्यता लिए है पार्टी आपके विचारो के साथ संगठन मजबूती का कार्य करेगी और आपके पार्टी के जुड़ने से निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी प्रो मौर्या ने कहा की संगठन हित में आजसू का प्रयास सदैव सराहनीय रहा है और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देना जानती है इसका सीधा उदाहरण है ललन झा जिन्हे संगठन सचिव का दायित्व दिया गया है, क्योंकि संगठन उन्हे ही दायित्व देती है जो उसपर खरा उतरता है शामिल हुए सभी लोगो का स्वागत है। अन्य वक्ताओं में संजय मलाकार, अशोक मंडल, प्रकाश विश्वकर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, संतोष सिंह, हेमंत पाठक, मृत्युंजय सिंह ने विचार रखे पार्टी में शामिल होने वाले लोगो में मुख्य रूप से कन्हैया प्रसाद, प्रवीन सिंह, सुमित पांडेय, सूर्य कुमार यादव, सुजीत शर्मा, प्रकाश कुमार गणेश चंद्रा, दुर्गा कुमार, ब्रिज कुमार, दीपक प्रसाद, धर्मेंद्र पासवान, राम जामुदा, सुशील कुमार, बंटी सिंह,विकास वीर यादव, राजेश गुप्ता, सहबाज, दीपक कुमार मिश्रा, छोटू खान, कृष्णा, सन्नी कुमार, अमन गुप्ता, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु कुमार, अभिषेक यादव, राहुल यादव, आकाश यादव, विकास पासवान, अमन सिंह, सूरज सिंह, मोनू कुमार, रितेश यादव, विक्की सिंह रौशन सादे, बंटी सिंह , राजू वर्मा, आकाश कुमार, दीपक कुमार, निखिल कुमार, बिहारी कुमार, आकाश कुमार दास, मो. साहबाज अंसारी, मो. सैयाज, कृष्णा मुखी समेत सैकड़ों लोग पार्टी की सदस्यता लिए। कार्यक्रम में पार्टी के साहेब बागती, अभय सिंह, ललित सिंह, लक्षुमण बाग, राहुल दास, समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### नारायण आइटीआइ में शहीद राम प्रसाद विस्मिल की जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती मनाई गई एवं उनके तस्वीर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने फांसी दे दी। वे मैनपुरी षड्यन्त्र व काकोरी-काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के सदस्य भी थे और राम प्रसाद बिस्मिल ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ने वाले सबसे उल्लेखनीय भारतीय क्रांतिकारियों में से थे। जेल में रहते हुए, उन्होंने 'मेरा रंग दे बसंती चोला' और 'सरफरोशी की तमन्ना' जैसे देश भक्ति गीत लिखे।उनके जैसे महापुरुष आज भी देश को जरूरत है। मुख्य रूप से उपस्थित थे महाधिवक्ता निखिल कुमार, बिमल ओझा, हरी नारायण साहू, शांति राम महतो महतो, पवन कुमार महतो, अजय मण्डल, शंकर दस, देव कृष्णा महतो, कृष्णा महतो, गोराब महतो, आदि मौजूद थे।

### भाजयुमो बिरसा मंडल में आज मतदाता सम्मेलन का सफल कार्यक्रम हुआ

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बिरसानगर मंडल अध्यक्ष मनीष पांडेय की अध्यक्षता में बिरसानगर जोन 1 बी में नव मतदाता कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमे मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी मंडल के प्रभारी अमित सिंह की उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कुश सिंह धन्यवाद ज्ञापन विशाल उपाध्याय ने किया। जिला मीडिया प्रभारी अमित सिंह ने कहा देश में प्रतिदिन 100 हाईवे सड़क बन रही है। मोदी जी के शासन में कश्मीर में धारा 370 हटी। मोदी जी युवाओं को खेल में जुड़ने का जोड़ दिया। विकास की गंगा बह रही हैं कुछ बाहरी तत्व को देश का विकास पच नहीं रहा है अगली बार जब बीजेपी की सरकार आएगी तो मुझे पूरा यकीन जनसंख्या कानून लाएगी। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से मंडल के उपाध्यक्ष कुश सिंह,कुमार सौरव,सूरज प्रमाणिक, प्रशांत कुमार, गणेश, मुकेश मिश्रा एवं कार्यकर्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ओल्ड पुरुलिया रोड में ह्यूमन वेलफेयर ने किया शरबत वितरण



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ओर से पिछले दिनों से चल रहे ठंडे पानी एवम शरबत वितरण के कार्यक्रम जो के गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। रविवार 11 जून को आज ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित दीपा शाही हरिजन बस्ती में आम नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए नींबू पानी,रसना शरबत एवं ठंडा पानी पिलाएं जानें के लिए शिविर लगाया।इस शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पैगाम ए इस्लाम के फ़ाउंडर चेयरमैन एवं हुसैनी मस्जिद के इमाम सैयद सैफुद्दीन असदाक ने स्वयं उपस्थित होकर इस तपती गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों को रसना एवं ठंडा पानी पिलाया। उन्होंने कहा कि इस तपती गर्मी में लोगों की प्यास बुझाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है।उन्होंने ने ट्रस्ट का हौसला बढ़ाते हुए कहां के ऐसे काम बहुत सराहनीय है और इस तरह के कार्य ट्रस्ट आगे भी करती रहे। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, सैयद आसिफ अख्तर समेत कई सामाजिक लोग उपस्थित थे।

### विजया गोल्डन टाउन ऑनर्स एसो. ने आरके गुजराल को दी श्रद्धांजलि




जमशेदपुर। कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं विजया गोल्डन टाउन ओनर्स एसोसिएशन के वाईस चेयरमैन राकेश तिवारी ने अपने वरिष्ठ साथी सामाजिक कार्यकर्ता सोनारी थाना शांति समिति के अध्यक्ष एवं सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य एवं विजया गोल्डन टाउन ओनर्स एसोसिएशन के सम्मानित और सक्रिय सदस्य स्वर्गीय आर के गुजराल के निधन पर रविवार को सोनारी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। तिवारी ने सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय गुजराल मेरे बड़े भाई के समान हर मोर्चे पर प्रहरी के रूप में खड़े रहते थे। उनके निधन से सोनारी गोल्डन टाउन समेत शहरवासियों को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से सोनारी गोल्डन टाउन के निवासी काफी मर्माहत हैं दुखी हैं। हम ईश्वर से कामना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार जनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई श्रद्धांजलि देने वालों में गोल्डन टाउन आनर्स एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट रामचंद्र सिंह, जनरल सेक्रेटरी अनिल महतो, सेक्रेटरी शंकर लाल सिन्हा, पराग भट्टाचार्य, दीपांकर भट्टाचार्य, कोषा अध्यक्ष जयंतो गुहा, विजय गुजराल, राजीव कुमार, डा आर एन बहादुर, आरके सिंह, पंकज वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट एस के मिश्रा, हरलालका जी, जुस्को के पूर्व डी जी एम रामाधार राय, पी आर दास, एजे सेन उमेश चौधरी कंचन दास, जसविंदर कपूर, एस एल सकूजा, ए प्रसाद, मिस्टर धारा, विनय अग्रवाल विक्की सकूजा, सुशांता चटराज, आशीष शर्मा, अजय तिवारी, जगतार नागी, ए के साहू, दीपक डे, प्रबंधक एके विश्वास आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पारंपरिक आदिवासी नृत्य व वाद्य यंत्र प्रशिक्षण सेमिनार संपन्न



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन एवम आदिवासी रोमोज अखाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय आदिवासी पारंपरिक नृत्य एवम संगीत कार्यशाला का आयोजन सीतारामडेरा कम्युनिटी सेंटर ने किया गया था। जिसका आज समापन दिन कार्यशाला के दौरान बच्चो ने हो समाज का पारंपरिक वाद्ययंत्र दमा -दुमांग बजाना,गाना एवम नृत्य का बेसिक चीजों को बारीकियों से सीखा और अपना प्रस्तुति दिया। इस कार्यशाला में जमशेदपुर आसपास से कुल 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य रूप से कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर बाबूलाल गोइपाई, आदिवासी हो समाज युवा महासभा केंद्रीय संगठन सचिव सुशील सवैया, आदिवासी हो समाज युवा महासभा जिला संगठन सचिव उपेन्द्र बनरा, संगीता समद, मनिका बिरुली, आशा पूर्ति, सुशांति बोईपाई, श्याम बोबोंगा, युगल किशोर पटपिंगुआ, प्रियंका बरुआ, दुगार्मुनी बोईपाई, विश्वासी सोय, बीरसिंह बानरा, अनिल बोदरा, संभू मुखी आदि उपस्थित थे।






## श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड

**सभी** हिंदू देवताओं में से, भगवान शिव भक्तों के बीच अत्यधिक पूजनीय और लोकप्रिय हैं। पवित्र बर्फ लिंगम की पूजा करने के लिए, भक्त जून-अगस्त के महीनों में कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा तीर्थ के लिए कठिन वार्षिक तीर्थयात्रा करते हैं। पवित्र तीर्थस्थल का प्रबंधन श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) द्वारा किया जाता है, जिसे 2000 में जम्मू और कश्मीर राज्य विधानमंडल के एक अधिनियम द्वारा गठित किया गया था। माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष हैं। .

श्राइन बोर्ड श्री अमरनाथजी यात्रा के बेहतर प्रबंधन, पवित्र तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं के उन्नयन और उससे जुड़े मामलों और प्रासंगिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रतिष्ठित बोर्ड सदस्यों द्वारा सहायता प्राप्त, बोर्ड अपने जनादेश को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत है।

### छड़ी मुबारक :-

यह यात्रा छड़ी मुबारक के साथ चलती है, जिसमें यात्री एक बहुत बड़े जुलूस के रूप में अपनी यात्रा आरंभ करते हैं। इसमें अनगिनत साधु भी होते हैं, जो अपने हाथों में त्रिशूल और डमरू उठाए,ह्यबम-बम भोले तथा जयकारा वीर बजरंगी-हर हर महादेवह्ल के नारे लगाते हुए बड़ी श्रद्धा तथा भक्ति के साथ आगे-आगे चलते हैं।

छड़ी मुबारकह्ल हमेशा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा से कई सौ साधुओं के एक जुलूस के रूप में 140 किमी की विपथ यात्रा पर रवाना होती है जिसका प्रथम पड़ाव पम्पोर, दूसरा पड़ाव बिजबिहारा में और अनंतनाग में दिन को विश्राम करने के बाद सायं को मटन की ओर रवाना होकर रात का विश्राम करके दूसरे दिन प्रातः एशमुकाम की ओर चल पड़ती है।

## 62 दिन चलेगी यह यात्रा

### आतंकी हमला को लेकर सावधानी सीसीटीवी कैमरा से निगरानी

**अमरनाथ** यात्रा से ठीक पहले अब जम्मू कश्मीर पुलिस बॉर्डर से लेकर जम्मू तक हर गतिविधि पर तीसरी आंख से नजर रखेगी.इस डाटा बैंक में 10295 कैमरा का डाटा इकट्ठा किया गया है. ये कैमरे पूरे जम्मू शहर के अलग-अलग इलाके में लोगों के घरों में लगे हैं, जिसमें 3000 के आसपास कैमरा पाकिस्तान से सटे इलाकों में लगे हैं। जम्मू से सटे इंटरनेशनल बॉर्डर के दूसरे तरफ पाकिस्तान में कई आतंकी लॉन्च पैड एक्टिव हैं और अमरनाथ यात्रा से पहले घुसपैठ कर बड़ा हमला करने की फिराक में हैं।

इस तरह के इनपुट भी मिल रहे हैं कि एक बार फिर आतंकी में बैठे आतंकी अमीन भट उर्फ खुबैब और रफीक नई को आतंकी हमले करने की जिम्मेदारी दी गई है, इसको लेकर सुरक्षाबल पहले से ही अलर्ट पर है. . आपको बता दें कि इस बार एक जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू होकर 62 दिनों तक चलेगी

लिद्दर नदी के किनारे बसा एक छोटा-सा कस्बा पहलगाम के नाम से जाना जाता है। पहलगाम से श्रावण पूर्णिमा से तीन दिन पहले, शिव की प्रतीक पवित्र छड़ी के नेतृत्व में ढोल, ढमाकों, दुंदुभियों और ह्यहर-हर महादेवह्ल के जयघोष के बीच साधु-संतों की टोलियों के साथ यात्री अगले पड़ाव चंदनवाड़ी की ओर बढ़ते हैं। यह पहलगाम से 16 किमी की दूरी पर स्थित है। चंदनवाड़ी 9500 फुट की ऊंचाई पर पहाड़ी नदियों के संगम पर एक सुरम्य घाटी है और लिद्दर नदी पर बना बर्फ का पुल आकर्षण का मुख्य केंद्र होता है। यहीं पर जलपान करके तथा थोड़ा विश्राम करके आगे की कठिन चढ़ाई ह्यपिस्सू घाटी की ओर बढ़ा जाता है। पहलगाम से चंदनवाड़ी कार या टैक्सी में एक घंटे के भीतर पहुंचा जा सकता है क्योंकि यह रास्ता वाहन योग्य है।अठखेलियां करती

चंदनवाड़ी से 13 किमी दूर है शेषनाग नामक स्थान है। पिस्सू टाप की कठिन चढ़ाई पार कर जोजापाल नामक चारागाह से गुजरते हुए लिद्दर के किनारे-किनारे चलते हुए शेषनाग पहुंचा जा सकता है। यहां पर झील का सौंदर्य अद्भुत है। शेषनाग झील 12200 फुट की ऊंचाई पर हिमशिखरों के बीच घिरी यह हिम से आच्छादित झील, लिद्दर नदी का उद्गम स्थल है। यहां रात्रि में लोग टेंटों की बस्ती में विश्राम करके आगे की यात्रा आरंभ करते हैं, यहां के हिममिश्रित जल से स्नान करने के बाद चढ़ाई से हुई सारी थकावट दूर हो जाती है।

फिर यहीं से यात्रा का दूसरा व दुर्गम चरण आरंभ होता है, 13 किमी दूर पंजतरणी की ओर। फिर से शुरू होती है एक ओर कठिन चढ़ाई। महागुनस शिखर की ओर जो 14800 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। इस शिखर पर ऑक्सीजन की कमी है क्योंकि अमरनाथ यात्रा के दौरान यही शिखर सबसे ऊंचा है। ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस फूलता है। हालांकि स्थान-स्थान पर चिकित्सा संबंधी सहायता भी उपलब्ध रहती है। शिखर पर चढ़ने के उपरांत पोशपथरी को पार करके 12500 फुट की ऊंचाई पर भैरव पर्वत के दामन में है पांच नदियों अर्थात पंजतरणी। यहां पर यात्री रात को विश्राम करते हैं और प्रातःकाल भक्त पवित्र धाराओं में स्नान करके आगे की ओर बढ़ते हैं गुफा की ओर जो पंजतरणी से मात्र 6 किमी की दूरी पर है।

पंजतरणी से गुफा तक के मार्ग में पुनः दुर्गम चढ़ाई का सामना करना पड़ता है। एक मोड़ से गुफा का दूर से दर्शन होने पर लोग उत्साहित हो जय-जयकार करते बर्फ के पुल को पार करके पहुंचते हैं पवित्र गुफा के नीचे बहती अमर गंगा के तट पर। यहीं से स्नान करके लोग लगभग 100 फुट चौड़ी तथा 150 फुट लंबी उस पवित्र गुफा में जाते हैं, जहां प्राकृतिक पीठ पर हिम निर्मित शिवलिंगम के दर्शन पाकर लोग अपने आप को धन्य समझते हैं। यही हिमलिंग तथा लिंगपीठ ठोस बर्फ का होता है। गुफा में जहां-तहां पानी की बूंदे टपकती रहती हैं लेकिन शिवलिंग एक विशेष स्थान पर बनता है और यह लिंग चंद्र की कलाओं के साथ घटता-बढ़ता है। पूर्णिमा को पूर्ण और अमावस को विलीन हो जाता है। वैसे सोनमार्ग-बालटाल से भी एक रास्ता है जिससे एक दिन में यह यात्रा पूरी की जा सकती है।

# जय बाबा बर्फानी



## कैसे बनता है शिवलिंग, कितनी बड़ी है गुफा

**अमरनाथ** बाबा को बाबा बर्फानी के नाम से भी जानते हैं दस फुट लंबा ठोस बर्फ का शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बनता है, इसे स्वयंभू इस वजह से कहते हैं कई बार भक्तों को कबूतरों का एक जोड़ा दिखाई देता है जिसे अमरत्व का वरदान मिला है

■ पवित्र गुफा में स्थित बाबा अमरनाथ का शिवलिंग स्वयंभू है। यानी शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बर्फ से निर्मित होता है। इसलिए इसे स्वयंभू हिमानी शिवलिंग या बाबा बर्फानी के नाम से भी जानते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर सावन महीने तक पवित्र हिमलिंग के दर्शन के लिए यहां हर साल लाखों लोग आते हैं।

■ गुफा में ऊपर से बर्फ की बूंदें टपकती रहती हैं, जिससे लगभग दस फुट लंबा ठोस बर्फ शिवलिंग का शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बनता है। गुफा की परिधि लगभग डेढ़ सौ फुट है। खास बात ये है कि चन्द्रमा के घटने-बढ़ने के साथ-साथ इस बर्फ का आकार भी घटता-बढ़ता रहता है। श्रावण पूर्णिमा तक शिवलिंग अपने पूर्ण आकार को प्राप्त कर लेता है।

■ गुफा 11 मीटर ऊंची है और इसकी लंबाई 19मीटर और चौड़ाई 16 मीटर है। कश्मीर के श्रीनगर से करीब 135 किमी दूर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए दुर्गम यात्रा करनी पड़ती है। ये समुद्रतल से 13,600 फुट की उंचाई पर स्थित है।

■ मान्यता है कि यहां एक कबूत का जोड़ा हर बार नजर आता है और इस जोड़े का अमरत्वव प्राप्त है। कहा जाता है कि एक बार इस गुफा में माता पार्वती को भगवान शिव ने अमरकथा सुनाई थी और इस अमरकथा को सुनकर सद्योजात शुक-शिशु शुकदेव ऋषि के रूप में अमर हो गये थे।

■ वहीं एक और मान्यता है कि भगवान शंकर जब पार्वती जी को अमरकथा सुनाने ले जा रहे थे तो उन्होंने छोटे-छोटे अनंत नागों को अनंतनाग में छोड़ दिया था और माथे के चंदन को चंदनबाड़ी में उतारा था। साथ ही अन्य पिस्सुओं को पिस्सू टॉप पर और गले के शेषनाग को शेषनाग नामक स्थल पर छोड़ दिया था। ये तमाम स्थल अब भी अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रास्ते में आते हैं।

■ अमरनाथ गुफा में जो भी चढ़ावा चढ़ाया जाता है, उसका चौथाई हिस्सा एक मुसलमान गड़ेरिये परिवार को जाता है, इसके पीछे कारण यह है कि अमरनाथ गुफा का सबसे पहले पता सोलहवीं शताब्दी के पूर्वाध में एक मुसलमान गड़ेरिए के जरिये ही चला था। यही कारण है कि चढ़ावे चौथाई हिस्सा उस मुसलमान गड़ेरिए के वंशजों को मिलता है।

■ पहलगाम जम्मू से 315 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अमरनाथ बाबा की गुफा हिंदू धर्म का सबसे पवित्र स्थान माना गया है। यहां का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है।

■ पहलगाम से यात्रा शुरू हो कर अपने पहले पड़ाव चंदनबाड़ी रुकती है। ये पहलगाम से आठ किलोमीटर की दूरी पर है। पहली रात तीर्थयात्री यहीं रुकते हैं। यहां कैंप में सबको रुकाया जाता है। दूसरे दिन पिस्सु घाटी की चढ़ाई शुरू होती है।

■ पिस्सु घाटी से लिद्दर नदी के किनारे-किनारे पहले चरण की यह यात्रा ज्यादा कठिन नहीं होती लेकिन चंदनबाड़ी से आगे इसी नदी पर बर्फ जमा रहता है और तब यात्रा की कठिनाई का सामना करना होता है।

एक

# अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से 31 अगस्त तक



**सुधांशु कुमार**

**मोदी** सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अमरनाथ तीर्थयात्रियों की यात्रा सुविधाजनक हो और अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर में पूरे तीर्थ यात्रा मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया. गृह मंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही, जहां उन्होंने केंद्र सरकार, सेना और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।

**दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त तक जारी रहेगी।**

बैठक के दौरान, गृह मंत्री ने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि अमरनाथ तीर्थयात्रियों को आराम से ह्यदर्शनह्ल हो और किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े. एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, उन्होंने अधिकारियों को अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए. तीर्थयात्री जम्मू झ कश्मीर में दो मार्गों झ बालटाल और पहलगाम झ से यात्रा करते हैं. बैठक में बताया गया कि सभी तीर्थयात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे ताकि उनकी वास्तविक वर्तमान स्थिति (रियल टाइम लोकेशन) का पता लगाया जा सके और सभी को 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा. तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50,000 रुपये का बीमा कवर होगा।

### श्रीनगर-जम्मू से रात में हवाई सेवा उपलब्ध ?होगी

अमित शाह ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन से तीर्थस्थल आधार शिविर तक के मार्ग पर सुचारू व्यवस्था करने पर जोर दिया और श्रीनगर और जम्मू से रात में हवाई सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. गृह मंत्री ने ऑक्सीजन सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार और उनकी रिफिलिंग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया तथा डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमों की उपलब्धता के लिए कहा. उन्होंने किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में शय्या और एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. शाह ने तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा, ठहरने, बिजली, पानी, संचार और स्वास्थ्य सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए. उन्होंने तीर्थाटन मार्गों पर बेहतर संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने और भूस्खलन की स्थिति में मार्गों को तुरंत खोलने के लिए मशीनों की तैनाती के निर्देश दिए.

### तीर्थयात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा

बयान में कहा गया कि इसके साथ ही यात्रा मार्गों पर तंबुओं से बनी बस्तियों, वाई-फाई हॉटस्पॉट और उचित



रोशनी की व्यवस्था की जाएगी. इसमें कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन-सजीव ह्यबाबा बर्फानी के दर्शनह्ल, पवित्र अमरनाथ गुफा में सुबह और शाम आरती का सीधा प्रसारण और आधार शिविरों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

**इस बार 5 लाख श्रद्धालु अमरनाथ पहुंच सकते हैं**

पिछले साल 3.45 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे और इस साल यह संख्या पांच लाख के पार जाने का अनुमान है. सूत्रों ने कहा कि किसी भी संभावित प्राकृतिक हादसे के खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने श्रद्धालु शिविरों के लिए उपयुक्त जगहों की पहचान शुरू कर दी है. मालूम हो कि पिछले साल भारी बारिश के कारण पवित्र गुफा के पास अचानक आई बाढ़ से 16 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी. सूत्रों के मुताबिक, पवित्र गुफा के ऊपरी हिस्से में हिमनदीय घटनाओं और झीलों के निर्माण का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों से हवाई निरीक्षण करवाए जाने की संभावना है. हिमनदीय घटनाओं और झीलों के निर्माण की वजह से निचले भाग में अचानक बाढ़ आने की आशंका बढ़ जाती है.

**प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए प्रशासन सतर्क**

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल जून में अचानक आई बाढ़ के बाद ही हवाई निरीक्षण करवाया गया था, लेकिन इस बार यात्रा की शुरूआत से पहले और ?दो महीने की तीर्थयात्रा के दौरान नियमित अंतराल पर यह अभ्यास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग एवं उपग्रह, जल विज्ञान और आपदा प्रतिक्रिया में विशेषज्ञता वाली टीम द्वारा हवाई सर्वेक्षण किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि पानी का खतरनाक जमाव दिखने पर पूरे तीर्थ यात्रा मार्ग, खासतौर पर अमरनाथ गुफा के पास के क्षेत्र में आकस्मिक उपाय किए जाएंगे. सूत्रों के अनुसार, अमरनाथ गुफा को जाने वाले दोनों मार्गों-बालटाल और पहलगाम पर भारी बर्फ मौजूद है और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को 15 जून तक बर्फ हटाने का काम सौंपा गया है।



**जम्मू-कश्मीरः अमरनाथ यात्रा से प्रदेश की अर्थव्यवस्था होती है मजबूत,**

मुख्य सचिव ने यात्रा के सुचारू संचालन से संबंधित सिविल कार्यों के बारे में सभी संबंधित विभागों और उपायुक्तों के साथ समीक्षा की। उन्होंने उनसे अपने जिलों में आवास, पानी, बिजली की व्यवस्था और बैकअप योजना की जानकारी ली।

मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता ने अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए नागरिक प्रशासन और पुलिस के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यात्रा धार्मिक उत्साह से भरी है। इसे विकसित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यात्रा का हमारी अर्थव्यवस्था और समग्र संस्कृति दोनों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। यात्रा को यादगार अनुभव बनाना चाहिए। यह भी कहा कि तीर्थ यात्रियों को अधिक दूरी तय करने की जल्दबाजी के बिना प्रकृति की गोद में इस आध्यात्मिक यात्रा का पूरा आनंद लेना चाहिए।

मुख्य सचिव ने यात्रा के सुचारू संचालन से संबंधित सिविल कार्यों के बारे में सभी संबंधित विभागों और उपायुक्तों के साथ समीक्षा की। उन्होंने उनसे अपने जिलों में आवास, पानी, बिजली की व्यवस्था और बैकअप योजना की जानकारी ली। उन्होंने संभागीय और जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आपदा संभावित क्षेत्रों में लंगर, मकान या अन्य कोई सेवा स्थापित नहीं की जाए।

उन्होंने संबंधित डीसी से यात्रा शुरू करने से पहले इसे प्रमाणित करने का आग्रह किया। उन्होंने पवित्र गुफा के मार्ग में सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पर्वतीय बचाव दल के कर्मियों की तैनाती के लिए भी कहा।

डॉ. मेहता ने यह सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया कि प्रत्येक स्थान पर उचित संख्या में शौचालय, कूड़ेदान, सफाई कर्मचारी होने चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से लंगर क्षेत्रों के आसपास आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए आधार शिविरों और अन्य स्थलों को आरामदायक और स्वच्छ बनाने पर जोर दिया।

सभी विभाग लखनपुर से पवित्र गुफा तक पहुंचने तक अपनी





# भारत को हरा ऑस्ट्रेलिया बना टेस्ट का विश्व विजेता

● ऑस्ट्रेलिया पहली टीम बनी जिसने वनडे, टी-20 और टेस्ट यानी इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियनशिप अपने नाम की।

**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड में आज एक बार फिर भारतीय टीम का विश्व विजेता बनने का सपना टूट गया। द ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 209 रनों से हराते हुए पहली बार टेस्ट में विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही वह पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने वनडे, टी-20 और टेस्ट यानी इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियनशिप अपने नाम की। भारत का आखिरी दिन 280 रन बनाए थे और उसके 5 विकेट बचे थे, लेकिन विराट कोहली और जडेजा एक ही ओवर में बोलैंड के शिकार बने और इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम का सपना चकनाचूर होते देर नहीं लगी। टीम इंडिया के फैंस का दिल 10 साल में नौवीं बार टूटा है। भारत पिछली बार 2013 में कोई आईसीसी टूनार्मेंट जीत पाया था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में उसने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया था। उसके बाद से नौ आईसीसी इवेंट में टीम हारी है। इसमें चार बार फाइनल में शिकस्त मिली है।




## इन खिलाड़ियों की वजह से हारा फाइनल, बने फैंस के विलेन!

### शुभमन गिल

टीम इंडिया के इस युवा ओपनर ने आईपीएल-2023 में कमाल का प्रदर्शन किया जिससे उम्मीद थी कि उनकी ये फॉर्म टेस्ट फॉर्मेट में भी जारी रहेगी। हालांकि वह दोनों पारियों में 31 रन (13 और 18) ही बना पाए। दूसरी पारी में उनका विकेट जरूर विवादास्पद रहा लेकिन फिर भी उनकी बल्लेबाजी में वो धार नहीं दिखी, जिसके लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया था।

### चेतेश्वर पुजारा

भारत के टेस्ट स्पेशलिस्ट चेतेश्वर पुजारा का बल्ला दोनों पारियों में खामोश ही नजर आया। पुजारा ने पहली पारी में 25 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 14 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में जब उनसे सबसे ज्यादा उम्मीद थी, तब वह 47 गेंद खेलकर 5 चौकों की बदौलत 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### उमेश यादव

टीम इंडिया का ये पेसर पहली पारी में तो कोई विकेट ही नहीं ले पाया। कप्तान रोहित शर्मा ने तब 5 गेंदबाजों को उतारा लेकिन एकमात्र उमेश यादव ही रहे जो कोई सफलता हासिल नहीं कर सके। उन्होंने तब 23 ओवर गेंदबाजी की और 77 रन दिए। दूसरी पारी में उमेश ने 17 ओवर गेंदबाजी करते हुए 54 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। तब स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट झटके।

## ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल शिविर का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सभी जिलों में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को किया गया। विभिन्न राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में झारखंड वॉलीबॉल टीम की सफलताओं से उत्साहित होकर और नये खिलाड़ियों को संवारने के लिए झारखंड वॉलीबॉल संघ ने राज्य के सभी जिलों में एक साथ बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिये दिनांक चार जून से लेकर 11 जून तक निःशुल्क गृष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। राज्य में कुल 857 खिलाड़ियों ने इन प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया।

जिनमें रांची जिला में चार जगहों पर कुल -124, दुमका जिला में चार स्थानों पर कुल -80,,सरायकेला खरसावां में दो जगहों पर कुल -45,रामगढ़ में दो जगहों पर कुल-60, लोहरदगा में दो स्थानों पर कुल-21, गुमला में एक स्थान पर कुल- 16, खूंटी में एक स्थान पर कुल 25, सिमडेगा में एक स्थान पर कुल-14, जमशेदपुर में एक जगह पर कुल-60, प०सिंहभूम में एक स्थान पर कुल-46, धनबाद में एक स्थान पर कुल- 55, बोकारो में एक स्थान पर कुल -25, हजारीबाग में एक स्थान पर कुल -20, कोडरमा में एक स्थान पर कुल-30,चतरा में एक स्थान परकुल -18,गढ़वा में एक स्थान पर कुल -24, पलामू में एक स्थान पर कुल-30, लातेहार में एक स्थान पर कुल-30, पाकुड़ में एक स्थान परकुल -34, साहेबगंज में दो जगहों पर कुल-40 , जामताड़ा में एक स्थान पर कुल -60 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।



### नीदरलैंड ने भारत को हराया

**आइंडहोवन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ उत्साही प्रदर्शन के बावजूद 2-3 से हार गई। नीदरलैंड के लिए डुको तेलजेनकैंप (सातवां मिनट), बोरिस बुर्कहार्ट (41वां मिनट) और त्जेप होडमेकर्स (43वां मिनट) ने गोल किए, जबकि संजय (18वां मिनट) और गुरजंत सिंह (46वां मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे।

### पाकिस्तान, श्रीलंका में खेला जा सकता है एशिया कप

**नयी दिल्ली।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप से पहले सितंबर में होने वाले एशिया कप 2023 के चार मैच पाकिस्तान में आयोजित हो सकते हैं, जबकि अन्य मुकाबलों के लिये श्रीलंका को तटस्थ आयोजन स्थल चुना जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) इस हफ्ते के अंत तक एशिया कप के आयोजन स्थल की घोषणा कर सकता है।

## रांची में आयुष विभाग का सात दिवसीय योग काउंटडाउन 15 जून से



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को खास बनाने की तैयारी है. आयुष विभाग ने सात दिन पहले से ही सात दिन का योग काउंटडाउन 15 जून से शुरू होगा और 21 जून को इसका समापन होगा। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। गौरतलब हो कि पूरी दुनिया में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। भारत में तो इसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। झारखंड में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस साल झारखंड सरकार के आयुष विभाग ने विशेष तौर पर इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया

**राज्य योग केंद्र में होगा योग का काउंटडाउन**

आयुष विभाग के निदेशक डॉक्टर फजलुर शमी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय योग का काउंटडाउन 15 जून से ईस्ट जेल रोड स्थित राज्य योग केंद्र में शुरू होगा। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के सभी वेलनेस सेंटर में एनजीओ के माध्यम से योग प्रशिक्षक की सेवा ली जा रही है।

## चाईबासा : सेरसा व आरएसबी ट्रांसमिशन ने जीते अपने-अपने मैच

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्मिी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जेएससीए अंतर संस्थानिक टी-20 प्रतियोगिता के ग्रुप-सी के लीग मैच में रविवार को सेरसा चक्रधरपुर ने रुंगटा माइंस लिमिटेड चाईबासा को एक रोमांचक मुकाबले में मात्र चार रन से पराजित कर पूरे दो अंक हासिल किए. जबकि 1.30 बजे से खेले गए दूसरे मैच में आरएसबी ट्रांसमिशन आदित्यपुर की टीम ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 8 विकेट से पराजित कर अपना विजय अभियान शुरू किया। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए पहले मैच में टॉस रुंगटा माइंस के कप्तान अनुराग संजय ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेरसा चक्रधरपुर की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में चार विकेट खोकर 96 रन बनाए. उद्घाटक बल्लेबाज हर्ष राणा ने तीन चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से मात्र 20 गेंदों पर 39 रनों की आक्रामक पारी खेली। वहीं दूसरे उद्घाटक बल्लेबाज सन्नी सचिन तिवारी ने भी मात्र 10 गेंदों पर चार चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 27 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए मात्र 2.4 ओवर में 32 रन जोड़े। एक अन्य बल्लेबाज ए पी कुमार ने 15 रनों का योगदान दिया।

## फॉरवर्ड, डिफेंडर की हिट खिलाड़ी है दीपिका, महिमा, रोपनी

**कुबेर सिंह**

**रांची।** जूनियर एशिया हॉकी कप पर कब्जा दिलाने में झारखंड सिमडेगा की तीन बेटियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। पूरे प्रतियोगिता में सिमडेगा की दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी के जलवे देख पूरा भारत ही नहीं, बल्कि विदेश में भी चर्चा कायम है। खबर मन्त्र इन्हीं तीन खिलाड़ियों की जीवनी पर प्रकाश डाल रहा है।

### बचपन में ही उठ गया था दीपिका का पिता का साया



दीपिका सोरेंग फॉरवर्ड पोजिशन से खेलती है। इस प्रतियोगिता में दीपिका के द्वारा तीन गोल करने का रिकॉर्ड है। एक मैच में वह प्लेयर ऑफ द मैच घोषित हुई है। सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुड़ी सेंबर टोली की रहनेवाली दीपिका का जीवन विपरीत परिस्थिति में गुजरा है। परिस्थिति से जूझते हुए वह आज इस मुकाम तक पहुंची है। बचपन में ही उसके पिताजी का देहांत हो गया था। उस वक्त उसकी मां दूसरे राज्य में दिहाड़ी मजदूरी कर दीपिका का लालन पालन किया। दीपिका सोरेंग इससे पूर्व में भी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है, मात्र नौ वर्ष की उम्र ही दीपिका हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में करगागुड़ी टीम से खेलती थी। 2016 में वह पहली बार राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

### रोपनी कुमारी



रोपनी कुमारी डिफेंडर पोजीशन से खेलती है। हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत तुकुपाणी पंचायत के जामबहार गांव की रहने वाली है। रोपनी कुमारी का जीवन भी काफी संघर्ष भरा चल रहा है। बचपन में ही इसके पिताजी गुजर गए। रोपनी की मां खेती के दिनों में दूसरे के खेतो के मजदूरी कर और बड़ा भाई अन्य प्रदेशों में मजदूरी कर रोपनी सहित परिवार के अन्य सदस्यो का लालन पालन करता है। आज भी उसे काफी आर्थिक अभावों से गुजरना पड़ता है। ओलंपियन सलीमा टेटे की तरह गांव और स्कूल टीम से खस्सी प्रतियोगिताओं से हॉकी की शुरूआत की है। इस प्रतियोगिता से रोपनी पहली बार जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व की है। वह पहली बार 2017 राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। रोपनी फुटबॉल की भी बहुत अच्छी खिलाड़ी रही है।

### एथलीट एंबेसडर सलीमा की छोटी बहन है महिमा टेटे



महिमा टेटे डिफेंडर की पोजिशन से खेलती है और वह सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बरकिछापर गांव की रहने वाली है। महिमा टेटे सिमडेगा जिला की प्रथम महिला ओलंपियन सह एशिया महाद्वीप की एथलीट एंबेसेडर सलीमा टेटे की छोटी बहन है,इसके परिवार की की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी। पिताजी खेती बारी कर तथा माता मिड डे मील का खाना बनाकर अपने बच्चों का लालन पालन किया। महिमा 2018 में राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में पहली बार झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व की। महिमा टेटे इससे पूर्व में भी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम से कई बार विदेश दौरा कर चुकी है।

## झारखंड की खबरें

## झारखंड बंद का दुमका में व्यापक असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नियोजन नीति 60-40 के विरोध में छात्र संगठनों का झारखंड बंद असरदार रहा। आंदोलन को सफल बनाने को लेकर आंदोलनकारी छात्र पूरी रात खुले आसमान के निचे आसियाना बना डटे रहे। दूसरे दिन अहले सुबह होते ही छात्र आंदोलन के माध्यम से हेमंत सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने को लेकर नारे बाजी करते रहे। भीषण गर्मी भी छात्रों का हौसला पस्त नहीं कर पायी और चिल्लचिलाती धूप में भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को सफल बनाने में डटे दिखे। प्रशासन छात्रों को देर रात से ही समझाने के प्रयास में जुटी रही। लेकिन छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 10 एवं 11 जून को संपूर्ण बंदी की समय सीमा तक सड़क से हटने को तैयार नहीं थे। बाद में प्रशासन को अपना कदम पीछे खिचना पड़ा और निर्धारित अवधी तक आंदोलन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहे। छात्र टोली बना रविवार को दिन भर पारंपरिक ढोल-नगाड़ा, लाठी-डंडा से लैश होकर आंदोलन को सफल बनाने को लेकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे फूलो झानो चौक, दुधानी टावर चौक, अम्बेडकर चौक, मेन बाजार, बस स्टैंड आदि स्थानों पर घूम-घूमकर सहयोग का अपी करते रहे। हालांकि बंद शांतिपूर्ण रूप से सफल रहा। किसी प्रकार की बंद समर्थकों और प्रशासनिक अमला में तिखी बहस की सूचना नहीं आयी। बंद समाप्त करीब 4 बजे हुई। छात्र समन्वय समिति सदस्यों ने एक सूर में आंदोलन की सफलता में सहयोग को लेकर विभिन्न संगठनों आभार प्रकट करते हुए सत्ता पक्ष हेमंत सरकार और विपक्ष के राजनीति दलों को वर्तमान नियोजन नीति 60-40 वापस नहीं लेने और स्थानीयता आधारित नियोजन नीति लागू नहीं करने के स्थित में सबक सिखाने की चेतावनी दी है। भविष्य में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी करने, आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव और क्षेत्र में सांसद एवं विधायक का पूरजोर विरोध का चेतावनी दिया है।


विरोध करते छात्र

### प्रशासन ने आपात स्थिति से निपटने के लिए बनायी रणनीति

**दुमका।** नियोजन नीति 60-40 का विरोध एवं खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर छात्रों का 48 घंटे के चक्का जाम के बीच प्रशासनिक अमला का रविवार को पुलिस लाईन मैदान में बैठक हुई। पहले दिन बैक फुट पर रही जिला प्रशासन दूसरे दिन अपनी रणनीति में बदलाव करने को लेकर बैठक की। पुलिस लाइन मैदान में एसडीओ कौशल कुमार और एसडीपीओ मो. नूर मुस्तफा अंसारी के संयुक्त रूप से पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बंदी से निपटने के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस बावत एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि जिले की विधि व्यवस्था भंग नहीं हो इस बाबत निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर विरोध करना छात्रों का हक है। लेकिन विरोध की आड़ में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर बंद समर्थकों को हिरासत में लिया जाएगा।

### पेयजल को ले ग्रामीणों ने मुखिया को घेरा



**दुमका।** भीषण गर्मी में पेयजल की घोर से जुझ रहे शहर से सटे सदर प्रखंड के पुराना पंचायत के इंद्रानगर जरूवाडीह के ग्रामीणों ने मुखिया समेत जनप्रतिनिधियों का रविवार को घेराव किया। ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से पेयजल की समस्या से ग्रामीण जुझ रहे है। नल-जल का कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन पेयजल आपूर्ति संवेदक की मनमानी के कारण पानी की सप्लाई बंद है। संवेदक पर जहां-तहां पाईप लाईन बिछाने और समुचित कनेक्शन नहीं करने का भी आरोप लगाया है। इससे पूर्व पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण उपायुक्त को भी आवेदन लिख चुके है। ग्रामीणों ने पुनः उपायुक्त के नाम त्राहिमाम संदेश भेजा है। इस अवसर पर ग्रामीणों में प्रकाश कुमार राम, मो नईम, प्रवीन कुमार आदि मौजूद थे।

### शॉट सर्किट से लगी आग, लाखों की क्षति



**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा हिजला रोड निवासी राज कुमार गुप्ता के घर में आग लगने से लाखों का नुकसान आंकी गई। आगलगी की घटना उस समय घटी जब घर के सभी सदस्य गांव में ही एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। अगलगी कि इस घटना में एक लाख रुपए नकद समेत कागजात और अन्य समान जल कर रख हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात राजकुमार गुप्ता पूरे परिवार के साथ गांव में एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। देर रात बंद घर में जोरदार आवाज हुई तो लोगों का ध्यान उस घर के तरफ गया। गृहस्वामी सहित स्थानीय लोग एकत्रित हुए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है।

## पेज एक का शेष

### भारत ने रचा इतिहास : पहली ...

खेल समाप्त होने तक भारत 2-1 से आगे रहा और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी साथ महिला टीम एशिया चैंपियन बन गयी। यह टूनार्मेंट का 8वां सीजन है। भारत खिताब जीतने वाला तीसरा देश है। साउथ कोरिया ने सबसे अधिक 4 बार, चीन ने 3 बार टूर्नामेंट पर कब्जा किया है। इस बार यह टूनामेंट 3 से 11 जून तक खेला गया। साल 2012के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय लड़कियों ने पहले ही मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन उन्हें खाता खोलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। पहले क्वार्टर में कोरियाई टीम ने भी दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये, लेकिन वह भी गेंद को नेट में पहुंचाने में असफल रही। कोरिया ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में दो पेनल्टी कॉर्नरों के साथ की। पहली बार नीलम ने शानदार तरीके से गेंद को रोका, जबकि दूसरे प्रयास में माधुरी ने कोरिया का खाता नहीं खुलने दिया। कोरिया को यह चूक भारी पड़ी और 21वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागकर अन्नू ने भारत को शुरूआती बढ़त दिला दी। भारतीय रक्षण पर लगातार दबाव बनाने का फल हालांकि कोरिया को जल्द ही मिला। मैच के 25वें मिनट में पाक ने गोल दागकर कोरिया के लिये स्कोर बराबर कर दिया। कोरिया हाफ टाइम से पहले बढ़त भी बना सकता था लेकिन गोलकीपर माधुरी ने 30वें मिनट में गेंद को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में कोरिया की युजीन ली और नुरिम चोई को ग्रीन काड देखकर दो-दो मिनट के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। कोरियाई पक्ष में कम खिलाड़ी होने के कारण भारत को लय हासिल करने में मदद मिली। भारतीय लड़कियों ने अंतिम क्वार्टर में गेंद को ज्यादा से ज्यादा अपने पास रखने पर ध्यान दिया। भारत ने 59वें मिनट में गोल का प्रयास किया जिसे कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया। अंततः, मैच के आखिरी मिनट में गोल करने के असफल प्रयास के साथ कोरिया 1-2 से फाइनल हार गया।

**हॉकी इंडिया ने की पुरस्कार की घोषणा :** एशिया कप जीतने पर हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। वहीं सहयोगी स्टाफ को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक लाख रुपये मिलेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की ने भारतीय जूनियर महिला टीम को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। एक बयान में टिर्की ने कहा कि हम बेहद गर्व से भरे हुए हैं। प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उनका असाधारण प्रदर्शन वास्तव में आशाजनक रहा है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि प्रत्येक मैच में टीम ने लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। जूनियर एशिया कप में टीम की निरंतर जीत दर्शाती है कि भारत में हॉकी का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। टीम और सपोर्ट स्टाफ को उनके अटूट प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई।

### सभी स्कूल 14...

गर्मी से अभी राहत नहीं, अलर्ट जारी : रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार झारखंड में 16 जून तक हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है। 11 जून से 15 जून तक झारखंड में कुछ जगहों पर हीट वेव की स्थिति रहेगी। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। विभाग ने देवघर समेत 5 जिलों में भीषण गर्मी को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने रविवार को स्पेशल बुलेटिन में कहा है कि सोमवार यानी 12 जून को बाबानगरी देवघर के अलावा गिरिडीह और कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले यानी पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में हीट वेव की स्थित रहेगी। पलामू प्रमंडल के लातेहार को छोड़कर शेष दो जिलों पलामू और गढ़वा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, जामताड़ा और गोड्डा के लिए भी मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड के इन जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी। साथ ही वर्षा और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। 12 से 16 जून के बीच 5 जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, गिरिडीह और देवघर में लोगों को प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ेगी। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए 5 दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ जिला को छोड़कर राज्य के सभी 21 जिलों के लिए ऑरेंज या येलो अलर्ट जारी किया है। 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, तो शेष 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी मध्य भाग जिलों में 12 जून से प्री-मानसून की बारिश हो सकती है।

### मझिआंव सीएचसी की...

एसडीएम राज महेश्वरम ने उस गटर का भी निरीक्षण किया और इस घटना को अमानवीय बताया। उन्होंने प्रसव गृह में ड्यूटी करने वाली स्वास्थ्य महिला कर्मियों से घटना की जानकारी प्राप्त कर उन्हें जमकर डांट फटकार लगायी। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. वीर प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**क्या है मामला :** गौरतलब हो कि मझिआंव निवासी हरिकिशोर विश्वकर्मा की पलामू के रजहारा गांव में ब्याही गयी बेटी मधु देवी (22) को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार को सीएचसी लाया था। जहां पर मधु ने मृत नवजात शिशु को जन्म दिया। इसके बाद उसके परिजन मृत शिशु की अंत्येष्टि के लिए कफन लेने बाजार गये और उधर दाई ने नवजात शिशु को पास में ही कचरा निस्तारण के लिए बने जलते हुए गटर में फेंक दिया गया था।

### राजधानी को छोड़...

दुमका में दूसरे दिन भी पारंपरिक ढोल-नगाड़ा, लाठी-डंडा से लैश होकर आंदोलन को सफल बनाने को लेकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे फूलो झानो चौक, दुधानी टावर चौक, अम्बेडकर चौक, मेन बाजार, बस स्टैंड आदि स्थानों पर घूम-घूमकर सहयोग का अपील करते रहे। बंद शांतिपूर्ण रहा। राजधानी रांची से सटे राहे, सोनाहातु ,सिल्ली, तमाड़ बुंडू बाजार को बंद कराने के बाद झारखंड का लाइफ लाइन रोड एनएच -33 रांची जिला में स्थित टोल प्लाजा गेट बुंडू के पास तीन घंटा जाम रहा। उस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। सिल्ली के इलाके में सुबह से ही समर्थक बंद कराया। रांची के खादगढ़ा से भी नहीं के बराबर बसें निकली ।

### पूर्व नक्सली मसीह...

जब तक सेहत, जब तक संगठन में पूछ : मसीह का मानना है कि संगठन में तभी तक लोगों की पूछ होती है, जबतक सेहत है। बीमार पड़ने का मतलब है जिलल्हो्त, जलालत और तिरस्ने्कार। उसने कहा एक बार जब वह बीमार पड़ा तो उसे देखने वाला कोई नहीं था। संगठन भी इलाज कराने में टाल मटोल करने लगा। इसके बाद कुछ साथियों की मदद से बीहड़ से बाहर निकल चोरी छिपे दस महीने तक इलाज कराया। संगठन के साथी पीछे पड़ गये। एक तरफ कुंआ और दूसरी तरफ खाई। मसीह का कहना है कि पांच विधानसभा क्षेत्र खूंटी, तोरपा, तमाड़, खिजरी, चक्रधरपुर के एमएलए तय करते थे उग्रवादी। जिसपर संगठन का हाथ, वह बन जाता था एमएलए। संगठन में एनसीसी कैडेट्स और आर्मी के भगोड़े को तवज्जो दी जाती है, क्योंकि उनको ट्रेनिंग नहीं देनी पड़ती है।

**सात जून को हुआ ओपीडी सेवा का शुभारंभ :** जियारप्पा गांव में बिरसा इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल का ओपीडी सेवा सात जून को शुरू कर दिया गया। खूंटी उपायुक्त शशि रंजन ने बिरसा इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल के ओपीडी सेवा आरंभ होने पर कहा कि यह अस्पताल आदिवासी बहुल इलाका में मील का पत्थर साबित होगा। अस्पताल के माध्यम से क्षेत्र के गरीब असहाय सुविधाविहीन एक एक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

स्पीड न्यूज

## नेपाल की संसद में प्रधानमंत्री प्रचंड के इस्तीफे की मांग

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी (आरपीपी) के सांसद ज्ञान बहादुर शाही ने रविवार को संसद में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' के इस्तीफे की मांग की। शाही ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में युद्ध अपराधों से जुड़ी याचिका स्वीकार होने के बाद प्रचंड को नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ देना चाहिए।

## अभिनेता मंगल ढिल्लों का निधन

**नयी दिल्ली।** सीरियल और फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता मंगल ढिल्लों का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे। वह करीब एक महीने से लुधियाना के एक अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान उसकी हालत और बिगड़ गयी। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा ने उनके निधन की खबर की पुष्टि की। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर मंगल ढिल्लों के निधन की जानकारी दी है। मंगल का एक सप्ताह बाद जन्मदिन था।

## चाय-नाश्ते पर खर्च में विवादों में घिरे सीएम मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को खाने के बिल पर घेरने वाले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद चाय-नाश्ते के बिल को लेकर विवादों में घिर गये हैं। महज 14 महीने में मुख्यमंत्री कार्यालय का करीब 31 लाख रुपये से अधिक का चाय-नाश्ते का बिल आ गया है। पटियाला निवासी गुरजत सिंह गोपालपुरी ने आरटीआइ के जरिए यह जानकारी हासिल की है।

## असम में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** असम के शोणितपुर जिला में रविवार को रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया है। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार रविवार को 11 बजकर 35 मिनट 58 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया था।

## इंडिगो विमान पाकिस्तान के एयर स्पेस में पहुंचा

**चंडीगढ़।** अमृतसर हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला विमान खराब मौसम के कारण गलती से पाकिस्तान पहुंच गया। करीब आधा घंटा पाकिस्तान की सीमा में रहने के बाद विमान वापस भारतीय सीमा में आ गया।

## बंगाल के श्रीधाम मंदिर पर हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना और नदिया जिले में रहने वाले शरणार्थी मतुआ समुदाय के श्रीधाम मंदिर पर हमले का आरोप सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं और समर्थकों पर लगा है। इसे लेकर विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने हमले से संबंधित दो वीडियो रविवार को ट्विटर पर साझा किया है।




पुणे में अपनी पत्नी के साथ प्रसिद्ध मिसलपाव का आनंद लेते जापान के राजदूत हीरोशी सुजुकी। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर मिसलपाव का आनंद लेते हुए फोटो भी शेयर की है। इस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपको हमारे देश के खानपान की विविधता का आनंद लेते हुए देखा, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।

# 76 साल के हुए लालू प्रसाद, परिवार संग आधी रात में मनाया जन्मदिन

**पटना (हि.स.)।** बिहार के गोपालगंज में 11 जून, 1948 को पैदा हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद रविवार को 76 वर्ष के हो गये। उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। जन्मदिन की पूर्व संध्या से ही उन्हें जन्मदिन की बधाइयां मिल रही हैं। लालू के पारिवारिक के सदस्यों ने शनिवार आधी रात सबसे पहले केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।

लालू प्रसाद ने बेटियों के बच्चों संग देर रात केक काटा। इसकी तस्वीर भी उनकी बड़ी बेटी मीसा भारती ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। लालू ने राबड़ी आवास पर रविवार सुबह कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ भी केक काटा। मीसा भारती ने लालू प्रसाद के जन्मदिन सेलिब्रेशन की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, भगवान करे आपकी जिंदगी के आने वाले साल ऐसे ही खुशी और आनंद से भरे रहे। सबसे अच्छे पापा को जन्मदिन मुबारक हो! तस्वीरों में लालू प्रसाद पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित बेटियों और नाती-नातिनों के साथ केक काटते दिख रहे हैं।



तेजस्वी यादव ने भी पिता के जन्मदिन पर उन्हें सामाजिक न्याय का महानायक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, देश-विदेश में बिहार का नाम रोशन करने वाले, मजबूत शख्सियत एवं दृढ़ व्यक्तित्व के धनी, सामाजिक न्याय के प्रणेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी को अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

रोहिणी आचार्या जन्मदिन से एक दिन पहले शनिवार रात पटना पहुंचीं। इस दौरान रोहिणी पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गयीं और कहा कि लोग चारों धाम की यात्रा के लिए जाते हैं, लेकिन मेरे लिए चारों धाम यहीं पर हैं। मैं उनके दर्शन करने आयी हूं।

# केंद्र का अध्यादेश दिल्ली के लोगों का अपमान : केजरीवाल

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी की 'महारैली' का हुआ आयोजन, कपिल सिब्बल भी हुए शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े अध्यादेश को लेकर रविवार को यहां रामलीला मैदान में केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले दिल्ली पर 'वार' हुआ और अन्य राज्यों के लिए भी इसी तरह के अध्यादेश लाये जायेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की 'महारैली' को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि केंद्र का अध्यादेश दिल्ली के लोगों का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अध्यादेश कहता है कि दिल्ली में प्रजातंत्र नहीं होगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मंच पर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि 12 साल पहले इसी मैदान से भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। अब एक बार फिर तानाशाह सरकार को खत्म करने के लिए इस मैदान पर इकट्ठा हुए हैं। आज तानाशाही के खिलाफ लड़ाई शुरू कर रहे हैं और जीतेंगे भी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के हक में फैसला दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुप्रीम कोर्ट को क्यों नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि चुनी हुई सरकार को काम करने का अधिकार होना चाहिए। आज संविधान को बचाने के लिए आंदोलन शुरू हो रहा है।




आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, दिल्ली में तानाशाही होगी और उपराज्यपाल सर्वोच्च हैं। जनता जिसे चाहे वोट दे सकती है, लेकिन दिल्ली को केंद्र सरकार ही चलायेगी। उन्होंने कहा, मैं देशभर में यात्रा कर रहा हूं और मैं दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि वे अकेले नहीं हैं। भारत के 140 करोड़ लोग उनके साथ हैं। आप नेता ने दावा किया कि दिल्ली 'वार' का सामना करने वाला पहला शहर है। वे राजस्थान सहित अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे अध्यादेश ले आयेंगे।

केजरीवाल ने कहा, मैं सवाल करना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में लंबे समय से सत्ता में हैं, जबकि केजरीवाल की सरकार आठ साल से है, दोनों में से किसने लोगों के लिए ज्यादा काम किया है। आप की महारैली में राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल भी शामिल हुए। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता कायम करने पर जोर दिया।

इधर, आप की महारैली में राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल भी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे विपक्षी दलों को खत्म करने में लगे हुए हैं। सिब्बल ने कहा कि अगर विपक्षी दल एकजुट नहीं हुए, तो वे विपक्ष का खात्मा कर देंगे। सिब्बल ने दिल्ली सरकार के अधिकारों पर जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार का हमेशा प्रयास रहा है कि चुनी हुई सरकार की सारी ताकत उसके हाथ में रहे। लेकिन, दिल्ली की जनता को अरविंद केजरीवाल पर भरोसा है। सिब्बल ने कहा कि आज लोकतंत्र और भाईचारा खतरे में है। आज सभी विपक्षी दलों को मिलकर मोदी जी का सामना करना होगा।

### हमारे पास 100 सिसोदिया, 100 जैन हैं

**मनीष** सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने कहा कि दोनों नेताओं को राष्ट्रीय राजधानी में काम रुकवाने के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे पास 100 सिसोदिया, 100 जैन हैं। वे अच्छे काम जारी रखेंगे। बता दें कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जहां दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के आरोप में इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, जैन को पिछले साल मई में धनशोधन (मनी लांड्रिंग) मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## जनता के पैसे की लूट आम आदमी पार्टी का एकमात्र लक्ष्य : भाजपा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनकी पार्टी का एकमात्र लक्ष्य जनता के पैसे की लूट है। सांसद मनोज तिवारी और सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) आम आदमी के लिए नहीं है। पार्टी का लक्ष्य है कि पैसे कमाना और दिल्ली की जनता को लूटना। लेकिन, भाजपा का ये संकल्प है कि हम इसके हर भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे। केजरीवाल ने आज कहा कि उनके पास 100 मनीष सिसोदिया और 100 सत्येंद्र जैन हैं। इसका मतलब है कि पूरी पार्टी में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने राजनीतिक पर्यटक का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया है। वे केवल देश के कोने-कोने में घूमते रहे हैं।

# चक्रवात बिपरजॉय ने पकड़ा रौद्र रूप, 6 राज्य चपेट में

### अगले 5 दिन भारी बारिश की चेतावनी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/अहमदाबाद।** चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' ने अपना रौद्र रूप पकड़ लिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने पांच दिनों तक केरल में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आइएमडी का कहना है कि बिपरजॉय बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इधर, अरब सागर में चक्रवात बिपरजॉय को लेकर गुजरात के समुद्र तटीय जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। राज्य के सभी बंदरगाहों पर मंगलवार-बुधवार से ही खतरे का सिग्नल जारी किया गया है। 15 जून तक इसे गुजरात के समुद्र तट पर टकराने का अनुमान है।

'बिपरजॉय' का प्रभाव छह राज्यों, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, लक्षद्वीप, गुजरात के साथ-साथ पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी पड़ेगा। मौसम विभाग के 11 जून (रविवार) को अलप्पुझा, एनाकुलम, त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड के लिए और 12 जून को कन्नूर और कोझिकोड के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले शनिवार को मौसम विभाग ने कहा था कि अरब सागर में आ रहा चक्रवात बिपरजॉय अगले 24 घंटे में और खतरनाक हो सकता है। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के चलते आइएमडी ने गुजरात, केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप में मछुआरों को समुद्र में जाने से मना किया गया है। गुजरात के वलसाड में तीथल बीच को 14 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के रत्नागिरी, रायगढ़, ठाने, पालघर, कोल्हापुर में तेज आंधी की आशंका जतायी गयी है।

मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि चक्रवात बिपरजोय अरब सागर में केंद्रभूत है। यह पोरबंदर के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 450 किमी की दूरी पर है। हमारा पूवार्नुमान इसके उत्तर में बढ़ने का है। यह 15 जून की दोपहर तक कच्छ के तट को पार करेगा।

इधर, चक्रवात बिपरजॉय पाकिस्तान के कराची तट पर दस्तक दे रहा है। इसे देखते हुए पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रविवार को लोगों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी जारी की है।

# चीन के दुश्मन वियतनाम को भारत देगा ब्रह्मोस, सौदा फाइनल होने के करीब

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चीन-पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारत और वियतनाम की दोस्ती भी अब गाढ़ी होने लगी है। दक्षिण चीन सागर में ड्रैगन की बढ़ती दादागीरी के बीच भारत और वियतनाम के बीच रक्षा संबंध और ज्यादा मजबूत हो रहे हैं। फिलीपींस के बाद अब वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने के करीब है। भारत की यात्रा पर 19 जून को आ रहे वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग के साथ इस संभावित सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

भारत और रूस के सहयोग से विकसित की गयी ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली पर आधारित है। रूसी सरकार ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस किसी तीसरे देश को निर्यात करने की अनुमति दे दी है। इसी के बाद फिलीपींस, वियतनाम, मिस्र, इंडोनेशिया और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में बहुत रुचि दिखाई है। फिलीपींस ने पिछले साल सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का भारत के साथ सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा किया था। रूस से ब्रह्मोस के निर्यात की अनुमति ऐसे समय मिली है, जब चीन के पड़ोसी देश वियतनाम से भारत की दोस्ती का रंग गाढ़ा हो रहा है। इसी का नतीजा है कि अब वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने के करीब है, जो दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने का संकेत है। सूत्रों ने बताया कि वियतनाम से ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन से पांच इकाइयों के बीच ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।




## सीएसए के मौसम वैज्ञानिक ने कहा- अल नीनो से भारत में गर्म और शुष्क दिनों में इजाफा होगा

**कानपुर (हि.स.)।** अल नीनो की वजह से अक्सर दक्षिण अमेरिका, मध्य एशिया और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में बारिश अधिक होती है। इससे इन इलाकों में आखिरकार सूखे की स्थिति खत्म होने की उम्मीद जगती है। हालांकि, इस जलवायु पैटर्न के कारण ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सों में सूखे का जोखिम बढ़ सकता है। कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि इसी हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ने चेतावनी दी थी कि अल नीनो के कारण भारत में गर्म और शुष्क दिनों में इजाफा होगा। ऑस्ट्रेलिया पहले ही जंगलों की आग के प्रति बेहद संवेदनशील है। जापान ने भी वसंत में रिकॉर्ड गर्मी के लिए अल नीनो को जिम्मेदार बताया है।

## मॉडल के ऊपर गिरा लोहे का लाइटिंग सेट, मौत

**नयी दिल्ली/नोएडा।** नोएडा के फिल्म सिटी में फैशन शो के दौरान रविवार को बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, मॉडल वंशिका चोपड़ा (पुत्री पवन चोपड़ा) के ऊपर लाइटिंग का सेट गिर गया। इसमें मॉडल सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। नोएडा के सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल में इलाज के दौरान 24 वर्षीय मॉडल की मौत हो गयी। वहीं, दूसरे व्यक्ति बॉबी राज की स्थिति गंभीर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 'नाथुला टाइगर' कर्नल बिशन सिंह का निधन

**जयपुर (हि.स.)।** भारतीय सेना में नाथुला टाइगर के नाम से विख्यात कर्नल बिशन सिंह राठौड़ का रविवार सुबह यहां निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह ग्यारह बजे सीकर रोड स्थित मोक्षधाम में पूरे सैन्य सम्मान से किया जायेगा। कर्नल राठौड़ कुछ दिनों से बीमार थे। एक निजी अस्पताल में वे भर्ती थे। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह दस बजे उनके निवास स्थान से रवाना होकर सीकर रोड मोक्षधाम पहुंचेगी। बिशन सिंह का जन्म 10 नवंबर 1938 को नागौर जिले की नावां तहसील के भगवानपुरा गांव में हुआ। पिलानी के बिरला साइंस कॉलेज से स्नातक करने के बाद 1961 में वे सेना में भर्ती हुए। उन्होंने भारत-चीन युद्ध में नाथुला में सेना की टुकड़ी की कमान संभाली। युद्ध के दौरान हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गये, पर उनकी टुकड़ी के अदम्य साहस से चीन की सेना को वापस लौटना पड़ा। इसीलिए बिशन सिंह को 'नाथुला टाइगर' के नाम से जाना जाता है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त करें!
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, B. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102820, 9431174445

# प्रधानमंत्री ने पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में रविवार को पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण बढ़ाना, भेदभाव को दूर करना और सेवा आपूर्ति बढ़ाना प्रगति के लिए आवश्यक है।

बता दें कि देशभर में प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।



सम्मेलन में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों, क्षेत्रीय और मंडल प्रशिक्षण संस्थानों तथा अनुसंधान संस्थानों सहित प्रशिक्षण संस्थानों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विचार-विमर्श में केंद्र सरकार के विभागों, राज्य सरकारों, स्थानीय सरकारों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं।

यह सभा विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी, चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों की पहचान करेगी तथा क्षमता निर्माण के लिए कार्रवाई योग्य समाधान पेश करेगी और व्यापक रणनीति तैयार करेगी। सम्मेलन में आठ पैनल चर्चाएं होंगी, जिनमें से प्रत्येक प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों से संबंधित प्रमुख विषयों, जैसे संकाय विकास, प्रशिक्षण प्रभाव मूल्यांकन और कंटेंट डिजिटलीकरण आदि पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## भारत कम उत्पादन लागत वाले देशों की सूची में अव्वल

**नयी दिल्ली।** सबसे कम उत्पादन लागत वाले देशों की सूची में भारत दुनिया में पहले नंबर पर है। चीन और वियतनाम भारत से पीछे दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत का पड़ोसी बांग्लादेश छठे स्थान पर है। हाल ही, में वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर दुनिया में सबसे कम उत्पादन लागत वाले 50 देशों की सूची जारी की है। इस सूची में भारत, चीन, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, कंबोडिया, मलेशिया, श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस